राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 02 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 123, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

निर्माणाधीन ओवरब्रिज से टकराई यात्री बस लगभग 45 यात्री सुरक्षित, बस चालक गंभीर रूप से घायल...03

ग्राम पंचायत डिहुआ कला में नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर धांधली के आरोप...06

## वित्त मंत्री ने खींची 'विकसित भारत' की नई लकीर

**● मध्यम वर्ग को राहत के संकेत, देश में दौड़ेगी हाई-स्पीड रेल**




**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए देश की आर्थिक दिशा और विकास की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया। 'विकसित भारत ञ्च2047' के दीर्घकालिक लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए प्रस्तुत यह बजट ऐसे समय आया है, जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बना हुआ है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में इसे 'स्थिरता, सुधार और रफ़्तार का संतुलित संगम' बताया। सरकार ने एक ओर राजकोषीय घाटे को त्रष्ठक्कके 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे, रोजगार और डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने पर विशेष ज़ोर दिया गया है।

**वित्त मंत्री का संदेशः 'अंतिम छोर तक विकास'**

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेशः हाई-स्पीड रेल से बदलेगी तस्वीर

देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ले जाने के लिए बजट में बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 12.2 लाख करोड़ का आवंटन किया है, जो अब तक का सबसे बड़ा निवेश माना जा रहा है।

बजट में सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की गई है, जो प्रमुख औद्योगिक, आर्थिक और पर्यटन केंद्रों को आपस में जोड़ेंगे। इससे यात्रा का समय घटेगा, लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ-साथ वंदे भारत ट्रेनों के नेटवर्क को 1,000 ट्रेनों तक विस्तार देने की योजना है। दूरदराज़ और दुर्गम क्षेत्रों के लिए 50 नए हेलीपोर्ट और सी-प्लेन सेवाएं शुरू की जाएंगी।

**युवा शक्ति और स्टार्टअप्सः डिजिटल अर्थव्यवस्था पर फोकस**

बजट 2026 में युवाओं और नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। क्रिएटर इकोनॉमी और ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर को औपचारिक रूप से आर्थिक गतिविधि के रूप में मान्यता दी गई है।

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए देशभर के 15,000 स्कूलों में कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित की जाएंगी, जहाँ छात्र एआई, डिजिटल मीडिया और तकनीकी कौशल सीख सकेंगे।

इसके साथ ही गेमिंग और सेमीकंडक्टर सेक्टर के लिए 10,000 करोड़ का विशेष फंड घोषित किया गया है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की उम्मीद जताई जा रही है।

**खेती और नारी शक्तिः ग्रामीण भारत पर ज़ोर**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती देने के लिए बजट में कृषि और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत किसानों को मौसम, फसल और बाज़ार से जुड़ी सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला सशक्तिकरण के लिए 'लखपति दीदी' योजना का विस्तार किया गया है। इसके तहत देशभर में 5,000 'साश्च-मार्ट्स' स्थापित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए सीधा बाज़ार मिलेगा।

**बजट का सीधा असरः क्या सस्ता, क्या महंगा**

बजट के बाद मोबाइल फोन, लैपटॉप और उनके पुर्ज़ों के सस्ते होने की उम्मीद है, जिससे डिजिटल उपकरणों की पहुंच बढ़ेगी। इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरियों पर राहत से हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। कैंसर की दवाएं और जीवन-रक्षक उपकरण सस्ते होने से स्वास्थ्य क्षेत्र को राहत मिलेगी। वहीं, सिगरेट, बीड़ी और तंबाकू उत्पाद महंगे होंगे। आयातित लग्ज़री कारों, निजी जेट, चांदी के आभूषण और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर कर बढ़ाकर सरकार ने गैर-ज़रूरी और पर्यावरण-विरोधी वस्तुओं पर सख़्ती का संकेत दिया है।

**विशेषज्ञों की राय-** अर्थशास्त्री डॉ. अरविंद मेहता के अनुसार, 'बजट 2026 स्थिरता और विकास का संतुलित दस्तावेज़ है। टैक्स स्लैब में बदलाव न कर सरकार ने वित्तीय अनुशासन का संदेश दिया है, जबकि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भारी निवेश दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को मजबूती देगा। '

**जनता की राय**

**सचिन बाजपेई (लखनऊ):** 'मोबाइल, लैपटॉप और दवाइयों के सस्ते होने से आम परिवार को राहत मिलेगी। कैंसर की दवाओं पर टैक्स कम करना सराहनीय कदम है। '

**राजीव कुमार शुक्ला (लखनऊ):** 'गेमिंग और सेमीकंडक्टर सेक्टर को फंड मिलने से स्टार्टअप्स और युवाओं दोनों को फायदा होगा। '

**डॉ. अजीत कुमार दीक्षित**
**असिस्टेंट प्रोफ़ेसर- समाजशास्त्र**
वर्तमान बजट में भविष्य की नींव पर विकसित भारत का खाका तैयार करने का प्रयास किया गया है । वंचित वर्ग के समावेशी विकास का लक्ष्य रखा गया है । आयात शुल्क घटाने से इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं एवं दवाइयों आदि की कीमतों में कमी होगी जिससे आम जनता को राहत पहुँचाने का प्रयास किया गया है लेकिन इसके साथ ही आयकर दाताओं के लिए कोई अतिरिक्त छूट न दिये जाने से आयकर दाताओं को निराश भी किया । आधारभूत संरचना को मज़बूत करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में भारतीय उद्योग विशेषतः लघु उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने का प्रयास किया गया हैं।

## माघ मेला में मौनी अमावस्या पर 2 करोड लोगों के स्नान करने का दावा, एक महीने का कल्प वास समाप्त

दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज प्रयागराज में एक माह तक चले गंगा स्नान माघी पूर्णिमा के साथ समाप्त हो गया। प्रशासन ने दावा किया है कि दो करोड़ से अधिक लोगों ने पूर्णिमा पर स्नान किया इसमें साधु संत कल्पवासी के अलावा आसपास के जिलों के श्रद्धालु भी गंगा में डुबकी लगाकर अपनी मनोकामना पूर्ण की स्नान आज भोर से प्रारंभ हुआ ।घने कोहरे के कारण सुबह थोड़ी भीड़ कम थी लेकिन जैसे-जैसे मौसम साफ होता गया वैसे-वैसे भीड़ बढ़ती गई और प्रशासन के आशा के विपरीत यह संख्या करोड़ों में पहुंच गई ।एक साधु मोनी बाबा ने डेढ़ किलोमीटर लो टकर संगम पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई ।1 माह तक कल्पउपवास कर रहे कल्पवासी लाखों की संख्या में आज अंतिम स्नान करके अपना कल्पवास का व्रत पूर्ण किया मेले में आए साधु संत और महंत भी माघी पूर्णिमा पर अंतिम स्नान करके अपने गंतव्य को जाने की तैयारी करने लगे हैं।






**पुलिस की व्यवस्था चारों ओर चाक चौबंद**

थी भीड़ को देखते हुए जगह-जगह बैरिकेडिंग लगाई गई थी और भीड़ को डायवर्ट किया जा रहा था। लेकिन यह ध्यान रखा जा रहा था कि श्रद्धालुओं को बहुत दूर में चलना न पड़े और ना उनके साथ कोई दुर्व्यवहार हो। नान के समय कोई भी दुर्घटना की सूचना नहीं प्राप्त हुई और माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ आज माघ मेला का एक माह का पर्व समाप्त हो गया। इस बार दो संत इस मेले में बहुत ही चर्चित हुए जिसमें एक सेतुआ बाबा तथा दूसरे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद। सेतुआ बाबा अपने हाई प्रोफाइल लग्जरी गाड़ियों और के लिए आकर्षण के केंद्र में रहे साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा उन्हें महिमा मंडित करने के कारण प्रशासन और जनता के बीच में उनका रुतबा देखने लायक था 3 करोड़ से लेकर लाखों की गाड़ियां उनकेशिविर के सामने चमचमाती हुई खड़ी रहती थी। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी जाती थी। जिलाधिकारी प्रयागराज उनक शिविर में रोटी सकते हुए कैमरे के सामने पकड़े गए और वह वीडियो वायरल हुआ जिस पर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने सार्वजनिक रूप से उनकी खिंचाई की और कहा था कि सतुआ बाबा के रोटी सेकने से काम नहीं चलेगा मेले का प्रबंध देखिए ।जिस पर काफी राजनीतिक प्रतिक्रिया हुई। मुख्यमंत्री ने आकर बाबा के पंडाल में गए और वहां उन्होंने एक समारोह को संबोधित भी किया तथा बाबा के साथ जाकर के गंगा में स्नान किया जिससे पूरा उनका रुतबा बड़ा ।

दूसरे संत शंकराचार्य स्वामी अभी मुक्तेश्वर आनंद के मौनी अमावस्या के दिन स्नान के रोके जाने पर चर्चा में रहा जब उनके साथ जा रहे छोटे-छोटे बटुकों को पुलिस ने रोक कर दुर्व्यवहार किया और उनकी पिटाई की जिस पर भारी रोष हुई और शंकराचार्य जी इसके विरोध में बिना स्नान किये वापस लौटे और 11 दिन तक अपने शिविर में प्रवेश न करके सड़क पर ही धरने पर बैठे रहे। जिसको लेकर के पूरे प्रदेश में राजनीतिक बवाल पैदा हो गया और सत्ता पक्ष और विपक्ष केसाथ-साथ जनता में भी शंकराचार्य के साथ किए गए माघ मेला प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की गई। इस प्रकार यह मेला बहुत दिनों तक याद भी किया जाएगा और अन्य माघ मेला से यह मेला दूसरे रूप में भी चर्चा में हमेशा बना रहेगा।

## चुनावी रारः ममता बनर्जी बनाम मुख्य चुनाव आयुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और निर्वाचन आयोग के बीच चल रहा गतिरोध अब देश की शीर्ष अदालत की दहलीज पर पहुँच गया है। मुख्यमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेशों की अनदेखी की है।

» विवाद की मुख्य वजहः SIR और मतदाता सूची

» ममता बनर्जी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग द्वारा बंगाल में चलाया जा रहा Special Intensive Revision (SIR) अभियान पूरी तरह से 'असंवैधानिक और पक्षपाती' है। याचिका में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं को उठाया गया हैः

» डेटा में हेरफेरः आरोप है कि निर्वाचन आयोग का पोर्टल अवैध रूप से नियंत्रित किया जा रहा है और वास्तविक मतदाताओं का नाम सूची से हटाने के लिए डेटा के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

» माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की नियुक्तिः मुख्यमंत्री ने राज्य में 8,100 माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं, जिन्हें वह 'अवैध' मानती हैं।

» कोर्ट के आदेश की अवमाननाः याचिका में कहा गया है कि 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का आदेश दिया था, जिसका पालन नहीं किया गया।

**140 मौतों का गंभीर दावा**

» मुख्यमंत्री ने अपने हालिया पत्रों और याचिका में यह चौंकाने वाला दावा भी किया है कि इस दोषपूर्ण पुनरीक्षण प्रक्रिया के कारण बंगाल में अब तक 140 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने इसे 'मानवाधिकारों का उल्लंघन' बताते हुए चुनाव आयोग पर जानबूझकर बंगाल के लिए अलग नियम बनाने का आरोप लगाया है।

**आगे क्या?** सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर जल्द सुनवाई कर सकता है। वहीं दूसरी ओर, निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और वह केवल त्रुटियों को सुधारने का काम कर रहा है। 2026 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले शुरू हुई यह कानूनी लड़ाई राज्य की राजनीति में नया उबाल लेकर आई है। 'हम बंगाल के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे। अगर आयोग निष्पक्ष नहीं है, तो हमें न्याय के लिए उच्चतम न्यायालय जाना ही होगा।'– ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

## अज्ञात कारणों से छात्रा ने लगाई फांसी, मौत



**हमीरपुरः–** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी गणेशा निषाद की 17 वर्षीय पुत्री रेशमा ने अपने ही घर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।शाम के समय जब रेशमा की मां कमरे में पहुंची तो बेटी को फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। आवाज सुनकर पड़ोसी और परिजन मौके पर पहुंचे। मृतका के चाचा जगना ने आनन-फानन में रस्सी काटकर रेशमा को नीचे उतारा और उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतका के पिता गणेशा निषाद सूरत में मजदूरी करते हैं। परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री थी। रेशमा मौदहा के एक स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।


# कार्यालय नगर पंचायत मदनपुर, देवरिया

स्वच्छमदनपुर। स्वस्थ मदनपुर।






**स्वच्छ सर्वेक्षण-2026**
**स्वच्छ भारत मिशन! एक कदम स्वच्छता की ओर।**
**स्वच्छता ही सेवा है, गन्दगी जानलेवा है।**
**आइये।**

मिलकर करें गन्दगी दूर, स्वच्छ हो अपना मदनपुर।
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर

**समस्त नगर वासियों को मंगलमय जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं**

**विकास के पथ पर अवसर नगर पंचायत मदनपुर अपने नागरिको से निम्नलिखित अपेक्षाएं करता है**

1. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ सुन्दर बनाये रखने में अपना सक्रिय योगदान दें।
2. कूड़ा गाड़ी द्वारा कूड़ा उता लिए जाने के पश्चात सड़कों पर कूड़ा कदापि न रखें।
3. नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वाना डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है. नगर को स्वच्छ रखने में सहयोगार्थ गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग करके कर्मचारियों को दें।
4. स्वच्छ पर्यावरण हेतु सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय अथवा व्यक्तिगत शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच न करें।
5. पथ प्रकाश के बिन्दुओं को क्षति न पहुंचायें ये निशा काल में आपके पथ प्रदर्शक है।
6. अतिक्रमण एक संज्ञेय अपराध है, सड़कों एवं नालियों को अतिक्रमण मुक्त रखें।
7 नगर पंचायत में अपने परिवारजनों के जन्म-मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर पंजीयनोपरान्त निःशुल्क प्रमाणपत्र प्राप्त करें।
8. अपने भवन के गृहकर, दुकान किराया आदि बकाया करों का भुगतान समय से अवश्य करे।
9. भवन आदि निर्माण कार्य मानचित्र स्वीकृति के पश्चात ही करें।
10. नली, सडक जलजमाव सापा-सफाई सभी शिकायत नगर पंचायत मदनपुर के टोल फ्री नम्बर 1533 पर तथा नीपिटक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नम्बर 14420 पर फोन कर दर्ज करायें।
11. पॉलिथीन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें, पालीथीन का प्रयोग कदापि न करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मदनपुर
देवरिया।

अध्यक्ष
नगर पंचायत
मदनपुर देवरिया।


## विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लिए अध्ययन के साथ-खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग करना चाहिए

**● कैंब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** नगर पंचायत स्थित कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अपर महाधिवक्ता इलाहाबाद उच्च न्यायालय श्री नीरज त्रिपाठी जी रहें। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग करना चाहिए। मुख्य अतिथि के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी जी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, राधा गोरी गोरी, चार युग, नारी शक्ति, ऑपरेशन सिंदूर, अनपढ़ बहु, स्वच्छ भारत अभियान, शिव तांडव, राज करेगा मलिक आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने वहां पर उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि जैसे गोपाल दास गुप्ता, अरविन्द केसरवानी, पंकज गुप्ता, अनिल मिश्रा एडवोकेट हाईकोर्ट, सोमनाथ वर्मा,आबिद अली, दीपक केसरवानी, आनंद द्विवेदी, रामानुज अग्रहरि, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, अनूप केसरवानी, शिवराम सिंह परिहार, पप्पू सुसारी, पत्रकार आलोक गुप्ता, मनीष सुसारी, छेदीलाल, एन एस के के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक धर्मराज कुशवाहा एवं इमरान अहमद ने किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्रसाशनिक अधिकारी बालेंद्र पांडे, शिक्षक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश ,इमरान अहमद, पंकज मिश्रा ,पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, दीपक केसरवानी, नरेश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, धर्मराज कुशवाहा, बृजेश मिश्रा, आभा मिश्रा, प्रीति सेन, वंदना शुक्ला, रीतू सुसारी,सिम्मी गुप्ता,रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी,ऊषा सिंह, सीमा सिंह, रूचि शुक्ला, निहारिका सेन, सोमवती विश्वकर्मा, अंजू गुप्ता, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जन आरोग्य मेले में 146 मरीजों का हुआ उपचार, ठंड से बचाव की दी गई सलाह



**सिद्धार्थनगर-** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर पर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 146 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। मेले में तैनात डॉ. एस.सी. शर्मा ने 124 मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने लोगों को ठंड से बचाव के लिए जागरूक करते हुए कहा कि ठंड के मौसम में अलाव जलाकर उसके पास बैठें, पैरों के तलवों में तेल लगाएं तथा खान-पान में लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि खांसी, जुकाम, सर्दी, नजला व टाइफाइड जैसी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। वहीं न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा रामनाथ कठौतिया में आयोजित जन आरोग्य मेले में डॉ. राहुल कुमार ने 22 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श देते हुए दवाएं उपलब्ध कराईं। उन्होंने बताया कि घरों में बच्चों की नियमित रूप से गुनगुने तेल से मालिश करें, उन्हें सादा व गर्म भोजन दें तथा ठंड से बचाव के सभी उपाय अपनाएं। इस अवसर पर फार्मासिस्ट राकेश कुमार, त्रिशुल चतुर्वेदी, राजू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### श्रीदत्तगंज ष्ट।।ष्ट में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं:डेंगू प्रोटोकॉल की जांच में कुछ कमियां भी चिन्हित हुईं



बलरामपुर के श्रीदत्तगंज स्थित ईटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान डेंगू नियंत्रण प्रोटोकॉल के अनुपालन, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। कुल मिलाकर, केंद्र की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।हालांकि, निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां भी चिन्हित की गईं। इन कमियों को तुरंत दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डेंगू से बचाव और उपचार से संबंधित सभी व्यवस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, ताकि मरीजों को कोई असुविधा न हो।निरीक्षण के समय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आनंद त्रिपाठी, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय और इपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ. श्याम श्रीवास्तव मौजूद रहे। अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

### विद्यालय अच्छे नागरिकों के निर्माण की कार्यशाला है - शिक्षक विधायक



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा अन्तर्गत स्थित विश्वबंधु संस्कृत माध्यमिक विद्यालय घुघुलिया के जर्जर हो चुके भवन के ध्वस्तीकरण के बाद नए भवन के निर्माण के लिए 'प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने रविवार को शिलान्यास किया।इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से विद्यालय के नए भवन के निर्माण के लिए नींव में ईंट रखकर शिक्षक विधायक ने ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने शिलान्यास करते हुए कहा कि विद्यालय केवल ईंट पत्थर से बनी एक इमारत मात्र नहीं है, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों और एक शिक्षित भविष्य की आधारशिला होते हैं।जहां की कक्षाओं में पीढ़ियां पढ़ लिखकर देश और समाज के उन्नति में भागीदारी सुनिश्चित कराती हैं।उन्होंने कहा कि विद्यालय अच्छे नागरिकों के निर्माण की कार्यशाला है जहां नौनिहालों को शिक्षा और संस्कार के माध्यम से नई ऊंचाइयाँ प्राप्त होती हैं। विद्यालय भवन के शिलान्यास अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनूप छापड़िया, प्रधानाचार्य डॉ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, निर्मल छापड़िया, नरेंद्र छापड़िया, आनंद छापड़िया, ओंकार पांडेय, राकेश पांडेय, रामेश्वर पाण्डेय, मयंक पांडेय, गोपाल अग्रहरी, महेश छापड़िया, गोपाल दास छापड़िया आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# ढाबे के काउंटर से चोरी के 20 हजार रुपये के साथ गैर जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती ।** बस्ती जिले केथाना परसरामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाबे के काउंटर से हुई चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने चोरी की गई 20 हजार रुपये की नकद राशि के साथ एक गैर जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना परसरामपुर में मुकदमा संख्या 32/2026 धारा 305ए व 317(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने वांछित अभियुक्त शोभित अवस्थी उर्फ भीमा, निवासी ग्राम प्रिया कोडर, थाना मछरेहटा, जनपद सीतापुर, उम्र लगभग 35 वर्ष, को शुक्रवार दोपहर करीब 12:50 बजे मड़ेरिया तिराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष परसरामपुर विश्व मोहन राय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी घघौआ और पुलिस टीम द्वारा की गई। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। 2 गिरोहबंद अधिनियम के फरार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर गांव में मुनादी, उद्घोषणा चस्पा थाना लालगंज, जनपद बस्ती में पंजीकृत मुकदमा संख्या 30/24, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित छह फरार अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी उद्घोषणा आदेश की तामील थाना मुंडेरवा पुलिस नें थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में कराई मामले में अभियुक्त जहुरे पुत्र हीरा, सिंधु उर्फ नूरजहाँ पत्नी अब्दुल उर्फ व्यापारी, मिठ्ठू पुत्र जहुरे, सद्दाम हुसैन उर्फ कुद्दन पुत्र मोहम्मद कुद्दुस, अली हुसैन उर्फ सोनू पुत्र मोहम्मद कुद्दुस और एकलाख हुसैन उर्फ मोनू पुत्र कुद्दुस, सभी निवासी ग्राम रौतापार, थाना लालगंज, लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इन अभियुक्तों के विरुद्ध पहले गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसके बाद न्यायालय द्वारा 6 जनवरी 2026 को धारा 84 बीएनएसएस के तहत उद्घोषणा आदेश जारी किया गया। आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम ने ग्राम रौतापार में ढोल-नगाड़े के माध्यम से मुनादी कराई और पंचायत भवन सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उद्घोषणा आदेश चस्पा किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि अभियुक्त एक माह के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध धारा 85 बीएनएसएस के तहत कुर्की की कार्रवाई कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1693 मरीजों को मिला उपचार




**बलरामपुर।** जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1693 मरीजों को उपचार मिला। लाभार्थियों में 789 पुरुष, 756 महिलाएं और 148 बच्चे शामिल रहे। मेलों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया में आयोजित मेलों का निरीक्षण किया।

# संदिग्ध हालत मे मिली युवक की लाश पुलिस कर रही है जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के चिलवनिया गांव में जगदीश यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 25 वर्ष बताई गई है। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह और गायघाट चौकी प्रभारी राकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया और जरूरी पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया।

पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगदीश शनिवार रात भोजन करने के बाद सोने गया था, लेकिन रविवार भोर में घर की महिलाओं ने देखा वह वहां नही था। ग्रामीणों ने घर से लगभग सौ मीटर दूर झाड़ियों में स्थित एक बेल के पेड़ के पास उसका शव देखा। परिजनों ने बताया कि जगदीश कृषि से स्नातक था। वह पूर्व में मुंडेरवा चीनी मिल में गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत था। करीब डेढ़ वर्ष पहले उसका स्थानांतरण पिपराइच हो गया था, जिसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी और घर पर ही रहने लगा। वह छह भाइयों में पांचवें नंबर पर था और अविवाहित था। थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

**बस्ती जिले में आत्महत्या**

बस्ती जिले में साल 2021 में 44 पुरूष, 26 महिलायें (योग 70), 2022 में 64 पुरूष 41 महिलायें (योग 105), 2023 में 56 पुरूष 39 महिलायें (योग 95), 2024 में 59 पुरूष 43 महिलायें (योग 102), तथा 2025 में 21 नवम्बर तक 53 पुरूषों तथा 45 महिलाओं (योग 98), ने निराश होकर अपनी जीवनलीला खत्म कर लिया। जोड़ने पर 2021 से 21 नवम्बर 2025 तक यह संख्या कुल 470 होती है। इनमे 276 पुरूष तथा 194 (योग 470), महिलायें हैं। ये आंकड़े बढ़ते हुये क्रम मे हैं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

# केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश व अमेठी के विकास को नई दिशा देने वाला-सुधांशु शुक्ला

### ●वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता ने भी की बजट की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी, अमेठी जनपद इकाई ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए आम बजट का स्वागत करते हुए इसे जनकल्याणकारी, विकासोन्मुखी एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताया है।केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गौरीगंज सहित जनपद के सभी प्रमुख स्थानों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा टेलीविजन एवं अन्य माध्यमों से सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों में बजट को लेकर उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु



शुक्ला ने कहा कि 'केंद्र सरकार का यह बजट किसान, युवा, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग सभी के लिए आशा और अवसर लेकर आया है। बजट में कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे अमेठी जनपद को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। 'वहीं भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने कहा कि 'यह बजट गरीब कल्याण, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण का संतुलित दस्तावेज है। युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा ग्रामीण व शहरी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से अमेठी सहित पूरे देश को व्यापक लाभ मिलेगा। यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करता है। 'भाजपा अमेठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक और सशक्त कदम है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ला ने भी बजट की सराहना की, इस अवसर पर गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडे, जिला महामंत्री केशव प्रसाद सिंह, प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा,जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित होकर प्रस्तुत बजट को सुना।

# खिचड़ी भोज मे जुटा ब्राह्मण समाज, एकता पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की ओर से खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्माणाधीन परशुराम मंदिर में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प0 अशोक कुमार शुक्ल ने कहा कि यह खिचड़ी सामाजिक समरसता का असली उदाहरण है, भारत का सर्व समाज एक साथ खड़ा है। संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री शम्भू नाथ मिश्र ने कहा कि खिचड़ी तो एक बहाना है समस्त सनातनी समाज को एक साथ लाना है, आज हम ब्राह्मणों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है सदियों से ब्राह्मण ने सर्व समाज का मार्गदर्शन किया है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा0 वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज समाज को तोडने बांटने की साज़िश राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है। हमारे पूर्वजों ने समाज संचालन की मजबूत संरचना का निर्माण किया था जो सबसे बुद्धिमान और विद्वान थे




वह ब्राह्मण थे जिन्होंने ने कर्म के अनुसार समस्त समाज को उचित और सम्मानित स्थान दिया था सभी कार्य महत्वपूर्ण थे

जिलाध्यक्ष नवीन दूबे ने कहा कि हम समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए कृतसंकल्प हैं निरंतर इस कार्य के लिए तत्पर हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य नारायण शुक्ल कहा कि जिस प्रकार खिचड़ी में मुख्य घटक चावल है इसके साथ तमाम सब्जियां, दालें, मसाले एक साथ मिलाकर तैयार किया जाता है ऐसी ही संरचना हमारे समाज की है जैसे खिचड़ी में नमक ज्यादा हो जाये तो खिचड़ी का स्वाद खराब हो जाता है बस इसी तरह समाज की भी है उन्होंने इशारे-इशारे में आजके वर्तमान परिवेश को समझा दिया। मंच संचालन मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अभिनव उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, रा0 संयुक्त मंत्री विजय विहारी तिवारी, प्रशांत पांडेय, संजय कुमार शुक्ल,सदर विधायक महेन्द्र यादव, डा0 आशीष नारायण त्रिपाठी, दुर्गेश मिश्र, आलोक मिश्रा, अशोक मिश्रा, शम्भू नाथ शुक्ल, श्री गोपाल त्रिपाठी, कर्नल के ही मिश्र, जटा शंकर शुक्ल, जगदीश शुक्ल, सूर्य मणि पाण्डेय, आयुष शुक्ल, सुनील पाण्डेय, पी एन दूबे, भावेश पाण्डेय, पंकज त्रिपाठी, लल्लू पाण्डेय, सतीश सोनकर, पूर्व विधायक दयाराम चैधरी, सरजू प्रसाद शुक्ल, अखिलेश दूबे, दयाशंकर मिश्र, राधेश्याम पाण्डेय, राजाराम तिवारी, मनमोहन तिवारी, अजीत शुक्ल, नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, दयाशंकर शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी, अश्वनी श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ल,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत परिवार परामर्श केंद्र में दो पारिवारिक विवादों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर-** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक सौहार्द को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अंतर्गत बलरामपुर पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र, बलरामपुर में आयोजित बैठक के दौरान दो पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। यह बैठक पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई, जिसमें पारिवारिक विवादों से संबंधित पत्रावलियों पर विस्तार से विचार किया गया। परामर्शदाताओं द्वारा की गई सक्रिय




मध्यस्थता के फलस्वरूप पति-पत्नी एवं उनके परिजनों के बीच आपसी सुलह एवं समझौता कराया गया।

दोनों पक्षों ने पुराने मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में साथ रहने की सहमति जताई तथा प्रेम और सहयोग के साथ जीवन की नई शुरुआत करने का संकल्प लिया। परामर्शदाताओं ने दंपतियों को आपसी समझ, धैर्य एवं बड़ों के सम्मान के साथ पारिवारिक जीवन को आगे बढ़ाने की सलाह दी। इस पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, देवतादीन दूबे, महिला थाना प्रभारी पूनम यादव तथा महिला कांस्टेबल मनीषा वर्मा, गुलअफ्शा बानो, हेमा एवं पूजा का विशेष योगदान रहा। निस्तारित मामलों में (1) महरुन्निशा बनाम नुरुल्ला (थाना हरैय्या, जनपद बलरामपुर) (2) दीपाली बनाम संजय कुमार (थाना महाराजगंज तराई, जनपद बलरामपुर) शामिल रहे। परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर बलरामपुर पुलिस ने एक बार फिर नारी सम्मान, सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक सौहार्द की दिशा में अपनी संवेदनशील और सराहनीय भूमिका को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया है।

# भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

### ●विधायक सुरेश पासी व जिला उपाध्यक्ष सहित हजारों भक्तगण कलश यात्रा में रहे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार (अमेठी)।** श्री महावीरन मंदिर समिति पूरे भोजा अंदीपुर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा के उपलक्ष्य में रविवार को महावीरन धाम से एक भव्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और उल्लास से परिपूर्ण इस कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता देखने को मिली।कलश यात्रा में विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शुकुल बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष पं. राम उंजेरे शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए।श्रद्धालुओं ने आदि गंगा गोमती नदी के रेछ घाट से विधिवत कलशों में पवित्र जल भरकर शोभा यात्रा के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर कलश की स्थापना की। जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति संगीत से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।

समिति द्वारा जानकारी दी गई कि अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास उमेश त्रिपाठी जी महाराज के श्रीमुख से 1 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री राम कथा का अमृतपान कराया जाएगा। 8 फरवरी को पूर्णाहुति एवं 9 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।कलश यात्रा में प्रमुख रूप से एडवोकेट प्रमोद शुक्ला, त्रिलोचन पांडे, राजा पांडे, हरिविलास पांडे, राहुल तिवारी, विश्व प्रकाश शुक्ला, शिक्षक अनूप तिवारी, भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, मास्टर सुधीर शुक्ला, शिव नायक सिंह, युवा नेता शुभम शुक्ला, लवलेश शुक्ला, संतोष तिवारी, राजेंद्र मिश्रा,पत्रकार दीपक पाठक, पत्रकार विकास शुक्ला सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षक प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र का गर्म जोशी से हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय,इन्दिरा भवन पर रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में शीर्ष नेतृत्व व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी,उ.प्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय एवं उ.प्र.कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता एवं रामपुर खास की विधायक श्रीमती आराधना मोना की संस्तुति पर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अमित कुमार राय ने तिलक इण्टर मीडिएट कालेज,प्रतापगढ़ के प्रवक्ता काशी नारायण मिश्र को शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने के उपरान्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में माला पहनाकर अंग वस्त्रम भेंट कर लड्डू खिलाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया गया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि 'संगठन सृजन अभियान' के माध्यम से चुनिन्दा लोगों को कांग्रेस के फ्रंटल,विभाग एवं प्रकोष्ठ में जगह मिल रही है।आज राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी एवम उ.प्र. कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्र मोना ने नवनियुक्त शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र से फ़ोन से वार्ता करके बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।नव नियुक्त शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष काशी नारायण मिश्र ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश व उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा।जिला अध्यक्ष के रूप में जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है जल्द से जल्द कमेटी गठित कर शीर्ष नेतृत्व को भेजकर संस्तुति कराकर जनहित में शिक्षको की भूमिका के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करूंगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम, नगर अध्यक्ष मो.इस्तियाक, जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्र, जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वासिम,अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ.दीपक शुक्ल, रहमान नेता, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,जिला सचिव विजय प्रताप त्रिपाठी, सुधीर तिवारी, राम धन यादव,राजू खान, जिला सचिव फतेह बहादुर सिंह,जिला सचिव सुधांशु शुक्ल, जिला सचिव आशिक अली,जिला सचिव मो. दिलशाद, जमाल, राम मनोहर, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दुर्गा मंदिर से कीमती घंटे चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** थाना पूराकलां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उगरपुर स्थित प्रसिद्ध दुर्गा माता मंदिर से देर रात अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर के कीमती घंटे चोरी कर लिए गए। चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए मंदिर परिसर में दाखिल हुए और माता रानी के मंदिर में लगे घंटे उतारकर फरार हो गए। सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे ग्रामीणों को जब घंटों के गायब होने की जानकारी हुई तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना से ग्रामीणों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और लोगों में रोष व्याप्त है। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को अवगत कराया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने, दोषियों की गिरफ्तारी तथा मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# हरैया नगर पंचायत में स्व. रणजीत सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

### ●उद्घाटन मैच में सिद्धार्थनगर ने विक्रमजोत को 28 रनों से हराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैयानगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू द्वारा आयोजित स्वर्गीय रणजीत सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को बीआर इंटर कॉलेज परिसर में उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच में चंद्रदीप घाट सिद्धार्थनगर ने विक्रमजोत को 28 रनों से हराया। टूर्नामेंट का शुभारंभ राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ. रामनरेश सिंह मंजुल और कप्तानगंज विधायक कवींद्र चौधरी अतुल ने किया। अतिथियों ने स्वर्गीय रणजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर खेल का विधिवत आग़ाज़ किया। उद्घाटन मैच में सिद्धार्थनगर के कप्तान मोहम्मद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सिद्धार्थनगर ने निर्धारित 10 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए। जवाब में उतरी विक्रमजोत की टीम 6 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी, जिससे सिद्धार्थनगर ने 28 रनों से जीत दर्ज की।

सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी सैफ को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। सैफ ने 15 गेंदों पर 26 रन बनाने के साथ ही तीन ओवर में 45 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट भी लिए। विक्रमजोत की ओर से सत्यप्रकाश ने 33 गेंदों में 11 छक्के जड़ते हुए शानदार 77 रनों की पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. रामनरेश सिंह मंजुल ने कहा कि रणजीत सिंह एक सच्चे समाज सेवक थे और उनकी स्मृति में यह आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय है। विशिष्ट अतिथि कवींद्र चौधरी अतुल ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान दया शंकर मिश्र, मदन सिंह, अशोक सिंह, थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह, सुभाष त्रिपाठी, मो. शहजाद, धर्मध्वज सिंह सभासद, उदय प्रताप सिंह, रमाकांत पांडेय, कृपा शंकर शुक्ल, वरुण सिंह, अतुल तिवारी, सत्य प्रकाश, कुलदीप श्रीवास्तव, यूनुस, रत्नेश पांडेय, राहुल सिंह, दुर्गेश, राम जी सोनी, संगल चौहान, रोहिताश्व सिंह, सत्येंद्र सिंह, गौरव सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, नमन सिंह, सुमित सिंह, आलोक वर्मा, राकेश सिंह, राहुल सिंह, कृष्णा सिंह, शशांक पाण्डेय और मनीष सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्माणाधीन मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने दिया चोरी को अंजाम

**बिसवां सीतापुर** निर्माणाधीन मकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। पीड़ित ने 112 डायल कर पुलिस को जानकारी दी और कोतवाली में तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बिसवां के मोहल्ला रायगंज में रविवार तड़के अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर 5 बंडल सिंचाई पाइप, 3 पंखे डिब्बा सहित नए, 4 बंडल केबल वायर 4 एमएम, 4 इलेक्ट्रिक मशीन कारपेंटर की और हार्डवेयर का सामान पार कर दिया। रायगंज निवासी राजेश कुमार घर से कुछ दूर अमरनगर रोड रायगंज पुलिया के पास एक मकान बनवा रहे हैं। निर्माण कार्य अंतिम दौर में है। राजेश ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात चोर मकान में घुसकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

# निर्माणाधीन ओवरब्रिज से टकराई यात्री बस लगभग 45 यात्री सुरक्षित, बस चालक गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां मिश्रिख से यात्रियों को लेकर अयोध्या जा रही एक यात्री बस महमूदाबाद में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के आरओबी से टकरा गई। हादसे के समय बस में लगभग 45 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई हालांकि बस चालक को गंभीर चोटें आई हैं। वही बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे अंधेरा होने के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई थी। इसी बीच चालक को निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर बने डायवर्जन संकेतक न लगा होने से मार्ग का सही अंदाजा नहीं लग सका और बस अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज के हिस्से से टकरा गई टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल चालक दिनेश कुमार को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महमूदाबाद भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई है।

बस में सवार अन्य यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ घटना की जानकारी मिलते ही महमूदाबाद भाजपा विधायक आशा मौर्य मौके पर पहुंचीं। उन्होंने निर्माणाधीन ओवरब्रिज के डायवर्जन पर रेडियम संकेतक और पर्याप्त चेतावनी बोर्ड न होने पर नाराजगी जताई विधायक ने इस संबंध में जिलाधिकारी सीतापुर से फोन पर बात कर मौके की स्थिति से अवगत कराया और भविष्य में ऐसे हादसों से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम भी तत्काल मौके पर पहुंची क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाया गया, जिससे यातायात बहाल हो सका। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन की ओर से निर्माण कार्य स्थल पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा किए जाने की बात कही गई है ताकि कोहरे और रात के समय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके!!

### विद्युत उपकेंद्र पर कार्य कर रहे कर्मचारियों पर गुपचुप तरीके से गलत आरोप लगाकर कार्य से हटा दिया गया



**लखनऊ** राजाजीपुरम विद्युत उपकेंद्र पर कार्य कर रहे कर्मचारियों पर गुपचुप तरीके से गलत आरोप लगाकर कार्य से हटा दिया गया जिसका साथी कर्मचारियों ने हटाने का दिनांक 31 जनवरी 2026 के शाम 4 बजे से विरोध शुरू कर दिया गया जो आज भी जारी है जिससे बहुत से उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है इसके बावजूद भी कोई भी अधिकारी उन कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने तक के लिए तैयार नहीं है बल्कि अधिकारियों द्वारा टेलिफोनिक धमकियां दी जा रही है जिससे टकराव बढ़ने कि संभावना है। सभी कर्मचारी अपने साथी कर्मचारियों के वापसी के लिए तटस्थ है।

## महिला ने मालगाड़ी के सामने कूदकर दे दी जान परिजनों कारण नहीं कर सके स्पष्ट, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के कोतवाली बिसवां क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां क्षेत्र के गांव राजा करनाई निवासी छोटकनी पत्नी राजेंद्र ने रेलवे ट्रैक पर जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। महमूदाबाद की ओर से सीतापुर की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि महिला अचानक रेलवे ट्रैक पर पहुंची और ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जीआरपी और कोतवाली बिसवां पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है हालांकि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों का कहना है कि महिला के इस कदम से वे पूरी तरह स्तब्ध हैं और उन्हें इस बात का कोई अंदेशा नहीं था परिजनों ने फिलहाल किसी भी प्रकार के पारिवारिक विवाद या अन्य कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है हर कोई इस दुखद घटना से आहत है और परिवार को ढांढस बंधाने की कोशिश कर रहा है गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर महिला ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है!!

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अर्पिता ने किया जनपद का नाम रोशन, हासिल किया द्वितीय स्थान



**मिश्रिख(सीतापुर)** मेला मैदान में स्थित एस.पी.ए. पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा अर्पिता ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद सीतापुर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह परीक्षा जनपद स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 35 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इतनी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के बीच अर्पिता की यह सफलता अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है।अर्पिता की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि अर्पिता शुरू से ही मेहनती, अनुशासित एवं अध्ययनशील रही है। यह सफलता उसकी लगन, निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है।विद्यालय प्रबंधन ने अर्पिता को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी भारतीय संस्कृति, संस्कार और ज्ञान के प्रति आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही विद्यालय परिवार ने अर्पिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अर्पिता की इस सफलता पर अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाइयाँ दीं।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट जमकर चले लाठी डंडे एक युवक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महरिया गांव में रविवार को रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया जो देखते ही देखते हंगामे में तब्दील हो गया। घटना को लेकर गांव में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। विवाद के दौरान एक युवक के घायल गया, जिसे उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जानकारी के अनुसार गांव में खेत के किनारे से निकलने वाले रास्ते को लेकर ओम प्रकाश मिश्रा और दूसरे पक्ष के गुलाम अली व हनीफ अली के बीच काफी समय से कहासुनी चली आ रही थी। बताया जा रहा है कि गांव के अंदर रास्ते को लेकर पहले से बैरिकेडिंग लगाई गई थी जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी थी। इसी बात को लेकर रविवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने खेत के किनारे लगी बैरिकेडिंग को उखाड़ दिया इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक युवक को चोट लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गांव के ही चार लोगों पर विवाद और मारपीट में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। घटना का वीडियो किसी ग्रामीण ने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया, जो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सदरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में पुलिस की निगरानी बनी हुई है और हालात सामान्य बताए जा रहे हैं!!

### कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित



**महराजगंज/रायबरेली:** विगत माह की भांति इस माह भी 1फरवरी 2026 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पी?सी? इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड दिनेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 फरवरी को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड दिनेश सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बी.ओ. राजेश कुमार राय, ए.सी.सी. बुध्दिसेन शर्मा, होमगार्ड राम प्रताप यादव, मेवा लाल गौड़, अनुज सिंह, रामदास यादव, शिवकरन यादव, रामकुमार सिंह, सतीश प्रताप सिंह, लाल मोहम्मद, कमलाकांत शास्त्री, तेज कुमार, सुरेश कुमार यादव, शिव शंकर मिश्रा, रामकुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, ईशामोहम्मद, छिट्ई प्रसाद, राम यश मौर्या सहित आदि उपस्थित रहे।

## कब्जेदारो ने पुलिस- राजस्व टीम पर किया पथराव लेखपाल समेत कई लोग घायल, तीन नामजद व 20 अज्ञात पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सिधौली कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात अवैध निर्माण रुकवाने गई पुलिस और राजस्व टीम पर पथराव का मामला सामने आया है जिसमें लेखपाल सहित पुलिसकर्मी घायल हो गए। पथराव के दौरान सरकारी वाहन के शीशे भी टूट गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हालात को काबू में करने के बाद उप जिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा और क्षेत्राधिकारी सिधौली मोहन कपूर कुमार भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में लिया है बताया जाता है कि राजस्व व पुलिस टीम ग्राम पंचायत सिंहपुर में स्थित जीसस मिशन स्कूल में हो रहे कथित अवैध निर्माण को रुकवाने पहुंची थी जैसे ही टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण करना चाहा आरोप है कि स्कूल प्रबंधन और उनके समर्थकों ने बवाल शुरू कर दिया। देखते ही देखते पुलिस व राजस्व टीम पर जान से मारने की नीयत से पथराव शुरू कर दिया गया इस हमले में लेखपाल और पुलिसकर्मियों को चोटें आई, जबकि सरकारी गाड़ी को भी क्षति पहुंची बताया जा रहा है कि विजयलक्ष्मी नगर निवासी सत्य प्रकाश ने बीते बुधवार को उप जिलाधिकारी सिधौली को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि जीसस मिशन स्कूल प्रबंधन उनकी जमीन गाटा संख्या 9 पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कर रहा है शिकायत पर लेखपाल को मौके पर भेजा गया था, जहां पहले भी विवाद और मारपीट की स्थिति बन चुकी थी। बताया जाता है बीती रात फिर से अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी इसी दौरान यह हिंसक घटना हुई। लेखपाल जितेंद्र सिंह की तहरीर पर सिधौली कोतवाली पुलिस ने स्कूल प्रबंधक सरवन, विल्सन, प्रधानाचार्य नाओमी सहित तीन नामजद और करीब 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है!!

## श्रीमद्भागवत कथा का भक्तिमय समापन, श्रीराम विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर

**● सातवें दिन कथा व्यास श्री श्री 108 हेमराज सिंह यादव जी महाराज ने धर्म**

**मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का किया विस्तार से वर्णन, विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूसेपुर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। कथा के सातवें एवं अंतिम दिन कथा व्यास श्री श्री 108 हेमराज सिंह यादव जी महाराज ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन मूल्यों का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम के पावन विवाह प्रसंग का सजीव वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित क्षेत्रीय महिला-पुरुष श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने अपने प्रवचनों में बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और कर्तव्यबोध का सर्वोच्च उदाहरण है। उनका विवाह प्रसंग केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देता है कि धर्म के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सफल और सार्थक बनाया जा सकता है। महाराज श्री के श्रीमुख से निकले धर्मोपदेशों ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया और वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ग्राम पंचायत मूसेपुर के ग्राम प्रधान प्रेमचन्द्र लोधी के सौजन्य से आयोजित की गई, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचते रहे। समापन अवसर पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम प्रधान प्रेमचन्द्र लोधी ने इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं, कथा व्यास एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत मूसेपुर सदैव धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आगे बढ़कर सहयोग करती रहेगी। कथा के समापन पर पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लेकर अपने-अपने घरों को लौटे।

### राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद में मनाई गई शिरोमणि संत रविदास जयंती



**सीतापुर** विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय प्रशासनिक कार्यालय महमूदाबाद (एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल परिसर, मोहल्ला रमुआपुर, महमूदाबाद, जनपद सीतापुर) में शिरोमणि संत रविदास जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल कार्यालय लखनऊ कार्यालय प्रभारी श्री सुधीर कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक माननीय एस.एस. दिनकर द्वारा संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धूप-दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शिवदास, तहसील संयोजक महमूदाबाद ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों एवं सामाजिक योगदान पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। वहीं अशोक कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष महमूदाबाद ने संत रविदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रवि लाल रस्तोगी राष्ट्रीय महा सचिव,मोहम्मद कासिम खान कादरी (प्रधानाध्यापक, एम.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल), विवेक कुमार, अनिल कुमार वर्मा, प्रियंका गुप्ता, पिंकी कश्यप सहित ट्रस्ट के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा, समरसता एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत रहा।

## 'फंटूरा फिएस्टा ',एस जे एस का भव्य आयोजन- अभिभूत हुये अभिभावक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ व बहुचर्चित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस. जे. एस. पब्लिक स्कूल, लालगंज में आयोजित फंटूरा फिएस्टा कार्यक्रम हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के गेट पर अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात मेले के लिए टोकन वितरण किया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मेले में बच्चों द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, वेशभूषा और विशेषताओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं मेले में लगे फूड कॉर्नर ने सभी का ध्यान खींचा, जहां स्वाद और जानकारी का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जंगल सफारी रहा, जिसमें शेर, चीता, भालू, जिराफ आदि के मॉडल अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। साथ ही ग्रामीण अंचल की ऐतिहासिक झांकी एवं ऐतिहासिक धरोहरों का प्रदर्शन भी दर्शकों को खूब भाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के विभिन्न पदों पर आधारित अलग-अलग प्रदर्शनों ने सभी को प्रभावित किया। इसके अलावा आम, केला, सेब जैसे फलों के महत्व पर बच्चों द्वारा किया गया मनमोहक प्रदर्शन सराहनीय रहा।तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह द्वारा हवा में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर तथा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक, बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, जिससे कार्यक्रम में पारिवारिक सहभागिता की सुंदर झलक देखने को मिली।

खेल प्रतियोगिताओं में बस्ट द बैलूंस, फेस रिकग्निशन, पारले-जी एंड मिल्क रेस, मेकअप रेस, जेलीफिश रेस, मेकिंग द गार्लैंडिंग, सर्च द की एंड ओपन द लॉक, होमवर्क रेस, ऑरेंज पील ऑफ रेस, बनी रेस, रिंग रेस, हूलाहूप रेस, सॉफ्टी रेस, कैच द फ्लावर रेस, पील ऑफ वेजिटेबल रेस, नीडल थ्रेड रेस, फाइंड द कॉइन रेस आदि शामिल रहीं।

प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंध समिति से प्रत्येक वर्ष ऐसे ही रोचक ज्ञानवर्धक तथा शिक्षाप्रद कार्यक्रम करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुति के उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग की सराहना की।

## 'पर्वतीय महा परिषद भवन' गोमती नगर विस्तार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार में विराट हिंदू सम्मेलन डॉ0 मृदुल शुक्ल के संयोजन में गोमती नगर विस्तार स्थित श्रीराम बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन 'पर्वतीय महा परिषद भवन' गोमती नगर विस्तार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ मनकामेश्वर मंदिर की महंत, पूज्य दिव्या गिरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला इकाई-जूना अखाड़ा) ने हिंदू समाज को एकता, समरसता और जागरूकता का प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एकता और समरसता ही हमारी वास्तविक शक्ति है। प्रेम, भाईचारे और आपसी समझ से ही समाज और राष्ट्र आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धीरेंद्र (विभाग सह संपर्क प्रमुख) ने संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संघ ने अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखा है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में लिए गए पंच परिवर्तन के संकल्प की भी विस्तार से जानकारी दी।

### सेवानिवृत्त होमगार्ड का भावभीनी विदाई समारोह



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली में कार्यरत ताराचंद यादव के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को फायर स्टेशन परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रभारी फायर स्टेशन मुकेश गिरि के सानिध्य में संपन्न हुआ। विदाई समारोह में कंपनी के समस्त होमगार्ड जवानों ने सेवानिवृत्त कर्मी ताराचंद यादव को सम्मानपूर्वक विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर होमगार्ड राजहंस, मनोज कुमार, रामेश्वर तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, अनिल कुमार यादव, मानसिंह, सर्वेश यादव, मनोज सोनकर, अजय शंकर एवं ओमकार, महेश सहित अन्य जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ताराचंद यादव के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव को याद किया।

## भीषण सड़क हादसा: खड़े डंपर में ट्रक घुसा, ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड की दर्दनाक मौत

**● डलमऊ रोड पर लालबेग का पुरवा बहाई मोड़ के पास हादसा, चालक का पैर कटा, क्लीनर गंभीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर लालबेग का पुरवा बहाई मोड़ के पास रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक में सवार होमगार्ड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ट्रक चालक फैसल अख्तर (30) निवासी प्रतापगढ़ और क्लीनर अनस (21) निवासी मझुवापुर जसवारा प्रतापगढ़ खींरो थाना क्षेत्र के परसादखेड़ा सगुनी निवासी होमगार्ड रामनाथ यादव (55) को बैठाकर लालगंज की तरफ आ रहे थे। सड़क किनारे खड़े डंपर से ट्रक टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का अगला हिस्सा दूसरे डंपर की बॉडी में बुरी तरह फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन के जरिए उसे हटाया गया। पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों की मदद से ट्रक में फंसे तीनों को बाहर निकाला गया। उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने होमगार्ड को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना में इसमें चालक का बायां पैर कट गया है। क्लीनर के सिर में गंभीर चोट आई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



**कोतवाली नगर थाना में तैनात थे होमगार्ड रामनाथ**

मृतक रामनाथ यादव कोतवाली नगर थाना में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। ड्यूटी पूरी कर वह ट्रक से घर लौट रहे थे। परिवारी लोगों ने बताया कि वह रोज बस और ट्रेन से आवागमन करते थे। कभी कभार वाहनों में लिफ्ट लेकर आते थे। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। पत्नी कांति देवी, बेटे लवकुश व अंशु बेटियां ज्योति और सुधा रो-रो कर बेहाल है। बेटे लवकुश का विवाह हो चुका है।

## सरयू में मिला अपहृत बालक का शव, 25 जनवरी से था लापता; गांव में पसरा मातम

**बलिया।** सहतवार थाना क्षेत्र से अपहृत 10 वर्षीय बालक का शव शनिवार शाम सरयू नदी में उतराता मिला। शव सहतवार व रेवती थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित भोजछपरा गांव के सामने दिखाई दिया, जिसे देख नाविकों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान सिंगही निवासी गणेश प्रजापति के पुत्र अभिषेक कुमार प्रजापति उर्फ मोदी (10) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अभिषेक के अपहरण को लेकर 25 जनवरी को सहतवार थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना उप निरीक्षक नितेश कुमार गुप्ता को सौंपी गई थी। पुलिस द्वारा बालक की तलाश के लिए दो विशेष टीमें गठित की गई थीं और संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।शनिवार की शाम भोजछपरा गांव के सामने सरयू नदी में नाविकों ने एक शव तैरता हुआ देखा। सूचना मिलते ही सहतवार, रेवती, बांसडीह समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और अपहरण व हत्या के पहलुओं पर छानबीन तेज कर दी गई है।

# प्रत्येक धर्म का अपना एक निजी दर्शन होता है

विश्व का कोई भी धर्म या दर्शन हो, उसके कुछ अपने सिद्धान्त होते हैं। इस कार्यभूमि भारत में जितने दर्शनों का प्रादुर्भाव हुआ है, वैसा अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। कई चिन्तक और मनीषी अनादिकाल से सांसारिक व्यथाओं से मुक्ति हेतु अपने विचार देते आ रहे हैं। प्रत्येक धर्म का अपना एक निजी दर्शन होता है। उसके कुछ आधारभूत सिद्धान्त ही उसके तत्त्व कहलाते हैं। दूध में से यदि मक्खन बाहर निकाल दिया जाये और फिर बेचा जाए तो लेने वाला यही कहेगा-अरे, इसका तत्त्वत्-तत्त्व तो तुमने पहले ही निकाल लिया, अब इसका क्या महत्त्व है? महत्त्व तत्त्व या वस्तु के सार का होता है।

ऋषि-मुनियों ने जिस ढंग से जीवन का चिन्तन-मनन किया, आत्मा के सम्बन्ध में सोचा और परमात्मा की महत्ता का प्रतिपादन किया, वह उनकी अपनी विचारधारा है। उन विचारधाराओं पर ही उनके दर्शनों को मान्यता मिली है। तत्त्वहीन दर्शन कभी भी मान्य नहीं हो सकते। वर्तमान युग में जितने भी धर्म मान्य हैं, उसके पीछे उनके अनुयायियों की भावना उनके दर्शन के कारण स्थिर है। ऋषि-परम्परा के इस देश में जितने दर्शन बने हैं, उनके पीछे अनेक चिन्तकों का वर्षों का चिन्तन छिपा है। वैदिक धर्म की आधारभूमि पर ही सांख्य, मीमांसा, द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैत आदि कई दर्शन जन्मे हैं। बौद्ध एवं जैन धर्म का अपना अलग दर्शन है। जहाँ बौद्ध और वैदिक ज्ञान प्रधान है वहीं जैन धर्म क्रिया व ज्ञान प्रधान है। बुद्ध और वेद शब्द का अभिप्राय है ज्ञान और जानना। जहाँ बुद्ध ने अपने चिन्तन से ज्ञान प्राप्त किया है, वहीं वैदिक ऋषियों ने अपने चिन्तन-मनन व ध्यान से संसार के बारे में जानकारी ग्रहण की और अपने विचार दिये। उन्होंने जाना उसे फिर दुनियाँ को बताया।

जैन धर्म आचार-प्रधान धर्म है। जैन शब्द की व्युत्पत्ति 'जयत्तीति जिनः' से हुई है। अर्थात् जो जीतता है, उसे जिन कहते हैं। इसी कारण जैन धर्म को विजेताओं का धर्म माना जाता है। विजय प्राप्त करने के लिए कर्मों से युद्ध करना पड़ता है।जो अपने आप में महत्त्वपूर्ण क्रिया है। केवल मात्र ज्ञान से आत्मा का कल्याण नहीं हो सकता, उसके लिए क्रिया की आवश्यकता, चारित्र की आवश्यकता है। दोनों का सम्यक् योग हो और उन पर सम्यग्दृष्टि का प्रभाव हो तो मुक्ति का पथ प्रशस्त हो सकता है।

**सभी दर्शनों का लक्ष्य एक**

सभी दर्शन मानव को सुखी बनाने का मार्ग बताते हैं। आत्मा दर्शन का केन्द्र बिंदु रहा है। उपनिषद्कारों ने चिन्तन-मनन के बाद अपने विचारों को मूर्त रूप दिया है। सांख्य दर्शनकार ने आत्मा के लिए कहा है।आत्मा अरूपी और चेतनायुक्त है, कर्मफल भोगने वाली, नित्य, सर्वव्यापी, क्रिया-शून्य, अकर्ता, निर्गुण और सूक्ष्म है। गीता में भी श्रीकृष्ण ने आत्मा की शाश्वतता के लिए अर्जुन को कहा- यह आत्मा न कभी जन्म लेती है, न कभी मरती है, क्योंकि यह अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है।श्वेताश्वतर उपनिषद् में लिखा है- यह आत्मा न स्त्री है, न पुरुष और न यह नपुंसक है। आत्मा जो-जो शरीर धारण करती है, यह उस-उस नाम से युक्त हो जाती है।

दशवैकालिक निर्युक्ति-भाष्य में आत्मा को नित्य, अविनाशी एवं शाश्वत माना गया है।

मानव-जीवन आत्म-तत्त्व पर चिन्तन करने लगे तो उसे अपना जीवन अल्प लगेगा। हमारे समक्ष तो सत्य उद्घाटित हो चुका है। व्यर्थ वाद-विवाद में पड़कर महत्त्वपूर्ण जीवन को खोना नहीं है। विवाद और तर्क हमें दलदल में उलझा देते हैं। आप अपने आपको जैनी मानते हैं तो धर्म के प्रति श्रद्धा रखकर तत्त्वों को ग्रहण करें। जो वस्तु को जिस ढंग से देखता है, वह उसी रूप से उसको अभिव्यक्त करता है। जलती हुई अग्नि को देखकर तीन व्यक्ति अलग-अलग बातें बताते हैं। एक कहता है यह दाहक है, दूसरा कहता है यह तो आतप है, तीसरा उसे प्रकाशक कहता है। यह अब आपके सोचने की बात है कि आपकी दृष्टि उस प्रज्वलित अग्नि के लिए क्या है? आप चाहें तो एक रूप से देखें और चाहें तो समग्र रूप से देखें। सत्य को वास्तविक रूप से जानने के लिए उसका समग्र ज्ञान आवश्यक है।

अमरीका-प्रवास के समय स्वामी विवेकानंद भारत की गौरवमयी सांस्कृतिक विरासत पर अपने विचार प्रकट कर रहे थे। उस समय एक अमरीकी ने व्यंग्य की

भाषा में कहा - स्वामी जी ! भारतीय संस्कृति के प्रणेताओं की प्रशंसा कहाँ तक की जाए, जिन्होंने लक्ष्मी का वाहन तो उल्लू को बनाया है और सरस्वती का हंस। क्या यही आपका सांस्कृतिक गौरव है?

यह सुनकर विवेकानन्द ने कहा- 'बस, यही तो आपका दृष्टि-भेद है। हमारी व आपकी संस्कृति में यही अन्तर है। हमारा दर्शन कहता है कि धन आदमी को अंधा बना देता है, उल्लू की तरह। इसलिए लक्ष्मी का वाहन उल्लू चुना गया है। सरस्वती विद्या की प्रतीक है जो हमारे विवेक को जगाने वाली है। अतः उनका वाहन हंस रखा गया है, जो नीर-क्षीर-न्याय का प्रतीक है।

विवेकानन्द की बात सुनकर बेचारा अमरीकी अपना-सा मुँह लेकर चुपचाप बैठ गया।हर व्यक्ति अपने-अपने ढंग से वस्तु को देखते हैं। कुछ रूप को देखते हैं, कुछ गुण को देखते हैं। कुछ दोनों ही देखते हैं।

एक व्यक्ति अपने बीमार बेटे को लेकर डॉक्टर के घर गया तो डॉक्टर की पत्नी ने कहा- डॉक्टर साहब तो अस्पताल गये हैं। वह व्यक्ति अस्पताल पहुँचा तो पता चला कि वे अभी तक घर से अस्पताल नहीं आये हैं। अब सत्य क्या है ? तत्त्वज्ञान में यही बात सोचने व विचारने की है। उसमें हठवाद या दुराग्रह को कहीं भी स्थान नहीं है।जैन धर्म पदार्थ के अनन्त धर्म को स्वीकारता है। किसी वस्तु या पदार्थ में एक ही गुण नहीं होता। भगवान महावीर ने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा, पहचाना, अनुभव किया तब उसे प्रकट किया है।

जैन धर्मज्ञों को सही मायने में जैन बनने का प्रयत्न करना चाहिए। सर्वज्ञ की वाणी का चिन्तन-मनन करना चाहिए। उन्होंने अपरिग्रहवाद का चिन्तन दिया है। जीवन-निर्वाह हेतु धन का अर्जन बुरा नहीं है लेकिन धन कुबेर बनने का विचार भी गलत है। अधिक धनार्जन की भूख व्यक्ति को धर्म-पथ से विचलित कर देती है। दूसरे के धन को धूल समझना चाहिए। क्या अपने आपको धर्मज्ञ समझने वाले सभी यह सोचते हैं?

हिंसा मोक्ष मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। कोई भी धर्म हिंसामय नहीं हो सकता। सन्त और गृहस्थ दोनों को हिंसा के मार्ग से बचना चाहिए। गृहस्थ पूर्ण रूप से हिंसा से नहीं बच सकता, लेकिन जान-बूझकर की जाने वाली हिंसा से स्वयं को बचा सकता है। त्याग-भावना से हिंसा कमजोर पड़ती है। अतः तप, त्याग, दान से अनजाने में हुई हिंसा के दबाव को कम किया जा सकता है। मन, वचन और कर्म से जान-बूझकर किसी के मन को चोट पहुँचाना हिंसा है। अतः इससे बचने का प्रयास करें। कभी-कभी दया भी हिंसा का रूप ले लेती है। अतः प्रत्येक कार्य विचारपूर्वक करना चाहिए।

एक सन्त तालाब के किनारे बैठे हुए चिन्तन कर रहे थे। उन्होंने किनारे पर खड़े कुछ बगुलों को देखा, जो अपने शिकार की खोज में खड़े थे। एक सज्जन कुछ आटे की गोलियाँ बनाकर लाये, उन्होंने तालाब के जल में बिखेर दीं। आटे की सुगन्ध से आकर्षित होकर अनेक मछलियाँ जो अब तक गहरे पानी में थीं, किनारे की ओर चल पड़ीं। बगुले उन मछलियों को अपना आहार बना गये। सन्त का हृदय करुणा से मर गया। उन्होंने आटे की गोलियाँ डालने वाले से कहा- 'भाई ! देखो बगुले क्या कर रहे हैं?' वह बोला- 'मछलियाँ खा रहे हैं।' 'तुमने आटा डालकर मछलियों को जीवन दिया है या मृत्यु ? तुम्हारे आटा डालने से ये इधर आईं और मृत्यु के मुख में चली गईं। तुम्हारी दया हिंसा में बदल गई है।' उस व्यक्ति को अपनी भूल पर पश्चात्ताप हुआ, लेकिन अब क्या हो सकता था।

सेवा-भाव का भी जैन धर्म में महत्त्वपूर्ण स्थान है। विना किसी चाह के दूसरों को देना, सहयोग करना, सहायता करना सेवा है। पशु-पक्षियों को बाँधकर उन्हें खिलाना-पिलाना सेवा नहीं कहलाती है। बन्धन कोई नहीं चाहता, तो उन्हें जंजीर से बाँधना, पिंजरे में रखना उचित नहीं है।महाराजा रणजीतसिंह एक दिन सवेरे सवेरे घूमने के लिए जा रहे थे। अचानक उनके सिर पर पत्थर लगा। वे सिर थामकर वहीं बैठ गये। कुछ ही क्षणों में उनके पीछे-पीछे चलने वाले राज्य कर्मचारी एक वृद्धा को पकड़ लाये। महाराज को देखकर वृद्धा घबरा गई और अपने किये पर क्षमा माँगने लगी।

**रणजीतसिंह ने कहा- माँ ! तुम पत्थर क्यों फेंक रही थीं?**

महाराज ! मेरे हाथ वृक्ष तक पहुँच नहीं सकते, घर में और कोई है नहीं, इन आमों को ऐसे ही तोड़कर बेचती हूँ और अपना गुजारा करती हूँ।रणजीतसिंह ने कहा- वृक्ष को पत्थर मारने पर वह फल देता है और मैं सजा देने की सोच रहा था। नहीं, यह ठीक नहीं है। मैं इंसान हूँ। मुझे कुछ ऊँची बात सोचनी चाहिए। उन्होंने उसी समय मंत्री को आदेश दिया कि इस वृद्धा माँ का सारा खर्चा राजकोष से प्रदान किया जाये। राज्य में जिन वृद्ध पुरुषों या स्त्रियों के सन्तान नहीं हों और वे स्वयं मेहनत करते हों, उन्हें भी सहायता देने की व्यवस्था की जाये।

यह है सच्ची सेवा। धर्म के पथ पर चलने वालों को धर्म के तत्त्वों का ज्ञान आवश्यक है और वही उनके जीवन को कल्याणमय बना सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# बजट 2026 आम आदमी की उम्मीदें और सरकार की प्राथमिकताएं

केंद्रीय बजट 2026 ऐसे समय में आया है जब देश की अर्थव्यवस्था स्थिर विकास की राह पर है लेकिन आम आदमी महंगाई रोजगार और आय के दबाव को रोजमर्रा की जिंदगी में लगातार महसूस कर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बजट निरंतरता और भविष्य निर्माण के नजरिये से पेश किया है। इसमें बड़े ढांचागत निवेश स्वास्थ्य शिक्षा और रक्षा जैसे क्षेत्रों पर जोर है लेकिन सवाल यही है कि इस बजट से आम आदमी की जेब को कितनी राहत मिलती है और उद्योग धंधों के लिए यह कितना अनुकूल है। सबसे पहले आम आदमी की सबसे बड़ी उम्मीद यानी इनकम टैक्स की बात करें तो बजट ने यहां निराश किया है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। महंगाई बढ़ने के बावजूद टैक्स में राहत न मिलना मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के लिए झटका है। हालांकि रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मार्च करना एक प्रशासनिक सहूलियत है लेकिन इससे जेब में पैसा बढ़ने जैसा सीधा फायदा नहीं होता। न्यू इनकम टैक्स एक्ट को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने और फॉर्म को सरल बनाने की घोषणा जरूर की गई है जिससे भविष्य में टैक्स सिस्टम आसान हो सकता है लेकिन फिलहाल आम आदमी को इससे तत्काल राहत नहीं मिलेगी।

बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को खास महत्व दिया गया है। कैंसर की 17 दवाओं और कुछ दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त करना एक बड़ा मानवीय कदम है। इससे गंभीर बीमारी से जूझ रहे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा। तीन आयुर्वेदिक एम्स और मेडिकल टूरिज्म के लिए पांच रीजनल हब बनाने की योजना भारत को वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की दिशा में कदम है। लेकिन आम मरीज के लिए असली सवाल सरकारी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता और पहुंच का है। यदि इन घोषणाओं का लाभ आम लोगों तक जमीन पर पहुंचा तो यह बजट का मजबूत पक्ष साबित होगा।

शिक्षा और युवाओं के लिए बजट में नई दिशा दिखाई देती है। 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाने की घोषणा भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर की गई है। इससे युवाओं को नए कौशल सीखने और रोजगार के वैकल्पिक रास्ते खोजने में मदद मिल सकती है। करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने का ऐलान सामाजिक रूप से अहम है। इससे खासकर ग्रामीण और छोटे शहरों की लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंच बनाने में सहूलियत होगी। यह कदम महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिहाज से सकारात्मक है। बजट का सबसे बड़ा फोकस इंफ्रास्ट्रक्चर और टियर टू व टियर थ्री शहरों के विकास पर है। 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान लंबे समय में आर्थिक गतिविधियों को तेज कर सकता है। छोटे शहरों में सड़कें आवास पानी बिजली और परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी तो वहां उद्योग धंधे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हालांकि यह एक दीर्घकालिक निवेश है जिसका असर धीरे धीरे दिखेगा। आम आदमी को इसका सीधा लाभ तुरंत नहीं बल्कि आने वाले वर्षों में महसूस होगा।

रेलवे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है। इससे बड़े शहरों के बीच यात्रा समय कम होगा और व्यापार को गति मिलेगी। लेकिन आम यात्री के लिए किराया सस्ता होगा या लोकल और सामान्य ट्रेनों की स्थिति सुधरेगी इस पर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं है। इसलिए आम आदमी के नजरिये से रेलवे में यह बजट उम्मीद से थोड़ा कम नजर आता है।

उद्योग और कारोबार की बात करें तो बजट में मिश्रित तस्वीर दिखती है। माइक्रोवेव ओवन के पार्ट्स सिविलियन एयरक्राफ्ट पार्ट्स और कुछ अन्य आयातित सामानों पर टैक्स में छूट से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिल सकता है। एमएसएमई के लिए लिक्विडिटी सपोर्ट क्रेडिट गारंटी और सेल्फ रिलायंट इंडिया फंड जैसी योजनाएं छोटे उद्योगों के लिए राहत लेकर आ सकती हैं। इससे रोजगार सृजन और स्थानीय उत्पादन को बल मिल सकता है। हालांकि शेयर बाजार के लिए एसटीटी बढ़ाने का फैसला निवेशकों को रास नहीं आया और बाजार में गिरावट देखने को मिली। इससे संकेत मिलता है कि पूंजी बाजार के लिए बजट थोड़ा सख्त रहा है। रक्षा बजट को बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ करना और आधुनिकीकरण के लिए अधिक राशि देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है। इससे रक्षा उद्योग और उससे जुड़े कारोबार को फायदा होगा। लेकिन इसका आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर नहीं पड़ता। यह बजट का ऐसा हिस्सा है जो रणनीतिक दृष्टि से अहम है लेकिन जनजीवन से दूर महसूस होता है।

अब सवाल आता है आम आदमी की जेब का। टैक्स में राहत न मिलने और महंगाई पर सीधा नियंत्रण न होने से आम परिवार का मासिक बजट ज्यादा नहीं बदलेगा। कुछ आयातित सामानों पर टैक्स घटने से इलेक्ट्रॉनिक और पर्सनल यूज के कुछ प्रोडक्ट सस्ते हो सकते हैं लेकिन रोजमर्रा की चीजों दूध सब्जी ईंधन और शिक्षा स्वास्थ्य के खर्च पर इसका बड़ा असर नहीं दिखता। यानी आम आदमी को अपनी आमदनी और खर्च के बीच संतुलन पहले की तरह ही संभालना होगा।

कुल मिलाकर बजट 2026 को आम आदमी के लिए राहत भरा कहना मुश्किल है। यह बजट चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं से दूर रहकर स्थिरता और भविष्य निर्माण पर केंद्रित है। सरकार ने यह संदेश दिया है कि वह लंबी अवधि की विकास यात्रा पर भरोसा करती है। उद्योग धंधों के लिए यह बजट अवसरों से भरा है खासकर इंफ्रास्ट्रक्चर स्वास्थ्य शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में। लेकिन आम आदमी की तत्काल समस्याओं महंगाई टैक्स और रोजमर्रा के खर्च पर यह बजट ज्यादा मरहम नहीं लगाता।

यह बजट धैर्य मांगता है। अगर घोषित योजनाएं सही तरीके से जमीन पर उतरती हैं और रोजगार तथा सुविधाएं बढ़ती हैं तो आने वाले वर्षों में आम आदमी को इसका फायदा मिल सकता है। फिलहाल यह बजट आम आदमी के लिए उम्मीद और इंतजार का दस्तावेज है न कि तुरंत राहत देने वाला।

**कांतिलाल मांडोत**

# विकसित भारत की राह बनाता - दूरगामी सोच वाला बजट

**भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार और भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार रविवार, एक फरवरी को देश का बजट प्रस्तुत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता तात्कालिक लोकलुभावन घोषणाओं से अधिक दीर्घकालीन राष्ट्र निर्माण है। आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह बजट एक ठोस संकेत देता है । इस बजट की सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय घोषणा कैंसर व दुर्लभ बीमारियों में प्रयुक्त जीवनरक्षक दवाओं पर आयात शुल्क समाप्त करना रही, जिससे लाखों मरीजों को सीधी राहत मिलेगी। जबकि विपक्ष हमेशा सरकार पर आम आदमी की उपेक्षा का आरोप लगाता रहा है, यह निर्णय उस आरोप को कमजोर करता है। सरकार ने यह भी साफ किया है कि भारत को केवल इलाज का केंद्र ही नहीं, बल्कि विश्वसनीय मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।**

**भारत की चिकित्सा सेवाएं पहले से ही दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में सस्ती और प्रभावी हैं। इसी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से बजट में तीन नए एम्स और पाँच मेडिकल हब स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे जिस पर विपक्ष अक्सर सरकार को घेरता रहा है । महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए सरकार ने देशभर के जिलों में बालिकाओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल निर्माण का निर्णय लिया है। यह फैसला उन आलोचकों के लिए जवाब है जो सरकार को केवल चुनावी राजनीति तक सीमित बताते हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदम इस बजट की एक और मजबूत कड़ी हैं।**

**यह सही है कि इस बजट में बड़े उद्योगपतियों या वेतनभोगी वर्ग के लिए कोई आकर्षक घोषणा नहीं की गई, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि सरकार ने चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा और कृषि को तकनीक से जोड़कर देश की नींव मजबूत करने का प्रयास किया है। ऐसे बजट का प्रभाव तुरंत नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में दिखाई देगा । स्वाभाविक है कि विपक्ष और कुछ वर्गों को यह बजट पहली नजर में निराशाजनक लग सकता है, क्योंकि यह 'तुरंत लाभ' देने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी टीम अप्रत्यक्ष, लेकिन दूरदर्शी निर्णयों के लिए जानी जाती है। यही कारण है कि यह बजट समझने वालों को विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम लगेगा, जबकि समझ से परे रहने वालों के लिए यह महज आंकड़ों का पुलिंदा बनकर रह जाएगा।**

**अरविंद रावल**

# संपादकीय

## अमेरिका द्वारा ईरान का भया दोहन, ट्रंप ईरान में वेनेजुएला की तरह नियंत्रण चाहते हैं

अमेरिका और ईरान के बीच गत कुछ महीनों में तनाव एक नए शिखर पर पहुँच गया है। जिसमें न केवल कूटनीतिक, वाणिज्यिक दबाव बल्कि विस्तृत सैन्य तैयारियों और खुले रूप से युद्ध की धमकियाँ भी शामिल हैं। पिछले कई महीनों की घटनाओं से यह स्पष्ट नजरिया सामने आया।है कि यह केवल रीजनल तनाव नहीं रहा बल्कि वैश्विक राजनीति का एक प्रमुख केन्द्र बन गया है। अमेरिका अभी भी आर्थिक,सामरिक एवं राजनीतिक तौर पर शक्तिशाली राष्ट्र है और आर्थिक रूप से अमेरिका ने ईरान पर बड़े प्रतिबंध लगाए हुए हैं, जिसमें तेल निर्यात और वित्तीय लेन-देन को रोकने के साथ-साथ ईरान के सहयोगी देशों और संस्थाओं पर भी अतिरिक्त टैक्स तथा दंडात्मक कार्रवाई शामिल है। जिससे एजेंसी डेटा बताते हैं कि ईरान की निर्यात-आय सीमित हो रही है, जिससे व्यापक आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यह प्रतिबंध और दबाव ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम और क्षेत्रीय समर्थित आतंकवाद को रोकने के उद्देश्य से हैं, लेकिन ईरानी नेतृत्व इसे अपने संप्रभुत अधिकारों पर आक्रमण मानता है।

सैन्य दृष्टि से, अमेरिका ने मध्य पूर्व में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है और तैनात नौसेना बलों को बड़ा आकार दे दिया है ट्रंप ने बयान दिया है कि यह बेड़ा उस से भी बड़ा है जो उसने वेनेजुएला पर उसकी कार्रवाई से पहले तैनात किया था, और यह बल अब्राहम लिंकन जैसे युद्धपोतों के साथ समुद्री और वायु समूहों को शामिल करता है। अमेरिका का यह बल 'निर्दिष्ट मिशन के लिये तैयार, इच्छुक और सक्षम' बताया जा रहा है और ट्रंप इसे ईरान को बातचीत की मेज़ पर लाने के लिये दबाव का हिस्सा मानते हैं, यह कहते हुए कि 'हम उम्मीद करते हैं कि ईरान सौदा करना चाहेगा '। अमेरिका के सभी विकल्प खुले रहने की बात करने से यह संकेत भी मिलता है कि सैन्य हमले की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा रहा है।

ईरान ने जवाब में अपनी सैन्य तैयारियाँ तेज कर रखी हैं, जिसमें रिपोर्टें बताती हैं कि उसने हजारों बैलिस्टिक मिसाइलें तैनात की हैं और अपनी क्षमता को बढ़ाया है, साथ ही यह कहा है कि किसी भी हमले का उत्तर 'तुरंत और अप्रत्याशित' रूप से दिया जाएगा। इरानी नेतृत्व ने युद्ध नहीं चाहने का दावा किया है, लेकिन सजग चेतावनी दी है कि 'हम देश को युद्ध की राह पर नहीं ले जाना चाहते' और आरोप लगाया है कि अमेरिका ईरान को 'निगल' जाना चाहता है, जो तनाव को भावनात्मक रूप से और बढ़ाता है।

हालांकि कुछ विश्लेषक और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी यह मानते हैं कि सैन्य हमले की संभावना 'एक बार तय' जैसे दृष्टिकोण में पहु?ँच चुकी है और यह समय की बात है कि हमला कब होगा, न कि क्या होगा, जिससे युद्ध की तैयारी का माहौल और गहराता जा रहा है। इसी बीच ईरान के भीतर भी व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की मौत की खबरें आई हैं और यह स्थिति आंतरिक असंतोष तथा अमेरिका-के खिलाफ रुख को एक साथ बढ़ा रही कूटनीतिक रूप से, ताज़ा सूचनाओं के अनुसार ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि वे अमेरिका के साथ एक 'न्यायसंगत' बातचीत के लिये तैयार हैं, बशर्ते वह धमकियों के साये में न हो।,

शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने संकेत दिया है कि बातचीत के आयोजन के लिये प्रगति हो रही है। यह दर्शाता है कि खुले युद्ध के साथ-साथ कूटनीतिक प्रयास भी चल रहे हैं। अरब देश, तुर्की और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ भी संघर्ष को रोकने के लिये सक्रिय मध्यस्थता कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि किसी भी बड़े खुला युद्ध का प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगा।

यदि हम अमेरिका के सैन्य तैनाती और आर्थिक दबाव की तुलना वेनेजुएला से करें, तो स्पष्ट रूप से अमेरिका ने पहले वेनेजुएला के खिलाफ ऑपरेशन सदर्न स्पियर जैसे अभियान में नौसेना तथा सैन्य बल का इस्तेमाल किया था, जिसमें राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ने और शासन को बदलने की कोशिश की गई थी, जिसमें कूटनीतिक विवाद और अंतरराष्ट्रीय आलोचना भी उत्पन्न हुई थी। ट्रंप के बयान के अनुसार, ईरान के लिये जो सैन्य समूह भेजा जा रहा है वह उससे भी बड़ा है, जो संकेत देता है कि अमेरिकी प्रशासन इसे वेनेजुएला की तरह एक सीमित राजनैतिक,सैन्य ऑपरेशन से भी आगे देख रहा है।

लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप ने खुले तौर पर कहा है कि वे चाहते हैं ईरान बातचीत करे और यह कि 'हम युद्ध नहीं चाहते ', जैसा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों ने उद्धृत किया है। ट्रंप की इस दोहरे रणनीति को कुछ विश्लेषक 'ब्रिंकमैनशिप' नीति कह रहे हैं, जहां खुला युद्ध अंतिम विकल्प रखा जाता है पर बातचीत को भी कायम रखा जाता है।

यहाँ यह समझना जरूरी है कि ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति पर अमेरिका का दबाव केवल सीधा सैन्य संघर्ष नहीं बल्कि व्यापक आर्थिक प्रतिबंध, वैश्विक कठोर राजनैतिक दबाव तथा सैन्य रणनीतिक तैयारियों का संयोजन है। ईरान भी केवल कूटनीतिक रूप से नहीं बल्कि सामरिक रूप से भी तैयार दिख रहा है। मिसाइल कार्यक्रम, बलों की तैनाती, और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया रूस और चीन जैसे देशों द्वारा कभी-कभी समर्थन का संकेत – यह संकेत देते हैं कि– यानी बातचीत को युद्ध की कगार पर ले जाकर समझौता करने की ईरान अकेला नहीं है, और एक सीधा युद्ध बहुत खतरनाक और व्यापक बन सकता है।

वेनेजुएला की तुलना में ईरान अन्तरराष्ट्रीय महत्व और रणनीतिक स्थितियों की वजह से कहीं बड़ा मामला है। वेनेजुएला में अमेरिका ने मुख्यतः दक्षिण अमेरिका में राजनीतिक नियंत्रण और ऊर्जा साधनों पर प्रभाव के लिये कदम उठाये, जबकि ईरान मध्य पूर्व में तेल मार्ग, न्यूक्लियर कार्यक्रम तथा सामरिक प्रभाव के केन्द्र में है। अगर ट्रंप ईरान को वेनेजुएला की तरह कब्जे या शासन परिवर्तन के लिये ले जाने की कोशिश करे, तो यह केवल एक राष्ट्र का सैनिक अधिपत्य नहीं बल्कि एक वैश्विक प्रतिद्वंदी शक्ति को नियंत्रित करने का प्रयास होगा, जिसका परिणाम क्षेत्रीय युद्ध, तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल, और विश्व राजनीति में और गहरी विभाजन की स्थिति हो सकता है।

इस समय ताज़ा हालात यह संकेत देते हैं कि अमेरिका पूरी सैन्य तैयारी के साथ खड़ा है, ईरान भी कठोर प्रतिक्रिया के लिये तैयार है, और कूटनीतिक प्रयास संघर्ष को नियंत्रण में रखने के लिये जारी हैं ।लेकिन खुला युद्ध अभी टल नहीं पाया है और दोनों पक्षों की कठिन स्थिति वैश्विक राजनीति के लिये बेहद महत्वपूर्ण है।

क्या ट्रंप ईरान को वेनेजुएला की तरह अपने अधिपत्य में ले सकता है? वर्तमान संकेत यह दिखाते हैं कि सैन्य नियंत्रण के बजाय अमेरिका अधिकतर दबाव और बातचीत के द्वारा ही परिणाम चाहता है, पर यह भी स्पष्ट है कि अगर ईरान बातचीत में मुख्य शर्तें नहीं मानता तो सैन्य विकल्पों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है और यह सम्भावना वैश्विक राजनीति के लिये गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

**संजीव ठाकुर**

# थाईलैंड में इंसानियत की मिसाल

थाईलैंड की एक साधारण सड़क, जहाँ ट्रैफिक का शोर हमेशा गूँजता रहता है, एक दिन जीवन की सबसे सुंदर ध्वनि का गवाह बन गई। यह केवल एक खबर नहीं थी, बल्कि पूरी दुनिया के दिलों को जोड़ने वाला वह पल था, जिसने साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी ज़िंदा है। अस्पताल पहुँचने से पहले ही, तेज़ ट्रैफिक के बीच एक चलती गाड़ी में एक बच्चे ने जन्म ले लिया। कुछ ही सेकंडों में वह सड़क एक साधारण रास्ते से बदलकर उम्मीद और संवेदना का जीवंत मंच बन गई। यह घटना न केवल थाईलैंड की व्यस्त सड़कों की कहानी है, बल्कि मानवता की उस शक्ति का प्रतीक है जो विपत्ति में भी प्रकाश फैला देती है।

कल्पना कीजिए उस दृश्य को–बैंकॉक या अयुत्थाया जैसी जगह पर, जहाँ कारें, स्कूटर और ट्रक लगातार दौड़ते रहते हैं। एक गर्भवती महिला, अपनी माँ या पति के साथ कार में सवार, अस्पताल की ओर जा रही है। अचानक प्रसव पीड़ा इतनी तीव्र हो जाती है कि रुकना ही एकमात्र विकल्प बचता है। गाड़ी सड़क के किनारे रुकती है, और डरावनी चीखें हवा में गूँजने लगती हैं। आसपास के वाहन रुकते हैं, हॉर्न की कर्कश आवाज़ें धीरे-धीरे शांत हो जाती हैं। पहले तो लोग समझ ही नहीं पाते कि क्या हो रहा है, लेकिन जैसे ही खबर फैलती है– 'डिलीवरी हो रही है ! '–एक चमत्कार घटित हो जाता है। हर दिशा से लोग दौड़ पड़ते हैं। कोई अजनबी चालक पानी की बोतल थमा देता है, कोई दुपहिया सवार साफ़ कपड़ा लाकर देता है, तो कोई बस खड़ा होकर प्रार्थना करता है। ट्रैफिक जाम, जो हमेशा अभिशाप लगता है, इस पल सुरक्षा की एक चादर बन जाता है। माँ का चेहरा–वह घबराहट, दर्द और अनिश्चितता से भरा होता है। पसीने से तर, आँसुओं से भीगा, वह हर पल सोच रही होती है कि क्या सब ठीक होगा। लेकिन फिर वह क्षण आता है जब बच्चे की पहली किलकारी हवा में गूँजती है। रोने की वह मधुर ध्वनि न केवल माँ के कानों तक पहुँचती है, बल्कि हर मौजूद इंसान के दिल को छू जाती है। चेहरा बदल जाता है–डर के बादल छँट जाते हैं, और खुशी के आँसू बहने लगते हैं। ममता की वह विजय होती है जहाँ आँसू तकलीफ के नहीं, जीवन की जीत के प्रतीक बन जाते हैं। अजनबी लोग अब अजनबी नहीं रहते; वे एक बड़े परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। कोई बच्चे को गोद में लेता है, कोई नाभि नाल काटने में मदद करता है, तो कोई एम्बुलेंस को फोन कर तुरंत बुला लेता है। यह दृश्य कैमरों में कैद होता है, लेकिन इसका असर शब्दों से परे होता है–यह महसूस करने वाला होता है।

थाईलैंड में ऐसी घटनाएँ असामान्य नहीं हैं। देश की घनी आबादी और भयानक ट्रैफिक जाम अक्सर ऐसी अप्रत्याशित स्थितियों को जन्म देते हैं। कुछ वर्ष पहले अयुत्थाया में एक महिला ने पिकअप ट्रक के पीछे बच्चे को जन्म दिया था। ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए, और बच्चा सुरक्षित पैदा हुआ। इसी तरह, बैंकॉक की सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी अक्सर फँसी गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी में मदद करते हैं। एक अधिकारी ने तो 47 से अधिक बच्चों को सड़क पर ही जन्म दिया है। ये कहानियाँ थाई संस्कृति की गहराई को दर्शाती हैं, जहाँ बौद्ध धर्म की करुणा और सामुदायिक भावना हर कदम पर झलकती है। थाईलैंड में 'सनुक' या सामूहिक सहायता की परंपरा इतनी मजबूत है कि विपदा में हर कोई अपना मान लेता है।

यह घटना केवल स्थानीय नहीं रही; सोशल मीडिया ने इसे वायरल कर दिया। वीडियो में दिखता है कैसे ट्रैफिक थम जाता है, लोग मोबाइल निकालकर रिकॉर्ड करते हैं, लेकिन साथ ही मदद के लिए आगे आते हैं। दुनिया भर से कमेंट्स आए–भारत से लोग इसे अपनी सड़कों से जोड़ते हुए बोले कि यहाँ भी ऐसा ही होता है, अमेरिका से कोई कहता है कि यह मानवता का सच्चा चित्र है। यह पल हमें याद दिलाता है कि आधुनिक दुनिया की भागदौड़ में भी इंसानियत की जड़ें गहरी हैं। महामारी के दौर में जब लोग अलग-थलग पड़ गए थे, ऐसी कहानियाँ आशा की किरण बनकर चमकीं। बच्चे का जन्म न केवल एक माँ की खुशी था, बल्कि पूरी सड़क की साझा विजय थी।

लेकिन इस घटना से गहरे सबक भी मिलते हैं। पहला, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी। थाईलैंड जैसे विकासशील देश में ट्रैफिक और दूरस्थ अस्पतालों के कारण ऐसी स्थितियाँ बार-बार बनती हैं। सरकार को मोबाइल एम्बुलेंस और ट्रैफिक पुलिस को विशेष ट्रेनिंग देनी चाहिए। दूसरा, सामुदायिक जागरूकता। स्कूलों और कॉलेजों में ऐसी कहानियाँ पढ़ाई जानी चाहिए ताकि नई पीढ़ी सहायता की संस्कृति सीखे। तीसरा, सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग। वायरल वीडियो ने न केवल प्रेरित किया, बल्कि दान अभियान भी चलाए गए जहाँ लोगों ने उस माँ के लिए मदद भेजी।

भारत के संदर्भ में देखें तो यह घटना और भी प्रासंगिक हो जाती है। दिल्ली की सड़कों पर ट्रैफिक जाम रोज़ की बात है। क्या होगा अगर यहाँ ऐसी स्थिति बने? हमारे यहाँ भी 'अतिथि देवो भवः' की भावना है, लेकिन अक्सर भीड़ में व्यक्तिगत जिम्मेदारी कम हो जाती है। थाईलैंड की यह घटना हमें झकझोरती है–ट्रैफिक सिग्नल पर अगली बार फोन देखने के बजाय, आसपास देखें। शायद कोई मदद माँग रहा हो। बॉलीवुड की फिल्मों में भी ऐसी कहानियाँ हैं, जैसे 'रंगीला' या 'मर्द' में सड़क पर जन्म लेने वाले बच्चे, लेकिन वास्तविक जीवन इससे कहीं अधिक प्रभावशाली है।

इस घटना का एक वर्ष बाद का प्रभाव देखें। वह बच्चा अब मासूम कदम उठा रहा होगा, माँ गर्व से उसकी कहानी सुना रही होगी। सोशल मीडिया पर फॉलो-अप आया–परिवार ने थैंक्यू पोस्ट किया, जिसमें सभी मददगारों को याद किया। यह साबित करता है कि अच्छाई कभी व्यर्थ नहीं जाती। दुनिया तेज़ी से बदल रही है–एआई, रोबोट, स्वचालित कारें–लेकिन मानवीय स्पर्श की जगह कोई नहीं ले सकता। थाईलैंड की यह सड़क हमें सिखाती है कि जीवन कभी भी, कहीं भी आ सकता है, और अगर इंसानियत साथ हो, तो हर रास्ता अस्पताल बन जाता है।

समय कभी-कभी खुद रुक जाता है ऐसे पलों में। दुनिया की भागमभाग में, यह चमत्कार हमें रोकता है और सोचने को मजबूर करता है–हम कितने भाग्यशाली हैं कि इंसान बने। यह कहानी नई पीढ़ी को सुनानी चाहिए, ताकि इंसानियत की लौ कभी न बुझे। थाईलैंड की उस सड़क ने न केवल एक बच्चे को जन्म दिया, बल्कि लाखों दिलों में आशा का बीज बो दिया।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया गया संत रविदास जयंती



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया में रविवार को संत रविदास जयंती के अवसर पर युवाओं द्वारा केक काटकर बड़े ही धूमधाम के साथ संत शिरोमणि रविदास जी का जयंती मनाया गया। युवाओं ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान युवाओं ने उनके पवित्र विचारों को सरल दोहों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाकर एकजुटता व समानता का संदेश दिया। विकास भारती ने कहा कि सभी को संत रविदास के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लेना चाहिए तभी जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वाणी भेदभाव व जात-पात को छोड़कर ईश्वरीय भक्ति से जुड़ने का संदेश देती है। इस दौरान विकास भारती, केदार भारती, मंजू देवी, इंद्रावती, खुशी गौतम, सलोनी, किरन, शशिकला, कुसमावती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सहजनवां थाने में दरोगा की दबंगई, बोले- मेरी मर्जी से चलता है कानून

**पीड़ित को ही थाने में बैठाया, एकतरफा कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल**

**सहजनवां** –थाने में तैनात एक दरोगा की कथित मनमानी और दबंग रवैये का मामला सामने आया है, जहां कानून के रक्षक ही कानून को ताक पर रखते नजर आए। आरोप है कि दरोगा ने एक पीड़ित व्यक्ति को ही थाने लाकर बैठा लिया और पूछताछ करने पर सख्त और अभद्र लहजे में जवाब दिया। जब एकतरफा कार्रवाई को लेकर सवाल किया गया तो दरोगा ने कथित तौर पर कहा– 'मेरी मर्जी से ही कानून चलता है, ट्रेनिंग में हमें मर्जी करने का ही पाठ पढ़ाया गया है। ' दरोगा के इस बयान से न सिर्फ पीड़ित बल्कि उसके परिजन भी स्तब्ध रह गए। मौके पर मौजूद परिजन खुद को संभाल नहीं पाए और थाने परिसर में ही फूट-फूट कर रोने लगे। मामला सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सुरदही का बताया जा रहा है, जहां गांव चकबंदी में है और दो पट्टीदारों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि पुलिस ने बिना निष्पक्ष जांच के एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की, जिससे पुलिस की भूमिका पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं।

### फूड इंस्पेक्टर के आए दिन छापेमारी और अवैध वसूली से परेशान व्यापारियों ने चक्का जाम कर किया प्रदर्शन



**मनकापुर गोण्डा-** गौरा चौकी के व्यापारियों ने जिला पंचायत सदस्य अमर यादव के साथ फूड इंस्पेक्टर के विरुद्ध चक्का जाम कर प्रदर्शन किया द्य रविवार शाम को फूड इंस्पेक्टर संजय कुमार पर गौरा चौकी के व्यापारियों ने आए दिन छापेमारी और अवैध वसूली का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि फूड इंस्पेक्टर आए दिन व्यापारियों को प्रताड़ित करते हैं दुकान से जबरदस्ती सामान उठा लेते हैं और पैसे की डिमांड करते हैं द्य व्यापारी बब्बर ने बताया कि इनका न कोई नियम है न टाइम है कभी 9:00 बजे 10:00 बजे रात में आते हैं आज रविवार को आए हैं छोटे-छोटे व्यापारियों से 20000 और 50000 की डिमांड करते हैं द्य उन्होंने आरोप लगाया कि तीन-चार दिन पहले आईसर गाड़ी से एक गत्ता तेल चोरी करके लेकर चले गए व्यापारी रक्षा राम गुप्ता ने बताया कि आए दिन छापेमारी और अवैध वसूली करके जाते हैं न मसकनवा में जाते हैं न बभनान में जाते हैं केवल गौरा चौकी में छापामारी करने आते हैं आलोक गुप्ता ने बताया कि हम छोटे व्यापारियों का इतना मुनाफा नहीं होता कि हम इनको इतना पैसा दे सकें, अगर यही हाल रहा तो हम लोग दुकान बंद कर देंगे इस संबंध में दुकान पर उपस्थित फूड इंस्पेक्टर डॉ संजय कुमार ने बताया कि मैं किसी दिन और टाइम दुकान चेक कर सकता हूं और अवैध वसूली का आरोप गलत है ।

# ब्लॉक मुख्यालय पर ऐतिहासिक बजट का भव्य लाइव प्रसारण, किसानों के हित में मील का पत्थर साबित होगा बजट : विधायक श्रीराम चौहान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** जनपद के ब्लॉक मुख्यालय खजनी पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक बजट का लाइव प्रसारण बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। लाइव प्रसारण के माध्यम से आमजन ने सीधे बजट की प्रमुख घोषणाओं को सुना और समझा। इस अवसर पर खजनी विधायक श्रीराम चौहान ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट किसान, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस स्पष्ट है–किसानों की आय बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना। विधायक ने कहा कि इस बजट से खाद्यान्न उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बंश बहादुर सिंह ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के लिए की गई घोषणाएं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति देंगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अंशुमाली धर द्विवेदी ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास की योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है, जिससे गांवों में सड़क, बिजली, पानी और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। उन्होंने इसे आमजन के लिए राहत देने वाला बजट बताया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्र, महामंत्री अश्वनी सिंह, बंटी चतुर्वेदी, लालदेव यादव, व्यास यादव, राहुल सिंह, पंचबहादुर सिंह, सत्येंद्र बहादुर सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बजट को जनकल्याणकारी बताते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। लाइव प्रसारण के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया। वक्ताओं ने कहा कि यह बजट न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि भविष्य की मजबूत नींव भी रखता है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ हुआ।

# केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिली नई दिशा, चिकित्सक समुदाय ने किया स्वागतः डॉ वाई सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** आज संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर किए गए प्रावधानों को चिकित्सक समुदाय ने सराहनीय बताते हुए इसका स्वागत किया है। बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, अस्पतालों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने और आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे आमजन को बेहतर और सुलभ इलाज मिल सकेगा। प्रदेश इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के संयुक्त सचिव डॉ. वाई सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्राथमिक एवं जिला स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने का निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों की मजबूती से रेफरल सिस्टम भी बेहतर होगा, जिससे बड़े अस्पतालों पर बोझ कम पड़ेगा। डॉ. सिंह ने कहा कि बजट में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, जांच सुविधाओं और डिजिटल हेल्थ पर दिया गया विशेष ध्यान भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक सकारात्मक कदम है। डिजिटल हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे और डॉक्टरों को सटीक इलाज में मदद मिलेगी। ऑनलाइन परामर्श, डिजिटल रिपोर्टिंग और टेलीमेडिसिन जैसी सुविधाओं से इलाज की प्रक्रिया और अधिक सुगम होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जांच सुविधाओं के विस्तार से बीमारियों की समय पर पहचान संभव होगी, जिससे गंभीर रोगों को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित किया जा सकेगा। इससे न केवल मरीजों की जान बचेगी, बल्कि इलाज पर होने वाला खर्च भी कम होगा। डॉ. वाई सिंह ने उम्मीद जताई कि बजट में घोषित योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन किया जाएगा, ताकि इसका वास्तविक लाभ आम जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि चिकित्सक समुदाय सरकार के इन निर्णयों के साथ खड़ा है और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार है। कुल मिलाकर, यह बजट स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा देने वाला है और 'सबका स्वास्थ्य, बेहतर स्वास्थ्य' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

# बजटः विकसित भारत की आधारशिला और टैक्स सरलीकरण का नया युगः रूपक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी विशेषज्ञ प्रतिक्रिया देते हुए शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए. रूपक अग्रवाल ने इसे भविष्योन्मुखी, संतुलित और विकास केंद्रित बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट के दूरगामी प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था, निवेश वातावरण और बुनियादी ढांचे पर स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। सीए. अग्रवाल के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाला नया आयकर अधिनियम 2025 करदाताओं के लिए गेम-चेंजर सिद्ध होगा। टैक्स नियमों का सरलीकरण और आसान रिटर्न प्रक्रिया से अनुपालन बढ़ेगा तथा कर विवादों में कमी आएगी। ?12.2 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय और 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, विशेषकर दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल, से पूर्वांचल में कनेक्टिविटी और व्यापार को नई गति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि स्न×ह्व पर एस टी टी बढ़ने के बावजूद एल टी सी जी व एस सी सी जी दरों में स्थिरता दीर्घकालिक निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत है। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, रेयर अर्थ कॉरिडोर और जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में कटौती इस बजट को आर्थिक के साथ मानवीय दृष्टि से भी सशक्त बनाती है। कुल मिलाकर यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत और भरोसेमंद रोडमैप प्रस्तुत करता है।

**बजट में मोदी सरकार ने रखा सभी वर्गों का ख्याल**

**बजट से भाजपाई खुश, मिठाई खिलाकर जाहिर की खुशी**

**देवरिया।** केंद्र सरकार द्वारा आम बजट 2026-27 में सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता देने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि एनडीए सरकार आम आदमी के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। बजट 2026-27 केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर भारतीय के सपनों को साकार करने का माध्यम है। रोजमर्रा की जरूरतों को सस्ता कर सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो दुर्गेश पाण्डेय ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मजबूती देने वाला यह बजट वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवाओं सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण को समर्पित है।

इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, पुनीत सिंह, अजय दूबे वत्स, रजनीश तिवारी, नवीन तिवारी, रत्नेश्वर गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत रविदास का जीवन समता, श्रम और आस्था की त्रिवेणी - कामता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास के माधव सभागार में लोक संत रविदास जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृहस्थ संत कामता प्रसाद ने कहा कि संत रविदास का जीवन समता, श्रम और आस्था का अद्भुत संगम है। उन्होंने बताया कि संत रविदास ने कठोर कर्मकांड और सामाजिक भेदभाव को चुनौती देते हुए भक्ति को ईश्वर प्राप्ति का सहज मार्ग बनाया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने संत रविदास के जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए उनके भजन का सस्वर गायन भी किया, जिस पर छात्रों ने तालियों से सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने संत कामता प्रसाद का सम्मान किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

**पाखंडवाद के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले संत थे रविदास - चंद्रभूषण**

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित संत रविदास जयंती कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि चौदहवीं शताब्दी में संत रविदास ने पाखंडवाद और जाति व्यवस्था के विरुद्ध सशक्त आवाज बुलंद की। वे सामाजिक समता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा कि दलित-अछूत समाज में जन्मे संत रविदास की 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसी अवधारणाएं आज भी प्रासंगिक हैं और यदि इन्हें वर्तमान भारतीय समाज में अपनाया जाए तो राष्ट्र का व्यापक कल्याण संभव है। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संत रविदास को जयंती पर नमन किया।

# पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और आमजन को ठगने वाला है यह बजटः व्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** केंद्रीय बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह बजट एक बार फिर साबित करता है कि सरकार को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। यह बजट पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और आमजन को ठगने वाला है। किसान कर्ज के बोझ तले दबा है, छात्र बेरोजगारी से जूझ रहे हैं और महिलाएं बढ़ती महंगाई से परेशान हैं, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर मौन है। यादव ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान विरोधी है। भाजपा सरकार ने बजट के माध्यम से जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात किया है, जिसे समाजवादी पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी और जनहित की लड़ाई जारी रखेगी।

### कैलिया पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**कोंच(जालौन)**– थाना कैलिया पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अवनीश पटेल ने पुलिस बल के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर रविवार को क्षेत्र के ग्राम कूड़ा में दबिश देकर वारंटी कुलदीप पुत्र मनोज जाटव निवासी ग्राम कूड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार कुलदीप के विरुद्ध बीते वर्ष 2023 में दफा 354(डी) आदि के तहत थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। न्यायालय में पड़ने वाली तारीखों से लगातार गैरहाजिर रहने के चलते न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### ज़ालसाजी के दम पर कब्ज़ा, सरकारी-धार्मिक भूमि की बिक्री का आरोपः अध्यक्ष ने सीएम कार्यालय को की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के भटनी नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुर जी वार्ड में मंदिर, रामलीला एवं सरकारी भूमि से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि धार्मिक और सार्वजनिक उपयोग के लिए दान की गई भूमि पर अवैध कब्जा कर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से उसे निजी तौर पर विक्रय किया जा रहा है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष के अनुसार उक्त भूमि वर्षों से मंदिर, रामलीला तथा सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोग में लाई जा रही थी। लेकिन कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अपने नाम खतौनी दर्ज करा ली गई, जो संदेहास्पद है। यदि यह भूमि बिक जाती है तो भविष्य में रामलीला एवं अन्य धार्मिक आयोजनों का संचालन संभव नहीं रहेगा, जिससे क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को गंभीर क्षति पहुंचेगी। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की भी शिकायत सामने आई है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने राजस्व, नगर विकास एवं अन्य संबंधित विभागों से संयुक्त जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि धार्मिक और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा हो सके।

# रेलवे मुआवजा बना ठगी का जरिया! मृतक के खाते से 43.75 लाख की निकासी पर FIR की मांग, बैंक की भूमिका भी संदेह के घेरे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र से एक गंभीर पारिवारिक विवाद सामने आया है, जहाँ एक व्यक्ति ने अपने ही सगे बड़े भाई पर पिता की संपत्ति, पेंशन और रेलवे से मिले मुआवज़े की पूरी रकम हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पिता को बहला-फुसलाकर उनसे पुश्तैनी जमीन अपने पक्ष में करा ली गई और छोटे भाई को उसके वैधानिक हिस्से से वंचित किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी श्यामलेश यादव पुत्र स्वर्गीय रामजीत यादव निवासी ग्राम बेलडॉड़, पोस्ट सरयातिवारी, थाना खजनी, जनपद गोरखपुर ने थाना अध्यक्ष को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की मांग की है। प्रार्थी ने बताया कि वह और उसका बड़ा भाई कमलेश यादव दो भाई हैं। परिवार में दो लड़कियाँ और एक लड़का है, जिनके बच्चे अभी छोटे हैं। पीड़ित के अनुसार उनके पिता रेलवे विभाग में कर्मचारी थे और उनकी मृत्यु से पूर्व पेंशन व अन्य लाभ बड़े भाई द्वारा ही निकाले जाते थे। आरोप है कि पिता की कमजोर स्थिति का फायदा उठाकर बड़े भाई कमलेश यादव ने करीब 6 डिसमिल पुश्तैनी जमीन, जिस पर दो मंजिला मकान बना है, अपनी पत्नी के नाम बैनामा करा लिया। यह जमीन पहले पिता के नाम दर्ज थी।

इतना ही नहीं, ग्राम सोहरा स्थित पुश्तैनी जमीन से रेलवे लाइन गुजरने के कारण सरकार द्वारा 43,75,000 का मुआवज़ा स्वर्गीय पिता के नाम स्वीकृत हुआ, जो दिनांक 6 जनवरी 2026 को उनके बैंक खाते में आया। पीड़ित का आरोप है कि पिता की तबीयत उस समय अत्यंत खराब थी, उम्र लगभग 80 वर्ष थी, इसके बावजूद बड़े भाई ने सारा पैसा निकाल लिया और किसी भी प्रकार का हिस्सा नहीं दिया। प्रार्थी ने बताया कि पिता का इसी माह 28 जनवरी 2026 को निधन हो गया, लेकिन इसके बाद भी बड़े भाई ने हिस्सेदारी देने से साफ इंकार कर दिया आरोप है कि जब हिस्से की बात की जाती है तो धमकी दी जाती है और कहा जाता है कि 'जो करना हो कर लो। ' पीड़ित ने थाना खजनी में लिखित शिकायत देकर निष्पक्ष जांच, धनराशि व संपत्ति में न्यायोचित बंटवारे तथा कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इस गंभीर आरोप पर क्या कार्रवाई करती है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026: मतदान केंद्रों पर दावे-आपत्तियों की कार्यवाही का निरीक्षण

**●विशेष अभियान दिवस पर आयुक्त देवीपाटन ने किया बीएलओ कार्य का स्थलीय सत्यापन**

**,स्ध्स्ठ मतदाताओं के सत्यापन पर विशेष जोर, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

**घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद, पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर किया जागरूक**

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**गोण्डा।** निर्वाचन नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार की देर शाम विशेष अभियान दिवस के अवसर पर आयुक्त देवीपाटन द्वारा शहर के मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्राप्त फार्म-6, फार्म-8 एवं अन्य दावे-आपत्तियों पर की जा रही कार्यवाही की गहन समीक्षा की।आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मौके पर मौजूद बीएलओ से आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया, अभिलेखों के संधारण तथा समयबद्ध कार्यवाही की जानकारी ली। साथ ही,स्ध्स्ठ (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट) मतदाताओं का स्थलीय सत्यापन कराए जाने की प्रगति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जा सके।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सटीक मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है, इसलिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल होना तथा अपात्र प्रविष्टियों का विलोपन प्राथमिकता पर किया जाए।इसके अतिरिक्त आयुक्त द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर उनसे संवाद किया गया। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मतदाताओं को अपने नाम, आयु, पता एवं अन्य विवरणों के सत्यापन हेतु जागरूक किया। नागरिकों से अपील की गई कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो समय रहते संबंधित फार्म भरकर सुधार अवश्य कराएं।निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पुनरीक्षण कार्य को गति मिलने के साथ ही मतदाताओं में जागरूकता भी बढ़ी है।

# भाषण और ज्ञापन में सीमित रह गया प्रदूषण के खिलाफ कैंडल मार्च,आश्वासन पर स्थगित हुआ आंदोलन, ग्रामीणों में नाराजगी और चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा** – गोरखपुर सहजनवां क्षेत्र गीडा में संचालित फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ रविवार को प्रस्तावित कैंडल मार्च आखिरकार भाषण और ज्ञापन तक ही सिमट कर रह गया। पूर्व विधायक देवनारायण सिंह के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर सहजनवां नगर पंचायत सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा था। लंबे समय से वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण से जूझ रहे ग्रामीण इस आंदोलन से ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे थे। निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में ग्रामीण रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्र हुए। भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन पहले से ही सतर्क दिखाई दिया और पूरे दिन पुलिस-प्रशासन की तैनाती बनी रही। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ी, नेताओं ने मंच से संबोधन शुरू किया और प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर अपनी बात रखी। इसी दौरान घोषणा की गई कि प्रशासन ने समस्या के समाधान के लिए एक माह का समय मांगा है, जिसके चलते फिलहाल कैंडल मार्च को स्थगित किया जा रहा है। नेताओं ने भरोसा दिलाया कि यदि तय समय सीमा के भीतर प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं हुआ तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा। हालांकि, यह घोषणा होते ही कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा बदल गई और कैंडल मार्च नहीं निकाला गया।

घोषणा के बाद ग्रामीण धीरे-धीरे तितर-बितर हो गए। कई ग्रामीणों के चेहरों पर निराशा साफ दिखाई दी, जबकि कुछ लोग इसे आंदोलन को कमजोर करने वाला कदम बता रहे थे। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है और संबंधित फैक्ट्रियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एक माह के भीतर ठोस पहल करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात उपस्थित नेताओं द्वारा एसडीएम को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फैक्ट्रियों की जांच, प्रदूषण मानकों के अनुपालन और दोषी इकाइयों पर कार्रवाई की मांग की गई। कैंडल मार्च के स्थगित होने के बाद ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। कोई इसे प्रशासनिक दबाव बता रहा था तो कोई नेताओं की रणनीति पर सवाल उठा रहा था। कुल मिलाकर, प्रदूषण के खिलाफ उठी आवाज उस दिन आंदोलन के बजाय आश्वासन पर आकर ठहर गई।

## संक्षिप्त खबरें

### जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही अक्षम्य

**अधिकारी संवेदनशीलता से करें कार्य- जयवीर सिंह**



**फ़िरोज़ाबाद-** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनमानस की समस्याओं को सुना, जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की अपनी समस्याओं से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया, जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए माननीय मंत्री जी ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शीथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, माननीय मंत्री जी ने निर्देशित किया कि आम जनता को अपने जायज काम के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने न पड़े और हर प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक निश्चित समय सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति की मदद करना है।जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, प्रशासन, विकास कार्य और स्वास्थ्य विभाग इत्यादि से संबंधित मामले सामने आए, जिन्हें विभागों को तत्काल अग्रसारित किया गया, इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### यूजीसी के समर्थन में बसपा ने एसडीएम को ज्ञापन सोपा किया समर्थन




**बरेली/**यूजीसी का जहां पर जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ वहीं उसके समर्थन में आज बसपा कार्य कर्ताओं ने एसडीम नवाबगंज को ज्ञापन देकर इस कानून ज्ञापन देने से पूर्व बसपा कार्य करता पटेल चौक पर एकत्रित हुए और उसके बाद बैनर लेकर वह तहसील प्रांगण में पहुंचे वहां पहुंचने पर उन्होंने यूजीसी का समर्थन करते हुए एसडीम नवाबगंज उदित सिंह पवार को समर्थन का ज्ञापन सोपा गया इस समय तमाम कार्य करता गण उपस्थित थे।

### विवाहित व्यक्ति ने विवाहिता को प्रेम जाल में फंसाकर कर भगाया

**पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर व्यक्ति पर लगाये गम्भीर आरोप।**

**सिंगाही-खीरी।** थाना क्षेत्र में लव मैरिज की आड़ में धर्मपरिवर्तन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमे पीड़ित पति का आरोप की एक गैर समुदाय के विवाहित व्यक्ति ने विवाहिता महिला से शादी कर उस पर धर्म बदलने का दबाव डाल कर धर्मपरिवर्तन कर दिया। पीड़ित पति को जाति सूचक गाली और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पति ने प्रताड़ित होकर थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच की प्रारंभ।रविवार को सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव से अनुसूचित जनजाति( थारू) की विवाहिता महिला के पति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कस्बे के गैर समुदाय के विवाहित व्यक्ति इरफान पुत्र नईम ने बीते गुरुवार को उसकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसाने के बाद धर्मपरिवर्तन कराकर उससे विवाह कर लिया। महिला के पति ने लोगों से कहलवाकर और स्वयं भी उससे बातकर पत्नी को भेजने के लिए कहा, तब इरफान व उसके पिता नईम और बड़े भाई हनीफ ने उसको जाति सूचक गाली देकर घर से भगा दिया। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### गोला के प्रमुख मार्गो पर की गई पैदल गस्त

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सुरक्षा की दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी गोला के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ की गई पैदल गस्त की। इस दौरान कई संदिग्ध वाहनो एवं संबंधित व्यक्तियों की, भी चेकिंग की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला अंबर सिंह एवं भारी पुलिस बल के साथ बड़ा चौराहा, अंबेडकर तिराहा, शिवम चौराहा, सिनेमा रोड, नानक चौकी रोड तक पैदल गस्त किया गया। तथा संदिग्ध वाहन एवं संबंधित व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इस अवसर पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# ग्राम पंचायत डिहुआ कला में नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर धांधली के आरोप

● **विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत डीहुआ कला में प्रधान और पंचायत सचिव पर मिली भगत कर नाल रिपोर्ट और मरम्मत के नाम लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** विकासखंड धौरहरा की ग्राम पंचायत दिहुआ कला हाथ में हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत के लिए काफी समय से चर्चा में बनी है ।यहां पर प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से सरकार के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए हैंडपंप रिपोर एवं मरम्मत के नाम पर लाखों का गोलमाल कर लिए जाने का इल्जाम लगाया जा रहा है ।सूत्र बताते हैं धौरहरा की चर्चित इस ग्राम पंचायत के मजरा कटैला पुरवा में कई नल आज भी खराब पड़े हुए हैं। जिन पर गांव वाले कंडे पाथरहे हैं। एक तरफ जहां डबल इंजन की सरकार लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने को हर घर नल जल योजना चल रही है।




वहीं दूसरी तरफ चंद्र रूपये की खातिर मातहतो द्वारा सरकार के मंसूबों पर पानी फेर जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को जरा सा भी शासन का खौफ नहीं है जो बेखौफ होकर कागजी आंकड़ों की बाजीगरी कर सरकारी खजाने को चपात लगाने में लगे दिखाई पड़ रहे हैं ।लोगों का कहना है कि आखिर कब इस खेल पर लगेगी लगाम? क्या इसी तरह जनता को गुमराह किया जाता रहेगा? हैंडपंप खराब पड़े होने के चलते लोगो को बूंद बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है ।पीने का पानी लाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिसके चलते ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और जिम्मेदार मौन धारण किए हुए बैठे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है मामले की दर्जनों शिकायतें भी हुई और मामला अखबारी सुर्खियां भी बना इसके बावजूद किसी भी अफसर के कान पर जू तक नहीं रेंग रहा है। सरकार द्वारा भारी भरकम बजट दिए जाने के बावजूद सरकार की छवि धूमिल की जा रही है ग्रामीणों ने उक्त मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### कच्ची शराब के साथ हैदराबाद पुलिस ने एक अभियुक्तिका को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में दिनांक 01.02.2026 को भल्लिया बुजुर्ग से सेमरई सम्पर्क मार्ग से लगे खडंजे पर बह्द ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जिला खीरी से एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्ता रुबी पत्नी गया प्रसाद निवासी ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जनपद खीरी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 029/2026 धारा 60 श्वङ्ग ष्ट्ञ्ज पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।वही गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरिक्षक जयरनरायण यादव व सचिन कुमार, साहब बक्श महिला आरक्षी रीना कुमारी थाना हैदराबाद जनपद खीरी प्रमुख रूप से सामिल रही।

# विकसित भारत बजट 2026 सर्वस्पर्शी और सर्वग्राही- उदय प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** विकसित भारत बजट 2026 को लेकर आयोजित बातचीत में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह बजट सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वग्राही है। यह बजट विशेष रूप से महिला, किसान, गरीब और युवा वर्ग को समर्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हम इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 लॉन्च करेगी, साथ ही तकनीकी एवं कुशल कार्यबल के विकास के लिए उद्योग-नेतृत्व वाले अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्रों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह पहला बजट है, जो कर्तव्य भवन में तैयार किया गया है। इस बजट के तीन प्रमुख कर्तव्य हैं– आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत करना तथा जनता की उम्मीदों को पूरा करते हुए सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराना। उन्होंने बताया कि 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र के तहत विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। बजट में



दिल्ली-वाराणसी समेत सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित की जाएगी। दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच भी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे।उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अगले पांच वर्षों में पांच औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन कैप्चर के लिए ?20 हजार करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर तेजी से ले जाने वाला साबित होगा।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजिस्टर्ड की मासिक बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली खीरी** ब्लॉक बेहजम की ग्राम पंचायत भूलनपुर में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजिस्टर्ड) की मासिक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने की।इस अवसर पर मितौली तहसील सचिव प्रदीप मिश्रा एवं बेहजम ब्लॉक सचिव युवराज मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही।बैठक में जिला अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय मुख्य अतिथि तथा जिला प्रभारी विपिन मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आपसी एकजुटता एवं पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर गहन चर्चा की गई।जिला अध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए एकजुट और संगठित पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल दिया।वहीं जिला प्रभारी विपिन मिश्रा ने पत्रकारों से आपसी समन्वय बनाए रखने, एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े रहने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों एवं कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी भी साझा की।बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों को जिला अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं बेहजम ब्लॉक टीम द्वारा सभी पत्रकारों को माला पहनाकर डायरी एवं पेन भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर रणनीति तय की गई और पत्रकारों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विपिन मिश्रा द्वारा किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला उपाध्यक्ष बी.के. सिंह, डॉ. अनिल वर्मा, रमेश बाजपेई, राहुल वर्मा, इरशाद, नरोत्तम, सुनील यादव, नीरज जायसवाल, युवराज मिश्रा संगीता गुप्ता (विभाग महामंत्री, राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल), मोहम्मद आलम, प्रदीप मिश्रा, नवनीत वर्मा अवधेश कुमार मौर्य सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर सभी पत्रकारों ने संगठन की मजबूती बनाए रखने और पत्रकारिता की गरिमा को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया।

### शरद पूर्णिमा के अवसर पर शिव मंदिर पर रामायण पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया



**बरेली/**विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत में ढकिया बर्कली साहब गांव स्थित शिव मंदिर मढ़ी पर विशाल खीर भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भंडारे से पूर्व मंदिर में विधि-विधान से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के समापन के बाद हवन और विशेष पूजा-अर्चना की गई। क्षेत्र में शरद पूर्णिमा का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई मंदिरों में शरद पूर्णिमा की कथा का आयोजन किया गया और महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए। लोगों ने व्रत रखकर गोवंश को हरा चारा खिलाकर पुण्य लाभ भी अर्जित किया। शाम को प्रभु की विधि-विधान से आरती की गई और खीर का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार, चांदनी रात में खीर को खुले में रखा गया, जिसे अगले दिन सुबह प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।इस अवसर पर पूर्व प्रधान कांता प्रसाद गंगवार, तुलाराम वर्मा, पुष्पेंद्र गंगवार, प्रमोद कुमार, तारा चंद वृन्दावन और जय पाल, सहित कई गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### साईं बाबा हॉस्पिटल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जयंती, डॉ. प्रशांत शुक्ला ने दिया सेवा और समरसता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित साईं बाबा हॉस्पिटल में रविवार को महान समाज सुधारक और संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रशांत शुक्ला ने की।

दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. प्रशांत शुक्ला ने संत रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित करके किया। वातावरण संत रविदास अमर रहें' के जयकारों से गूंज उठा। डॉ. शुक्ला ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और समाज के लिए उनके योगदान को याद किया।

डॉ. प्रशांत शुक्ला का संबोधन इस अवसर पर उपस्थित लोगों और स्टाफ को संबोधित करते हुए डॉ. प्रशांत शुक्ला ने कहा कि संत रविदास जी केवल एक संत नहीं,बल्कि एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने दोहों और वाणियों के माध्यम से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव जैसी कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया।

डॉ. शुक्ला ने कहा संत रविदास जी का प्रसिद्ध दोहा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी हमें पवित्रता और ईमानदारी का मार्ग दिखाता है। एक चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी के रूप में हम सभी का यह दायित्व है कि हम भी उनके 'सेवा भाव' के आदर्श को अपनाएं और बिना किसी भेदभाव के मरीजों की सेवा करें। स्टाफ ने भी दी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। स्टाफ के सदस्यों ने भी बारी-बारी से संत रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने समाज में भाईचारा और प्रेम बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

### अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग का छापा, फर्जी डाक्टर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़ के निर्देशानुसार 31जनवरी को हीरागंज बाजार स्थित मन्नत क्लीनिक के संबंध में प्राप्त सूचना पर संज्ञान लिया गया, जहां कथित डॉ0 अरशद अहमद द्वारा अवैध रूप से मरीजों को देखे जाने की जानकारी प्राप्त हुई। सूचना के क्रम में उपमुख्य चिकित्साधिकारी प्रतापगढ़ डॉ0 आजाद अहमद मय हमराह स्वास्थ्य विभाग की टीम, जिसमें डॉ0 आर0पी0 सिंह एवं डॉ0 राजेश कुमार द्वारा थाना महेशगंज पुलिस के उप निरीक्षक प्रभाशंकर सचान के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त क्लीनिक कार्यालय में पंजीकृत नहीं पाया गया तथा राजकीय औषधियों का अवैध वितरण किया जाना पाया गया।छापेमारी के दौरान अवैध रूप से संचालित क्लीनिक से 06 बंडल राजकीय औषधियां बरामद की गई तथा कथित डॉक्टर अरशद अहमद पुत्र डॉक्टर इजहार अहमद निवासी कुण्डा बस स्टेशन रोड, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को हिरासत में लिया गया। उक्त संबंध में थाना महेशगंज पर एक नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# विधायक के आश्वासन के बाद भी नहीं हटे अवैध मकान

● **मोहब्बतपुर बना लोगों के लिए मुसीबतपुर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर के अंतर्गत मोहब्बतपुर में सैधरी पुराने पुल के पास कुछ परिवारों को अवैध तरीके से प्रधान शमी ने घर बनवा दिये थे। इसी जगह पर आए दिन खुराफाती तत्व अपना दिल बहला करके चले जाते हैं।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले शहर के एक दलित युवक को इसका विरोध करना भारी पड़ गया था उसको खींच करके मार दिया गया था हिंदू संगठनों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया परंतु प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया इस तमाम बवाल के बीच सदर विधायक योगेश वर्मा ने अवैध बने इन घरों




को हटाने का जनता को आश्वासन दिया था और प्रशासन से मांग की थी कि पुराने पुल पर अवैध रूप से बनाए गए घर हटवाए जाएं परंतु प्रशासन ने अवैध बने इन घरों को नहीं हटाया। इसमें रहने वाले लोगों के कई कई मकान अन्य जगहों पर भी बने बताए जाते हैं यह लोग जब से यहां बसे हैं तब से अच्छे भले राहगीरों को निकलना मुश्किल है।

इसका नवयुवकों पर भारी असर पड़ रहा है। प्रशासन ने पहले कहा था कि मैं पुराने पुल पर अवैध रूप से बनाए गए घरों को हटवा दूंगा लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक मकान नहीं हटाए गए यह लोग अपना पक्के पुल पर बने मकान में रहने वाले लोग हर आए दिन राहगीरों को छेड़ते रहते हैं जिससे कि सभ्य लोगों का प्रशासन से विश्वास हटता जा रहा है। बताया जाता है कि यह लोग अवैध तरीके से अपना आवास बनाकर शमी के संरक्षण में रह रहे हैं।

## आजादी के बाद से अब तक आरक्षित नहीं हुई गुरुगावा मुस्तकिल सीट, दलित समाज ने खोला मोर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**जिले के विकासखंड मझगवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरुगावा मुस्तकिल में चुनावी बिगुल बजने से पहले ही आरक्षण को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। जाटव समाज के लोगों ने एकजुट होकर इस बार ग्राम प्रधान पद की सीट को अनुसूचित जाति (स्ष्ट) के लिए आरक्षित करने की पुरजोर मांग उठाई है। ग्रामीणों का तर्क है कि स्वतंत्रता के बाद से आज तक इस पंचायत में अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिला है।

**संवैधानिक अधिकार के लिए आंदोलन की चेतावनी**

ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत में बड़ी आबादी होने के बावजूद जाटव समाज को नेतृत्व से वंचित रखा गया है। वीर सिंह सागर और प्रेमपाल सागर ने संयुक्त रूप से कहा, 'यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। यदि इस बार भी जिला प्रशासन ने हमारी मांग को नजरअंदाज किया, तो हम सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।' जाटव समाज के लोगों ने निर्णय लिया है कि वे जल्द ही एक ज्ञापन जिलाधिकारी (DM) को सौंपकर आरक्षण चक्रानुक्रम की जांच और सीट आरक्षित करने की मांग करेंगे।

**खंडहर बना 'बाबा साहब सामुदायिक भवन', रोष व्याप्त**

आरक्षण के साथ-साथ ग्रामीणों ने गांव में स्थित बाबा साहब सामुदायिक भवन की बदहाली का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के बाद से आज तक इस भवन की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिससे यह जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो रहा है।

इसके रखरखाव के प्रति प्रशासन की उदासीनता से सर्व समाज में भारी आक्रोश है इस दौरान मुख्य रूप से जसवीर सिंह, आराम सिंह, मोर सिंह, जितेंद्र सागर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है। कि सामुदायिक भवन की अविलंब मरम्मत कराई जाए और ग्राम पंचायत के आरक्षण में सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाए।

## केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट : दिनेश गुप्ता







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर नगर स्थित पार्टी कार्यालय भारत माता चौक पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बजट प्रसारण को सुना। भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एक सशक्त एवं निर्णायक कदम है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित है और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला रखता है।

उन्होंने कहा कि बजट में विकास, रोजगार, उद्योग, आधारभूत ढांचे और जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह ऐतिहासिक बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने वाला साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष वृन्दलाल गुप्ता, दिनेश गुप्ता मण्डल अध्यक्ष टूण्डला , डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , दीपक चौधरी , शिव शंकर शर्मा, नीलम दिवाकर, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, राजेश अग्रवाल, लीना मदान, सुनील पाठक, मुकेश धामा ,सीताराम एडवोकेट, विवेक शर्मा, सरदार मनिंदर सिंह, विनोद चौहान, गौरव जैन, ज्ञानेंद्र सिंह, नवीन अग्रवाल, अग्रज जैन, ज्ञानेंद्र सिंह, आदि।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

**बिसवां/सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छोटकनी (पत्नी राजेंद्र), निवासी राजा करनाई ने रेलवे ट्रैक पर जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। महमूदाबाद की ओर से सीतापुर की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और कोतवाली बिसवां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप ने संभाला पदभार



**आगरा/फ़िरोज़ाबाद-** 01.02.2026 नागेन्द्र प्रताप ने रविवार को आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभाग ग्रहण करने के दौरान मण्डल आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए शैलेन्द्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, अपर आयुक्त न्यायिक मंजूलता और आयुक्त पीए पदम चंद्र मिश्रा ने नवागत मण्डल आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर नागेन्द्र प्रताप को बधाई दी। इससे पूर्व नवागत आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बता दें कि नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से इटावा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे। इससे पूर्व वे वर्ष 2016 में आगरा में मुख्य विकास अधिकारी, वर्ष 2017 में लखनऊ यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और वर्ष 2018 में मथुरा में यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2024 में बांदा जिला के जिलाधिकारी के रूप में अपना दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

# लंभुआ में सेवार्थम गंगा रथ का भव्य शुभारंभ

● **नि:शुल्क घर-घर तक पहुंचाया जाएगा मां गंगा का पवित्र जल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ।** सुल्तानपुर कुंभ मेले में जो मां के भक्त प्रयागराज गंगा जी में स्नान करने नहीं जा पाए उनके लिए सेवार्थम फाउंडेशन मां गंगा का पवित्र जल लेकर आया है और घर-घर सेवार्थम गंगा रथ के माध्यम से नि:शुल्क पहुंचाएगा। उक्त विचार गंगा रथ के विधिवत उद्घाटन करने के मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ आशीष तिवारी ने व्यक्त किए।

लंभुआ के मेला वाली बाग में मां गंगा आरती के साथ सेवार्थम गंगा रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सत्यनाथ मठ अल्देमउ कादीपुर के कपाली महाराज एवं फाउंडेशन के संस्थापक डॉ आशीष तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद वाराणसी से आए आचार्य द्वारा गंगा आरती कराई गई। फिर सेवार्थम गंगा रथ का विधिवत उद्घाटन किया गया और गांव-गांव घर-घर तक जाने के लिए गंगा रथ आगे बढ़ा। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ तिवारी ने बताया कि मां गंगा के पवित्र जल को निशुल्क घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भक्त कुंभ में प्रयागराज मां गंगा के पास नहीं जा पाए, उनके लिए हम



मां का पवित्र जल लाए हैं। कपाली महाराज ने कार्यक्रम को हर्ष का विषय बताया और कहा कि यह क्षण हम सभी के लिए गौरव एवं सौभाग्य का क्षण है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दूबे, विपुल मिश्रा, देवी सिंह, राजकुमार अग्रहरि, प्रशांत चतुर्वेदी, हरिओम अग्रहरि, पंकज सिंह, अमित बरनवाल आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए 8 स्थानों पर लगे बैरियर

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत 08 स्थानों पर बैरियर द्रस्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज की गयी कार्यवाही में 53 ट्रक, 3 बस, 87 चार पहिया / दो पहिया कुल 143 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें, रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें, ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें, यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें, शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आज यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर की गई



कार्यवाही के अंतर्गत रॉन्ग साइड 245, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर 82, एचएसआरपी 21, अन्य 1488 व कुल 1836 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## फुटबॉल प्रतियोगिता में पेनाल्टी शूटआउट में मुनारी ने ज्ञानपुर को हराया



**ज्ञानपुर।** ज्ञानपुर स्थित बीएन जीआईसी इंटर कॉलेज मिनी स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। फाइनल मैच मुनारी और ज्ञानपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें शानदार खेल दिखाती रहीं, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त होने के बाद पेनाल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें मुनारी की टीम ने 5 गोल दागकर जीत दर्ज की, जबकि ज्ञानपुर की टीम केवल 3 गोल ही कर सकी। इस प्रकार मुनारी की टीम टूर्नामेंट की विजेता बनी, जबकि ज्ञानपुर की टीम को उपविजेता घोषित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में उपविजेता ज्ञानपुर टीम को 11,000 रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिसे जिला पंचायत सदस्य अंजनी शुक्ला एवं ज्ञानपुर के पूर्व चेयरमैन हीरालाल मौर्य द्वारा प्रदान किया गया। वहीं विजेता मुनारी टीम को 21,000 रुपये नगद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की गई। विजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि भदोही के पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद एवं शाहिद रजा रिजवी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

## इनोवा कार के टक्कर से गलत दिशा से जा रहे बाइक सवार दो घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली के गोपपुर मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनोवा कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गयाद्य घटना के बारे में बताया जाता है प्रतापगढ़ जनपद के विरौती पट्टी निवासी विकास यादव 30 वर्ष व दीपक विश्वकर्मा 35 वर्ष अपने अपाचे बाइक से विंध्याचल दर्शन करने गए थे जहां से रविवार को सुबह वापस लौट रहे थे राष्ट्रीय राजमार्ग पर रांग साइड से दक्षिणी लेन पर जा रहे थे इस दौरान वाराणसी से प्रयागराज गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालु की इनोवा कार से बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें जहां इनोवा कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही कार सवार पूरी तरह सुरक्षित रहे। बाइक सवार विकास यादव की हालत जहां गंभीर हुई वहीं दीपक विश्वकर्मा को भी काफी चोटे आई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से विकास यादव को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस इनोवा और बाइक को थाना ले गई और मामले की जांच पड़ताल करने में लगी है।

## ग्राम चौपालों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक



**भदोही।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर शासन की मंशा के अनुरूप भदोही पुलिस द्वारा 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के तहत जनकल्याणकारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में महिला बीट अधिकारियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। अभियान के अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों, कस्बों, स्कूलों, कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण करते हुए ग्राम चौपालों का आयोजन किया, जहां महिलाओं व बालिकाओं की समस्याएं सुनी गई और प्राथमिकता के आधार पर उनके समाधान का प्रयास किया गया। इस दौरान कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दी गई। महिला बीट अधिकारियों द्वारा महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क, कानूनी प्रावधानों तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए 1930 हेल्पलाइन नंबर के उपयोग के संबंध में भी बताया गया। जागरूकता के लिए पम्पलेट भी वितरित किए गए।

# 'पुलिस अधीक्षक भदोही की मुस्तैदी से बरामदे में सोए हुए व्यक्ति पर लोहे के एंगल से जोरदार प्रहार कर जानलेवा हमला/घायल करने की घटना में शामिल अपराधी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



थाना सुरियावां पर आवेदक प्रमोद चौहान पुत्र स्व राज नरायण चौहान निवासी ग्राम भिखमा पुर थाना सुरियावां भदोही द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 28.1.2026 समय लगभग 10.30 रात्रि को है। मैं अपने कमरे में सो रहा था तथा मेरा बड़ा भाई विनोद चौहान उम्र 34 वर्ष घर के बाहर बरामदे में सो रहे थें। दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात आयें और मेरे भाई के उपर कुल्हाड़ी व लाठी डंडा से जान लेवा हमला किये जिससे मेरे भाई के दोनों पैर गम्भीर रुप से घायल हो गये जिनको ईलाज हेतु ट्रामा सेन्टर वाराणसी भर्ती कराया गया है। मेरा जमीन सम्बन्धित विवाद निजामुदीन पुत्र जबरुल्ला निवासी सुभाष नगर ग्राम कलापुर थाना ऊंज जनपद भदोही से चल रहा है। मुझे शक है कि निजामुदिन ने मेरे भाई पर हमला करवाया है। आवेदक की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 25/2026 धारा 109 बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई

अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में बरामदे में सोए हुए व्यक्ति पर लोहे के एंगल से जोरदार प्रहार कर जानलेवा हमला/घायल करने की घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 01.02.2026 को प्रभारी निरीक्षक मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 25/2026 धारा 109 बीएनएस से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्त करिया उर्फ कलेक्टर पुत्र लखन्दर निवासी कनकपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही को मड़इया नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान संबंधित न्यायालय किया गया।

पूछताछ पर अभियुक्त स्वयं अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि निजामुद्दीन पुत्र जबरुल्ला निवासी सुभाष नगर ग्राम कलापुर थाना ऊंज जनपद भदोही द्वारा मेरी मां पर कामुक दृष्टि/अभद्र टिप्पणी/गलत नजर से देखता था जिसको लेकर गांव वाले मुझे चिढ़ाते थे। जिसका मुझे बदला लेना था। मुझे पता था कि विनोद चौहान पुत्र स्व0 राज नरायण चौहान निवासी ग्राम भिखमापुर थाना सुरियावां भदोही और निजामुद्दीन से विवाद चल रहा है। दोनों के बीच चल रहे विवाद का लाभ लेते हुए निजामुद्दीन को फसाने के लिए मैं दिनांक- 28.01.2026 को रात्रि में अपने घर से लोहे का एंगल लेकर गया और जान से मारने की नीयत से विनोद कुमार चौहान के घर जाकर उसके पैर पर जोरदार प्रहार करके मारा, जिससे उसका पैर कट गया तथा एंगल को गेहूं के खेत में फेंक दिया था और अपने घर चला गया।

# पुलिस ने दबोचा मोबाइल चोर, घर से एंड्राइड मोबाइल फोन चुराने वाला शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन (सैमसंग कम्पनी) किया गया बरामद**




थाना सुरियावाँ पर आवेदक तपानाथ विश्वकर्मा पुत्र माता प्रसाद विश्वकर्मा निवासी कुसौड़ा थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 31.01.2026 को रात्रि करीब 01.00 बजें हरिनाथ पुत्र अमरनाथ निवासी कलियापुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही मेरे घर में घुसकर कुछ सामान चोरी करने लगा तभी मेरी नींद आवाज आने पर खुल गयी जब हम उठे तो हरिनाथ ने मेरा मोबाइल लेकर भाग गया। इसके संबंध में मु0अ0सं0- 27/2026 धारा 305 ए ब्हस्र थाना सुरियावां जनपद भदोही का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

# आजमगढ़ भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट भाषण का प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**आजमगढ़** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट भाषण को एल ए डी टीवी के माध्यम से सुना गया ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, मुख्य अतिथि आजमगढ़ जिला प्रभारी अशोक सिंह, लालगंज प्रभारी मुराहू राजभर मौजूद रहे। बजट भाषण को सुनने के बाद मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट 2026 देश के सामने रखा गया। यह बजट 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बजट है। यह बजट देश के विकास के लिए देश की जनता के लिए बहुत ही सुंदर बजट है यह बजट रक्षा के क्षेत्र में औद्योगीकरण के क्षेत्र में और सड़क से लेकर समुद्र तक विकास के लिए बहुत ही बड़ा बजट है। इस बजट का हम स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमणऔर प्रदेश अध्यक्ष व केंद्र सरकार में वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी जी को धन्यवाद देता हूं।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि यह बजट जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट इसमें बहुत सी चीजों के दाम भी घटे हैं जिसमें मुख्य रूप से कैंसर की 17 दावों के दाम कम हुए हैं और भी सात गंभीर बीमारियों की दावों के दाम को काम किया गया है वस्त्र और जूते के दाम भी कम हुए हैं मोबाइल फोन के भी दाम कम हुए है। हम इस बजट का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा गुड्डू, श्रीकृष्ण पाल, घनश्याम पटेल, कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, सतेन्द्र राय, आजाद अनिमर्दन, लक्ष्मण मौर्या, निखिल राय, पवन सिंह मुन्ना, हनुमंत सिंह सचिदानंद सिंह, पूनम सिंह, विभा बर्नवाल प्रवीण सिंह,विनय प्रकाश गुप्ता मृगांक शेखर सिन्हा विवेक निषाद पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनपरा इं. एस.पी. यादव को महाप्रबंधक पद पर प्रोन्नति जे.ई. संगठन ने जताया हर्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा, सोनभद्र** 31 जनवरी, 2026 अनपरा तापीय परियोजना में कार्यरत इं. एस.पी. यादव को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा महाप्रबंधक (General Manager) के पद पर प्रोन्नत किए जाने पर परियोजना परिसर में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर जूनियर इंजीनियर्स (जे.ई.) संगठन के पदाधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुलाकात के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने इं. एस.पी. यादव के अब तक के कार्यकाल और उनके योगदान की चर्चा की। पदाधिकारियों ने कहा कि श्री यादव की कार्यशैली, तकनीकी विशेषज्ञता और निगम के प्रति उनकी निष्ठा सभी के लिए प्रेरणादायक है। संगठन ने विश्वास जताया कि महाप्रबंधक के रूप में उनका अनुभव निगम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। जे.ई. संगठन ने उनके सफल कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संगठन के सदस्यों का मानना है कि उनकी यह पदोन्नति न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम है, बल्कि इससे पूरे इंजीनियरिंग संवर्ग का मान बढ़ा है। इस अवसर पर जे.ई. संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।ई. धर्मेंद्र यादव (शाखाध्यक्ष) इं. आवेश यादव (शाखा सचिव) अन्य सदस्य इं. मनोज पाल, इं. विष्णु देव झा, इं. अजहरुद्दीन, इं. अमित मौर्य, इं. मोहित यादव एवं इं. अमित कुमार सहित अन्य सम्मानित अभियंता।

# नारायणी कटरा मे मनाई गई संत शिरोमणि की जयंती

**गोपीगंज।** नगर के नारायणी कटरा मे संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्व समाज जनहित पार्टी द्वारा आयोजित जन्मोत्सव का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह ने कियाद्यपूर्व की भांति आयोजित कार्यक्रम मे श्री सिंह ने रविदास जी को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने भक्ति मार्ग के जरिए देश में जाति पाति धर्म ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का काम किया था ऐसे संत शिरोमणि को शत शत नमन करता हूं। लोगों से उनके सिद्धांतो को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जीवन को कृतार्थ करने का आह्वान किया।इस मौके पर डा.विनय शंकर तिवारी,सिंटू शुक्ला,रामानुज त्रिपाठी,दिलीप तिवारी,मोहम्मद उमर ,राम रसीले,प्रमोद कुमार,चंदर दुआ रामबाबू,मून्नू ,वारिस,अरमान,लल्लन बिंद व अन्य मौजूद रहे।

# बाँदा को छः विकेट हराकर सेवाश्रम इंटर कॉलेज ने जीता खिताब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आज़ाद स्टेडियम मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। रविवार को फाइनल मैच में सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बाँदा को छः विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बाँदा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। बाँदा की ओर से राहुल राज ने 43 गेंदों पर 82 रन की शानदार पारी खेली, जबकि सौरभ प्रताप ने 19 गेंदों पर 42 रन बनाकर मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां की टीम ने 18.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से यश ने 31 गेंदों पर 54 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं अनुराग राघव ने 33 गेंदों पर नाबाद 52 रन और दुर्गा चरण ने नाबाद 29 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। बाँदा की ओर से गेंदबाजी में वैभव पाल (3 ओवर, 32 रन, 1 विकेट), ध्रुव प्रताप सिंह (3 ओवर, 41 रन, 1 विकेट) और रंजीश कुमार (4 ओवर, 42 रन) ने संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके।

**पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह**

मैच समाप्त होने के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता के चीफ ऑर्गेनाइज़र प्रतीक महर्षि दुबे एवं फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि मडियाहू विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। इस दौरान विजेता सेवाश्रम इंटर कॉलेज सुरियावां को 1,00,000 रुपये नगद व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता बाँदा की टीम को 50,000 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई।फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. आर.के. पटेल ने कहा कि 'ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे आयोजन युवाओं को नई दिशा देते हैं। भविष्य में सुरियावां क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।'

वहीं प्रतियोगिता के चीफ ऑर्गेनाइज़र प्रतीक महर्षि दुबे ने कहा कि 'इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच देना है। खिलाड़ियों और दर्शकों का जो सहयोग मिला है, उससे आगे भी ऐसे बड़े आयोजन कराए जाएंगे।'

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, सुरेश चंद्र मिश्रा,मोनू मिश्रा,विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, मथुरा प्रसाद यादव, दिनेश यादव दादा,जमींदार बिंद, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, श्याम बहादुर यादव, परमेंद्र गौतम, ,मनोज गौतम, अतुल सिंह, नितेश श्रीवास्तव,आशीष उपाध्याय सनी सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ओबरा तापीय परियोजना ने जीता जोनल फुटबॉल का खिताब रोमांचक मुकाबले में अनपरा को दी मात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा,** उत्तर प्रदेश खेल के मैदान पर जब दो दिग्गज टीमें आमने-सामने हों, तो रोमांच का चरम पर होना लाजिमी है। उत्तर प्रदेश जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आज कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जहाँ ओबरा तापीय परियोजना की टीम ने एक कड़े संघर्ष के बाद अनपरा की टीम को परास्त कर चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें एक-दूसरे के डिफेंस को भेदने में नाकाम रहीं। अनपरा की टीम ने घरेलू मैदान का फायदा उठाते हुए कई शानदार मूव्स बनाए, लेकिन ओबरा के मजबूत गोलकीपिंग और रक्षापंक्ति ने हर हमले को नाकाम कर दिया। दोनों टीमों ने डू और डाई की रणनीति अपनाई, जिससे निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर रहा।

मैच का निर्णय पेनल्टी शूटआउट (ट्राई-ब्रेकर) के जरिए लिया गया। दबाव के इन क्षणों में ओबरा के खिलाड़ियों ने गजब के धैर्य का परिचय दिया।ओबरा की टीम ने सटीक किक्स और गोलकीपर के शानदार बचाव के दम पर अनपरा को पीछे छोड़ते हुए जीत सुनिश्चित की। इस बड़ी उपलब्धि के बाद ओबरा टीम के कप्तान अनुराग मिश्रा और उनकी पूरी टीम को बधाइयों का ताँता लगा हुआ है। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व और टीम के आपसी तालमेल ने ही इस कठिन मुकाबले को ओबरा के पक्ष में मोड़ दिया।यह जीत किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि पूरी टीम की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। अनपरा की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन हमने अंत तक हार नहीं मानी। इस जीत के साथ ही ओबरा तापीय परियोजना ने फुटबॉल के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम कर लिया है। खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने पूरी टीम को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# ओबरा के भलुआ टोला में जमीन विवाद को लेकर भारी तनाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र (ओबरा)** 1 फरवरी 2026 ओबरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भलुआ टोला शनिवार शाम रणक्षेत्र में तब्दील होते-होते बचा। वन विभाग की भूमि पर कब्जे और निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच उत्पन्न हुए विवाद ने सांप्रदायिक और प्रशासनिक तनाव का रूप ले लिया है। सूचना मिलते ही ओबरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को थाने ले आई। पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चार नामजद समेत अन्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए भाजपा ओबरा मंडल उपाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि विवाद की वास्तविक शुरुआत डीह बाबा मंदिर के निर्माण कार्य को लेकर हुई। जब स्थानीय हिंदू समाज के लोगों ने मंदिर निर्माण की पहल की, तो दूसरे पक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया। भाजपा पदाधिकारियों का आरोप है कि एक ओर मंदिर निर्माण को रोका जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग की प्रतिबंधित भूमि पर अवैध रूप से निर्माण और कब्जे किए जा रहे हैं। प्रकरण में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब भाजपा नेताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित घरों में अवैध मदरसा संचालित होने का आरोप लगाया।

विकास कुमार सिंह ने प्रशासन पर सवाल दागते हुए पूछा कि क्या वन विभाग की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए जा सकते हैं? उन्होंने आशंका जताई कि यदि सरकारी आवासों में बाहरी छात्रों को लाकर गुप्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है, तो यह क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नित्यानंद दुबे ने स्थिति की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भलुआ टोला में बाहरी तत्वों की संदिग्ध आवाजाही और स्थानीय दबाव के कारण कई हिंदू परिवार पलायन करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे क्षेत्र की स्थलीय जांच कर सरकारी भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। भाजपा पदाधिकारियों की मुख्य मांगें राजस्व एवं वन विभाग संयुक्त रूप से भूमि का सीमांकन करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन की पात्रता और भूमि के स्वामित्व की उच्च स्तरीय जांच हो। कथित मदरसे की वैधानिकता और वहां रह रहे छात्रों के पहचान पत्रों की गहन जांच की जाए।

भलुआ टोला के स्थानीय निवासियों का कहना है कि मदरसे में करीब एक दर्जन बच्चे आते हैं, लेकिन उनके आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। कुछ बच्चे वहीं रहते हैं, जिससे आसपास के माहौल में संशय बना रहता है। फिलहाल, क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और उच्चाधिकारियों को मामले की रिपोर्ट भेज दी गई है।

# ऊर्जा की राजधानी में सेवा की सरिता श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी सेवा संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र (ओबरा)** 31 जनवरी 2026-खुद को बदलो, समाज बदलेगा। समाज को बदलो, देश बदलेगा। इसी सेवा संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी नगर पंचायत और ऊर्जा की राजधानी कहे जाने वाले ओबरा के सुभाष चौराहे पर आस्था और सेवा का संगम देखने को मिला। यहाँ स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार को 28वें भव्य खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और बजरंगबली को खिचड़ी का भोग लगाकर की गई, जिसके पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।समिति के संस्थापक पत्रकार अजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यह समिति पिछले कई वर्षों से समाज के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। श्री राम सेवा समिति का उद्देश्य केवल प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं है। समिति का मुख्य ध्येय एक कदम बेहतर भविष्य की ओर बढ़ाना है। समिति के सेवा कार्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली रहा है। बरसात में गरीबों के कच्चे मकानों के लिए प्लास्टिक तिरपाल का वितरण।दीपावली पर निर्धन परिवारों के बीच मिठाई और मोमबत्ती बांटना। कड़ाके की ठंड में बुजुर्गों और असहायों को कंबल उपलब्ध कराना। वर्षों से स्थानीय मंदिरों की रंगाई-पुताई और देखरेख का जिम्मा उठाना। इस 28वें शनिवार के सफल आयोजन में नीरज श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, आदित्य वर्मा, बाबूराम सिंह और करण जोगले का विशेष सहयोग रहा। समिति ने इन सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सेवा कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने वालों में मुख्य रूप से संकट मोचन झा, सर्वेश दुबे, अविनाश श्रीवास्तव, रीता कुमारी, सरिता सिंह, पुष्पा दुबे, सुजीत सावड़ा, दीपक माली, अमित गुप्ता, रणजीत तिवारी, राम आश्रम बिंद, हेमलता जायसवाल और अमित सोनी सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति का संदेश आइए मिलकर परिवर्तन लाएं। समाज के प्रति हमारी छोटी सी पहल किसी के जीवन में बड़ी खुशियाँ ला सकती है।

# श्रीमद्भागवत कथा में रुक्मणी विवाह की झांकी ने भक्तों का मन मोहा

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड के छानी खुर्द में चल रही गायत्री महायज्ञ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास पंडित लखनलाल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा गमन, कंस वध और रुक्मणी विवाह के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास पंडित लखनलाल जी महाराज ने बताया कि जब धरती पर अधर्म और अत्याचार चरम पर पहुँचा, तब भगवान ने श्री कृष्ण के रूप में अवतार लिया। उन्होंने मथुरा जाकर अत्याचारी राजा कंस का वध कर प्रजा को भयमुक्त किया और अपने माता-पिता देवकी व वासुदेव को कारागार से मुक्त कराया।

कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि माता रुक्मणी साक्षात् लक्ष्मी स्वरूपा हैं, जिन्होंने मन ही मन भगवान कृष्ण को अपना पति स्वीकार किया था। कथा स्थल पर श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की भव्य झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने 'द्वारकाधीश की जय' के नारों के साथ पुष्प वर्षा की। कई भक्त बाराती बनकर झूम उठे और मंगल गीतों पर जमकर नृत्य किया। कथा के समापन पर सभी भक्तों के द्वारा आरती की गई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

उधर सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के तीसरे दिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की सरिता प्रवाहित हुई। वृंदावन से आए कथा व्यास रामबाबू त्रिपाठी ने नरसिंह अवतार,अजामिल उद्धार और जड़ भरत के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि वैराग्य और भगवान के नाम स्मरण से ही जीवन का कल्याण संभव है। नरसिंह भगवान द्वारा हिरण्यकश्यप वध और भक्त प्रहलाद की रक्षा का प्रसंग सुनते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। मुख्य यजमान राम प्रकाश द्विवेदी ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन व आरती की। कथा में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय कुर्मी महासभा में अर्जक पद्धति से हुई शादी



**प्रयागराज।** भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल एवं बहराइच से चलकर आए रामेश्वर चौधरी जी ने दो परिवार के बीच भारतीय कुर्मी महासभा के विचार धारा को अवगत कराया और कहा कि अर्जक पद्धति से शादी कराया जाय । कार्यक्रम के सभा अध्यक्ष अरुण पटेल रहे। दोनों परिवार सहमतहो गए। प्रथम परिवार रवि पटेल करण सिंह पटेल ग्राम सभा मनोरी मनौरी पूरामुकती प्रयागराज एवं द्वितीय पक्ष रश्मि पटेल थानेश्वर सिंह पटेल सिराथू विधानसभा के ग्राम सभा खोजवा पुर कोखराज कौशांबी के स्थाई निवासी हैं। दोनों परिवार ने गलत परंपराओं का विरोध कर समाज हित में अपने बच्चों की रजामंदी के साथ पूर्व में रहे वित्त मंत्री महामना डॉक्टर रामस्वरूप वर्मा के द्वारा बनाई गई अर्जक पद्धति के द्वारा भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल एवं रामेश्वर चौधरी ने शादी करवाई। शादी बिल्कुल शादगी की तरह हुई बहुत कम समय लगा और सभी लोगों ने बहुत सराहा। शादी बिल्कुल निशुल्क हुई। शादी में दोनों पक्षों को कहां गया कि यह इस तरह शादी हम लोग निशुल्क करते हैं। जिसमें दोनों बच्चों का आर्थिक एवं समय भी बचता है एवं समाज में एक सामाजिक परिवर्तन भी होता है। और लगातार इसी तरीके से होना चाहिए क्योंकि यहां पर गोबर का गौर और अग्नि के साक्षी की बातें नहीं कही जाती।

### सिमुलेटर फायरिंग में 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**ब्यूरो प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के मार्गदर्शन में एमएनएनआईटी प्रयागराज परिसर में आयोजित सिमुलेटर फायरिंग प्रशिक्षण ने 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज की सैन्य दक्षता को एक नई पहचान दी है। आधुनिक तकनीक से युक्त यह प्रशिक्षण कैडेट्स के लिए केवल अभ्यास मात्र नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास के निर्माण का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अवसर पर कैडेट्स में विशेष उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। प्वाइंट .22 राइफल के माध्यम से सिमुलेटर पर फायरिंग अभ्यास ने कैडेट्स की एकाग्रता, सटीक निशाने और निर्णय क्षमता को और अधिक मजबूत किया है। सीमित फील्ड फायरिंग रेंज की परिस्थितियों में सिमुलेटर तकनीक कैडेट्स को वास्तविक सैन्य वातावरण के निकट अनुभव प्रदान कर रही है, जिससे उनका मनोबल और तकनीकी समझ निरंतर विकसित हो रही है। 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज की कमान अधिकारी कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत के प्रेरक नेतृत्व और मार्गदर्शन में कैडेट्स प्रत्येक गतिविधि में अनुकरणीय प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके उत्साहवर्धक शब्द कैडेट्स को प्रत्येक अवसर का श्रेष्ठ उपयोग कर राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं। यह प्रशिक्षण न केवल सैन्य कौशल को निखार रहा है, बल्कि कैडेट्स में कर्तव्यबोध, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय चेतना को भी सुदृढ़ कर रहा है।

### गोकशी के अभियोग से सम्बंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-47/ 2026 धारा-3/ 5/ 8 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बंधित वांछित अभियुक्त मो0 सफीक उर्फ कल्लू पुत्र मो0 आयूब निवासी ग्राम भदवां थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-31.01.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरियापुर के पास से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल वाहन सं0- P 70 AX 6803 के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की।

## बजट 2026: बुलेट ट्रेन अब तक नहीं चली, 7 नए रेल कॉरिडोर की घोषणा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1 फरवरी 2026 संसद में बजट 2026-27 पेश करते हुए भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। पर्यावरण के मद्देनज़र और तेज़ यात्री ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए देश में 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन जैसी हाई-स्पीड रेल लाइनें) विकसित करने की घोषणा की गई है। ये कॉरिडोर प्रमुख शहरों को जोड़ने वाले 'ग्रोथ कनेक्टर्स' के रूप में काम करेंगे, जिससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी, कार्बन उत्सर्जन घटेगा, सड़क और हवाई अड्डों पर भीड़ कम होगी तथा आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। हालांकि इसके लिए बजट आवंटन कितना है, इसकी जानकारी फिलहाल वित्त मंत्री ने नहीं दी है। 14 सितंबर 2017 को पीएम मोदी और जापान के प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। करीब 9 साल बाद भी यह ट्रेन शुरू नहीं हो पाई थी। अब इसके 2029 में शुरू होने की उम्मीद है। यानी इस एक प्रोजेक्ट में एक दशक का समय बीत जाएगा। इन 7 रेल कॉरिडोर का प्रोजेक्ट कब पूरा होगा, इसका सहज अंदाज़ा लगाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा, 'पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ यात्री परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए हम शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करेंगे।'

ये कॉरिडोर प्रमुख आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक केंद्रों को आपस में जोड़ेंगे। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर सिर्फ ट्रेनों का विस्तार नहीं है, यह देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को गति देने की महत्वाकांक्षी योजना है। दरअसल, जब कोई रेल कॉरिडोर तैयार होता है तो उसके ज़रिए बड़े पैमाने पर निर्माण प्रक्रिया चलती है। यह निर्माण सिर्फ रेल कॉरिडोर तक सीमित नहीं रहता है, बल्कि इस कॉरिडोर के रास्ते में आने वाले हर छोटे-बड़े शहर का विकास भी होता है। कॉरिडोर के रास्ते वाले शहरों में निर्माण की प्रक्रिया तेज़ हो जाती है।

1. **मुंबई-पुणे कॉरिडोर:** वित्तीय राजधानी मुंबई और शिक्षा-आईटी हब पुणे के बीच व्यस्त मार्ग पर क्रांतिकारी बदलाव, व्यापारियों, छात्रों और पेशेवरों के लिए समय की बचत।
2. **पुणे-हैदराबाद कॉरिडोर:** निर्माण और स्टार्टअप हब पुणे को फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेंटर हैदराबाद से जोड़ेगा, पश्चिमी और दक्षिणी भारत के बीच आर्थिक तरक्की बढ़ाएगा।
3. **हैदराबाद-बेंगलुरु कॉरिडोर:** आईटी हब हैदराबाद और टेक कैपिटल बेंगलुरु जुड़ेंगे। कॉरपोरेट और स्टार्टअप यात्रा को नया रूप देगा, उड़ानों का तेज़ विकल्प बनेगा। हाईवे/एयरपोर्ट की भीड़ कम करेगा।
4. **हैदराबाद-चेन्नई कॉरिडोर:** वैश्विक व्यापार केंद्र हैदराबाद को ऑटोमोबाइल, पोर्ट और आईटी शहर चेन्नई से जोड़ेगा, छोटी दूरी की उड़ानों पर निर्भरता घटाएगा।।
5. **चेन्नई-बेंगलुरु कॉरिडोर:** व्यस्त मार्ग पर यात्रा समय को लगभग एक घंटे तक कम करेगा, आईटी, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों को मजबूती देगा तथा शहरी विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।
6. **दिल्ली-वाराणसी कॉरिडोर:** राष्ट्रीय राजधानी को पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक और पर्यटन केंद्र वाराणसी से जोड़ेगा, तीर्थयात्रा और व्यापार को आसान बनाएगा।
7. **वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर:** पूर्वी भारत को उत्तर-पूर्व से जोड़ेगा, सिलीगुड़ी (उत्तर-पूर्व का गेटवे) के माध्यम से क्षेत्रीय एकीकरण बढ़ाएगा। बेंगलुरु के लिए यह खास तौर पर फायदेमंद है क्योंकि शहर दो प्रमुख कॉरिडोर (हैदराबाद-बेंगलुरु और चेन्नई-बेंगलुरु) से जुड़ेगा। इससे टेक इंडस्ट्री, स्टार्टअप्स और अन्य क्षेत्रों में यात्रा आसान होगी तथा कर्नाटक की आर्थिक गतिविधियां और मजबूत होंगी। वित्त मंत्री की घोषणा भारत के पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट (अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड रेल) के निर्माण के बीच आई है। हालांकि बुलेट ट्रेन शुरू नहीं हो पाई है।

जबकि घोषणा को कई साल बीत चुके हैं। बुलेट ट्रेन के जरिए अहमदाबाद-मुंबई के बीच विकास की गंगा बहने के दावे किए गए थे। बहरहा, रेलवे बजट में आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है, जिसमें कवच सुरक्षा प्रणाली, वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें शामिल हैं। अगर इसे घोषणा के तौर पर देखें तो यह कदम भारत को विश्वस्तरीय रेल नेटवर्क की ओर ले जाएगा, जो तेज़, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देगा। बजट में इन कॉरिडोर के लिए विशिष्ट निवेश राशि का उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन इन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## बहरिया एवं कोराव में दिनांक 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संतृप्त किए जाने हेतु अभियान चलाया जाएगा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नीति आयोग आकांक्षात्मक विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद प्रयागराज के आकांक्षी विकासखंड बहरिया एवं कोराव में दिनांक 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक संपूर्णता अभियान 2.0 के अन्तर्गत चिन्हित कुल 6 सूचकांकों को शत प्रतिशत संतृप्त किए जाने हेतु अभियान चलाया जाएगा। आकांक्षी ब्लॉको में संपूर्णता अभियान के अन्तर्गत नवचिन्हित कुल 6 सूचकांकों को शत-प्रतिशत संतृप्त किए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि कुल 6 सूचकांकों में बाल विकास पुष्टाहार के चार सूचकांकों, शिक्षा विभाग के एक और पशुपालन विभाग के एक सूचकांक को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रत्येक सूचकांक का माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए विस्तृत कार्य योजना बनायें और व्यापक अभियान चलाकर सभी चिन्हित सूचकांकों को संतृप्त करना सुनिश्चित करे। आकांक्षी विकासखंड बहरिया ने 6 सूचकांको में से 6 तथा विकास खण्ड कोराव ने 6 सूचकांकों में से 5 सूचकांक का शत- प्रतिशत संतृप्त किए थे। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी सूचकांकों को निर्धारित समयावधि में शत प्रतिशत संतृप्त किया जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्री शिवनाथ, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतोष कुमार एवं विकासखंड बहरिया एवं कोराव के अधिकारी मौजूद रहे।

## पहलगाम की बर्फीली चोटियों पर प्रयागराज का परचम

### ● 15 यूपी बटालियन एन सी सी के कैडेट्स बढ़ा रहे हैं उत्तर प्रदेश का गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी



**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एन सी सी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज अन्तर्गत 15वीं यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज के कॉर्पोरल अवनीश कुमार मौर्य एवं कैडेट अंश चौरसिया जम्मू-कश्मीर के पहलगाम एवं सोनमर्ग क्षेत्र में आयोजित माउंटेनियरिंग एवं स्कीइंग कोर्स में सहभागिता कर प्रदेश व जनपद का मान बढ़ा रहे हैं। यह प्रशिक्षण 19 जनवरी से 02 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कश्मीर की मनोहारी वादियों में स्थित जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान के सान्निध्य में संचालित इस पर्वतारोहण पाठ्यक्रम के माध्यम से कैडेट्स कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बर्फ से ढकी चोटियों पर अभ्यास करते हुए ये कैडेट न केवल अपने शारीरिक व मानसिक सामर्थ्य को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि 'एकता और अनुशासन' के एन सी सी मंत्र को भी साकार कर रहे हैं। 15 यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज की कमान अधिकारी कर्नल ऋतु श्रीवास्तव रावत के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी दिशा-निर्देशन में कैडेट्स निरंतर साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उनका यह प्रयास यह प्रमाणित करता है कि प्रयागराज की धरती केवल संगम और संस्कृति की ही नहीं, बल्कि शौर्य, संकल्प और राष्ट्रसेवा की भी सशक्त पहचान है। पहलगाम की राजसी पर्वतमालाओं के बीच प्रशिक्षण प्राप्त करते ये कैडेट हर कदम पर नई ऊँचाइयों को छूते हुए उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं 15 यूपी बटालियन एन सी सी प्रयागराज के गौरव को राष्ट्रीय फलक पर और अधिक उज्ज्वल कर रहे हैं।

## साइकिल चलाने से सर्वांग व्यायाम होता है - मदन चंद श्रीवास्तव




**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया। साइकिल यात्रा बड़ा चौराहा से प्रारंभ होकर ज्ञानपुर रोड होते हुए समाजसेवी मदन चंद श्रीवास्तव के आवास पहुँची, जहाँ उनका और डॉ. नवीन श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मदन चंद श्रीवास्तव ने कहा कि साइकिल चलाना सर्वांग व्यायाम है और इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। डॉ. नवीन श्रीवास्तव ने नियमित योग और सुबह जल्दी उठने की आवश्यकता पर बल दिया। दोनों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया। यात्रा का समापन उत्सव लॉन मिर्जापुर में हुआ, जहाँ स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ अभियान संपन्न हुआ।

## ओढगी ग्राम सभा गौशाला:, प्रधान-सचिव की मिलीभगत में गोवंश जोखिम में

### ● काग़ज़ों की व्यवस्था, ज़मीन पर धोखा छिपाई जा रही वास्तविकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के शंकरगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ओढगी ग्राम सभा की गौशाला और अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, प्रधान और सचिव शशिकांत पटेल ने मिलकर गौशाला को पूरी तरह निरीक्षण और निगरानी से दूर रखने का तंत्र बना लिया है। गौशाला के ताले खोलने की व्यवस्था पूरी तरह औपचारिकता बन चुकी है। गोपालक और सेवक साफ तौर पर कहते हैं कि 'उच्च अधिकारियों के आदेश पर ताला खुलना असंभव है।' हालांकि बोर्ड पर जो नियम और व्यवस्था लिखी है—प्रति गोवंश चार से पाँच किलो भूसा, एक-दो किलो चोकर या साइलाज, रोज़ हरा चारा और समयबद्ध वितरण—वास्तविकता उससे बिल्कुल उलट है। जमीनी हकीकत यह है कि मवेशी मिट्टी और गंदगी में खड़े हैं। भूसा, चोकर, साइलाज और हरा चारा नियमित नहीं मिल रहा, पानी की व्यवस्था न के बराबर है, और साफ-सफाई का नामोनिशान तक नहीं। यह सब उस काग़ज़ी व्यवस्था का खुला विरोधाभास है जिसे प्रधान और सचिव मीडिया और अधिकारियों के सामने दिखाते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रधान और सचिव ने गौशाला पर अपना दबदबा इतना बढ़ा लिया है कि कोई भी निरीक्षण या पारदर्शिता संभव नहीं। ताले, डर और मिलावट के माध्यम से गोवंश की वास्तविक हालत पूरी तरह छुपाई जा रही है। विशेषज्ञ और पशु कल्याण से जुड़े लोग बताते हैं कि यह केवल गोवंश संरक्षण का मामला नहीं है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की मिलीभगत का गंभीर संकेत है। जब बोर्ड पर दर्ज नियम और व्यवस्था कागज़ों तक सीमित रह जाए और वास्तविकता पूरी तरह उल्टी हो, तो जिम्मेदार केवल प्रधान और सचिव ही माने जा सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर गोवंश के लिए रोज़ चार- पाँच किलो भूसा, हरा चारा और पर्याप्त पानी वास्तव में उपलब्ध हैं, तो फिर ताले, डर और छुपाने का यह खेल क्यों रचा गया है? क्यों प्रशासन की निगरानी और पारदर्शिता से बचने के लिए प्रधान-सचिव ने इस स्तर की मिलावट कर रखी है? अब स्थानीय लोग और जानकार प्रशासन की कार्रवाई पर निगाहें टिका रहे हैं। ओढगी गौशाला की यह हकीकत अब छुपाई नहीं जा सकती।

## कैबिनेट मंत्री नंदी ने नैनी क्षेत्र में नवनिर्मित सड़क व नाली का किया लोकार्पण

### ● मंत्री और पूर्व महापौर का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने शहर दक्षिणी विधानसभा के अंतर्गत नैनी स्थित विभिन्न क्षेत्रों में नवनिर्मित सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया।लोकार्पण कार्यक्रम के अंतर्गत महेवा के पश्चिम पट्टी, डांडी महेवा कालीचौरा, विद्यानगर कॉलोनी, पंचलाल मार्ग डांडी इंदलपुर मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, गंगोत्री नगर वैष्णो वाटिका से सीताराम तिवारी के मकान तक तथा गोलू समोसा से एसबीएन होटल, डांडी वैभव लक्ष्मी एवं रोज विला के आवास तक निर्मित सड़क व नाली का उद्घाटन किया गया। इन विकासात्मक कार्यों से क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी तथा जल निकासी व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। स्थानीय जनता ने इन कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।लोकार्पण कार्यक्रम के उपरांत कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह के आवास पर भी पहुंचे।



इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी एवं पूर्व महापौर जी का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, गौरव मिश्रा, पार्षद दीपचंद मुन्ना ,ओपी द्विवेदी, गंगोत्री नगर डांडी सेक्टर संयोजक श्याम लाल यादव, बूथ अध्यक्ष कुलदीप कुमार, लक्की सरोज, दिनेश विश्वकर्मा, परमेश्वर प्रसाद, प्रीती सोनकर, गुड्डी देवी, आरती साहू, ओमप्रकाश आर्या सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-40/ 2026 धारा-103(1)/ 238/ 61(2)(क) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र संगमलाल निवासी ग्राम बलीकरनपुर थाना फूलपुर कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 01.02.2026 को थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत जोगिया शेखपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक-29.01.2026 को अभियुक्त प्रदीप कुमार उपरोक्त द्वारा अपनी भाभी सीमा देवी की गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। उक्त गुमशुदा की तलाश के दौरान थाना फूलपुर पुलिस को सूचना मिली कि बलकरनपुर गाँव मे एक प्लास्टिक की बोरी मे एक शव कुएँ मे दिखायी पड़ रहा है। इस सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को पुलिस कब्जे में लिया गया। मृतका उपरोक्त के शव को उसके परिवारजनों द्वारा पहचान गुमशुदा सीमा देवी के रूप मे किया गया। तत्पश्चात थाना स्थानीय पुलिस द्वारा शव को नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया था। प्रकरण उपरोक्त में दिनांक 30.01.2026 को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0-40/ 2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतका सीमा देवी की हत्या उसके सगे देवर प्रदीप कुमार द्वारा अपने साथी पप्पू मूसहर उर्फ रामसजीवन के साथ मिलकर किया गया तथा शव को छुपाने के लिए एक प्लास्टिक की बोरी मे भरकर गाँव के ही कुएँ मे डाल दिया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

## माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी के अरैल घाट पर माघी पूर्णिमा पर भोर से ही स्नान करने वालों की गंगा घाट पर भारी संख्या रही।जहां भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मेला क्षेत्र में जगह-जगह सुरक्षा जवानों की तैनाती की गई है। मेला के प्रवेश द्वार पर बैरिकेड्स लगाकर नो-व्हीकल जोन का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को पैदल ही अरैल घाट तक जाने दिया जा रहा था। स्नान घाटों पर जल पुलिस, पीएसी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान लगातार मोटरबोट से चक्रमण कर निगरानी रखे हुए हैं। स्नानार्थियों से दायरे के अंदर ही आस्था की डुबकी लगा रहे थे।

## महिलाएं बनेंगी विकास की धुरी, सशक्त दीदी-समृद्ध प्रदेश: सरकार का विकास संकल्प- केशव मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कौशाम्बी के डायट मैदान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कौशाम्बी अभूतपूर्व क्षमताओं से परिपूर्ण जनपद है। विकसित भारत-विकसित उ.प्र. में कौशाम्बी को विकसित बनाने के लिए प्रयास होना चाहिए, उसकी आज शानदार शुरूआत हुई है। आज भारत सरकार का बजट पेश हुआ है। विकसित भारत बनाने के लिए, विकसित उ.प्र. बनाने के लिए, विकसित कौशाम्बी बनाने के लिए और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए, किसानो को समृद्धशाली बनाने के लिए, गरीबों को अमीर बनाने के लिए, देश को दुनियॉ में नम्बर एक बनाने के लिए आज के बजट से शुरूआत हुई है। उन्होंने इस शानदार बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं . वित्त मंत्री जी आदि लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस बजट में उ.प्र. को पूर्व की भॉति और बढ़कर प्राप्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशाम्बी के विकास की शुरूआत हुई है। गरीबी से मुक्त भारत बनाने के लिए, गरीबी से मुक्त उ.प्र. बनाने के लिए, गरीबी से मुक्त कौशाम्बी बनाने के लिए, यह एक शानदार शुरूआत हुई है। गरीबों को अमीर बनाने व महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज रू0-47 करोड़ 89 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण एंव शिलान्यास हुआ है, अभी और परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया जाएगा। जनपद कौशाम्बी, अयोध्या, सहारनपुर, बरेली में इन्क्यूवेशन सेन्टर का लोकार्पण हुआ है, यह जनपद के विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि. प्रधानमंत्री जी गरीब मॉ-बाप के बेटे हैं, उन्होंने सरकार बनने के बाद गरीबों का जीवन खुशहाल बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित करने का कार्य किया है। अनेक लोंगो को आवास, निःशुल्क गैस कनेक्शन, शौचालय एवं इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित किया गया/किया जा रहा है। 04 करोड़ लोगों को आवास देने का कार्य किया गया। 03 करोड़ और लोगों को आवास देने का कार्य किया जाएगा। सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है, जल्द ही आवास से लाभान्वित करने का कार्य शुरू किया जाएगा। दिव्यांगजनों/निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को छूटे हुए सभी पात्र लोगो को पेंशन, राशन कार्ड एवं अन्य योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को अपना स्वयं का उद्योग स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के अन्तर्गत एक करोड़ दीदियों को जोड़ने का कार्य किया गया है, इसे बढ़ाकर 03 करोड़ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, अर्थात 02 करोड़ दीदियों को और जोड़ने का कार्य किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक में 25 हजार दीदियों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। एक करोड़ दीदियों को लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को आगामी 100 दिन के अन्दर प्रत्येक ब्लॉक में 05-05 करोड़ की लागत की प्रोजेक्ट स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक परिसर मंझनपुर में सरस हॉट का कार्य किए जाने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बहुत अच्छा प्रयास है। समूह की सभी दीदियों को सशक्त बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। कौशाम्बी को पलायन करने वाले जनपद के नाम से नहीं जाना जाएगा, बल्कि यहॉ रोजगार पैदा करने वाले जिले के नाम से जाना जाएगा। उन्हांने कहा कि आने वाले दिनों में मनरेगा की जगह विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम शुरू हो जाएगा, जब तक अधिनियम शुरू नहीं होगा, जब तक मनरेगा बन्द नहीं होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने कहा था कि हमें ऐसा राजा/राज्य चाहिए, जहॉ कोई भी भूखा पेट न सोए, अब कोई भूखा पेट नहीं सोता। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क दिया जा रहा है। हर घर-नल से जल पहॅुचाने का कार्य किया जा रहा है। घर-घर तक विद्युत पहॅुचाने का कार्य किया गया। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में 01 लाख 83 हजार 961 ग्राम चौपाल का आयोजन बारी-बारी से किया जा चुका है। ग्राम चौपाल में अब तक 6 लाख 99 हजार शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 6 लाख 12 हजार 36 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जनपद कौशाम्बी का सर्वांगीण व सर्व समावेशीय विकास हो, कोई भेद-भाव न हो, कोई भ्रष्टाचार न हो, कोई समस्या न हो, इसके लिए उनके द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जनपद के परिषदीय विद्यालयां के बच्चों को यूनीफार्म तैयार करने की व्यवस्था की जाय। मध्यान्ह भोजन में मसाले की सप्लाई स्वयं सहायता समूह से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद बनाने का भी कार्य करें। प्रधानमंत्री जी ने यूरोपीय यूनियन के देशां से समाझौता किया है कि भारत में बने सामान की बिक्री होगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट सामान बनाया जाय, उसकी पैकेजिंग एवं ब्राण्डिंग किया जाय, ताकि यहां का सामान यूरोपीय यूनियन के देशां के बाजारों में भी बिक्री हों। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर,



विधायक चायल पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, निवर्तमान विधायक शीलता प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल व लाल बहादुर, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा, सदस्य उ.प्र. अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग जितेन्द्र कुमार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी, अध्यक्ष नगर पंचायत अजुहा शान्ती देवी व सिराथू भोला यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक शिवमोहन मौर्य, अनीता त्रिपाठी, संजय जायसवाल, भोले शंकर, ब्लॉक प्रमुखगण, अध्यक्ष डीसीएफ चन्द्र दत्त शुक्ल सहित अन्य गणमान्य तथा निदेशक खाद्य प्रसंस्करण टी.के. शीबू, जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय बजट पर हजारीबाग की भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमकर की प्रशंसा



**देश के समग्र विकास, गरीब-मध्यम वर्ग के कल्याण और आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है : शेफाली गुप्ता**

**हजारीबाग, झारखंडः-** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार 9वीं बार पूर्णकालिक बजट पेश किए जाने पर हजारीबाग की भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने बजट की जमकर सराहना की है। केंद्रीय बजट को राष्ट्र के गौरव के लिए समर्पित सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बजट बताया।उन्होंने कहा कि यह बजट देश के समग्र विकास, गरीब-मध्यम वर्ग के कल्याण और आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शेफाली गुप्ता ने कहा कि बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों के लिए की गई घोषणाएं सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। बजट आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने वाला है इसमें समाज के सभी वर्ग के समृद्ध विकास के प्रति एक सकारात्मक उम्मीद है। उन्होंने विशेष रूप से रोज़गार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उठाए गए कदमों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश को आर्थिक रूप से सशक्त और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह बजट उसी संकल्प को आगे बढ़ाता है। सर्वसमावेशी बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान, मंदिरों में उमड़ी आस्था

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार, 1 फरवरी को पाकुड़िया प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतपूर के गर्म कुंड, विभिन्न नदियों एवं सरोवरों में स्नान कर सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने स्थानीय मंदिरों में जाकर माता भगवती और भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर परिवार की मंगलकामना की। गंगा स्नान की विशिष्ट परंपरा का निर्वाह करने के लिए पाकुड़िया सहित कई गांवों से भक्तजन बंगाल के रघुनाथगंज, आजिमगंज और राजमहल के लिए बुधवार रात से ही रवाना होने लगे। आदिवासी साफाहोड़ समाज के लोग भी बड़े समूहों में सपरिवार पवित्र स्नान हेतु प्रयाण करते देखे गए। माघ पूर्णिमा को लेकर परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित रही। पाकुड़िया बस स्टैंड से सामान्य दिनों की तरह रात में कोई बस उपलब्ध नहीं रही, जबकि कई बसें गंगा स्नान के लिए रिज़र्व पर रघुनाथगंज, राजमहल और आजिमगंज की ओर रवाना की गईं। ऑटो और टोटो सेवाओं में भी कमी देखी गई, जिससे स्थानीय बाजार की चहल-पहल सामान्य से काफी कम रही। अनेक घरों में भक्तों ने भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पवित्र माघ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और आध्यात्मिक उल्लास दिनभर बना रहा।

### महिला बैंक कर्मी ने साथी कर्मी पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**एचडीएफसी बैंक में पीबी पर्सनल बैंकर डिप्टी मैनेजर ने दर्ज करायी एफआईआर**

**ललितपुर।** एचडीएफसी बैंक में पीबी पर्सनल बैंकर डिप्टी मैनेजर पद पर कार्यरत महिला कर्मी ने साथ काम करने वाले युवक पर आये दिन प्रताड़ित करने, बदनाम करने और शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इलाइट चौराहा से राजघाट रोड स्थित कपिल मैरिज गार्डन के पास रहने वाली परवीन खातून पत्नी नवाज रहिमतुल्ला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साथ एचडीएफसी शाखा में तैनात विक्रम बुन्देला पुत्र कृपाल सिंह बुन्देला उसे आये दिन प्रताड़ित करता आ रहा है। आरोप है कि उसके द्वारा विरोध करने पर विक्रम बुन्देला उसे बदनाम करने इत्यादि की धमकी देता है। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान करता है। बताया कि बीती मई 2025 में भी विक्रम बुन्देला ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसका सीसीटीवी वीडियो उसके पास मौजूद है। यह भी आरोप है कि विक्रम बुन्देला उसके साथ गालियों के साथ अभद्र और अश्लील टिप्पणी करता है। महिला बैंक कर्मी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने विक्रम बुंदेला के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 115 (2), 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# केंद्र सरकार के आम बजट का युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया स्वागत

**●जनहितकारी बजट के लिए हर्ष अजमेरा ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को दी बधाई**

**आर्थिक मजबूती और जनकल्याण को संतुलित करता है यह बजट : हर्ष अजमेरा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद भवन में प्रस्तुत किए गए आम बजट को लेकर हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने इसे देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाला, रोजगारोन्मुख और जनकल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्तमान आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास, स्थिरता और सामाजिक संतुलन का बेहतर समन्वय प्रस्तुत करता है। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए गए इस बजट में आर्थिक विकास को गति देने, रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती, कृषि और ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा मध्यम वर्ग को राहत देने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, शहरी और ग्रामीण विकास, कौशल विकास, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा, डिजिटल और तकनीकी नवाचार जैसे प्रावधान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान करेंगे। युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में उठाए गए कदम सराहनीय हैं। साथ ही श्री अजमेरा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधान यह दर्शाते हैं कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाला है। साथ ही राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को प्राथमिकता देना सरकार की जिम्मेदार सोच को दर्शाता है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच एक संतुलित, व्यावहारिक और दूरदर्शी बजट प्रस्तुत किया है, जो देश की अर्थव्यवस्था में भरोसा और स्थिरता बनाए रखने में सहायक होगा। अंत में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस महत्वपूर्ण आम बजट के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और आम जनता के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में प्रभावी कदम सिद्ध होगा।

# यूजीसी कानून के विरोध में चौपारण में सवर्ण समाज की एकजुटता, 6 फरवरी को बीडीओ को सौंपा जाएगा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण के चतरा मोड़ स्थित होटल शेलिब्रेशन में सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया बिनोद सिंह ने की, जबकि संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य यूजीसी कानून के विरोध में आगे की रणनीति तय करना और समाज की साझा चिंताओं पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन किसी भी समाज, जाति या धर्म के विरुद्ध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका उद्देश्य समाज में बढ़ते विभाजन को रोकना और आपसी सौहार्द व सामाजिक एकता को बनाए रखना है। वक्ताओं का कहना था कि वर्तमान कानून के कारण समाज में वैमनस्य और अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो दीर्घकाल में सामाजिक ताने-बाने के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। ऐसे में समय रहते इसमें सुधार आवश्यक है, ताकि समाज को टूटने से बचाया जा सके।

बैठक में यह चिंता भी प्रमुखता से उठाई गई कि यूजीसी कानून के कारण सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। छात्रों को आशंका है कि इसके तहत ईर्ष्यापूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई की जा सकती है, जिसका सीधा असर उनके शैक्षणिक भविष्य पर पड़ेगा। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि शिक्षा का वातावरण भयमुक्त, निष्पक्ष और समान अवसरों पर आधारित होना चाहिए, ताकि हर छात्र बिना दबाव के अपनी प्रतिभा का विकास कर सके। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 6 फरवरी को सवर्ण समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्ण तरीके से प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराएगा। ज्ञापन के माध्यम से यूजीसी कानून को निरस्त करने अथवा उसमें आवश्यक संशोधन की मांग की जाएगी।

बैठक में सत्यानंद सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, रामफल सिंह, लव सिंह, देवेंद्र सिंह, राजेश सहाय, कोठारी सिंह, अरुण पांडेय, कैलाश पांडेय, अजय सिंह, सतीश पांडेय, आशीष सिंह, श्याम सिंह, नरेश पांडेय, उपेन्द्र सिंह, दया सिंह, रितेश सिंह, महेश सिंह, मिशन सिंह, सुखदेव सिंह, सूचित सिंह, प्रेम सिंह, विकास सिंह, सूरज सिन्हा, अजित सिंह, मनोज सिंह, प्रवीण सिंह, अभिमन्यु सिंह, रंजीत सिंह, हेमंत पांडेय, दिलीप सिंह, प्रकाश सिंह, राज कुमार सिंह, महेश सिंह, राकेश सिंह, रामनंदन पांडेय, राज किशोर सिंह, मंटू सिंह, श्रीकांत सिंह, उमेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि यदि सरकार ने छात्रों और समाज की चिंताओं पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक तथा तेज किया जाएगा। समाज की एकता और शिक्षा के भविष्य की रक्षा के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# ग्रामीण खेल प्रतिभा को मिला मंच, खड़ारा टीम ने किया टूर्नामेंट पर कब्ज़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



देवीपुर प्रखंड के मेझलाडीह मैदान में शनिवार, 1 फरवरी 2025 को तिलजोरी प्रीमियर लीग सीजन-6 (आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी) का रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया। धर्मेंद्र सिन्हा मेमोरियल क्रिकेट क्लब, तिलजोरी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में खड़ारा और जनकपुर की टीमें आमने-सामने थीं। फाइनल में जनकपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 72 रनों का लक्ष्य खड़ारा टीम के सामने रखा। रन-चेज़ में खड़ारा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और आदर्श लक्ष्य ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमा लिया। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आकाश पासवान को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन योगदान के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द सीरीज' के सम्मान से भी नवाज़ा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श लक्ष्य उर्फ भइया जी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, 'ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने में ऐसे खेल आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल न केवल युवाओं को नशे और गलत आदतों से दूर रखता है, बल्कि उनमें अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। 'प्रतियोगिता के प्रमुख आयोजक प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि तिलजोरी प्रीमियर लीग का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस आयोजन को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। इस अवसर पर आयोजक सचिन कुमार दास, झारखंड राज्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संजीव कुमार झा, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र यादव, पूर्व मुखिया राजकिशोर शर्मा, अभिनव कुमार चंद्रवंशी, नागेंद्र रमानी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट पर झारखंड कांग्रेस का हमला, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने बताई जनविरोधी बजट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार 9वीं बार पूर्णकालिक केंद्रीय बजट पेश किए जाने को लेकर झारखंड कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने इस बजट की जमकर आलोचना करते हुए इसे आम जनता, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग के लिए निराशाजनक बताया है। विनोद कुशवाहा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट पूरी तरह से कॉरपोरेट और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है, जबकि देश की बहुसंख्यक आबादी आज भी महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में न तो बेरोजगार युवाओं के लिए कोई ठोस योजना है और न ही किसानों की आय बढ़ाने को लेकर कोई प्रभावी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद आम जनता को कोई राहत नहीं दी गई। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है। बजट में इन मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया गया है, जिससे आम आदमी की परेशानियां और बढ़ेंगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि झारखंड जैसे खनिज संपन्न लेकिन आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य के लिए इस बजट में कोई विशेष पैकेज या योजना नहीं रखी गई, जिससे राज्य के विकास को गति मिल सके। उन्होंने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। विनोद कुशवाहा ने आगे कहा कि मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बजट में अपेक्षित वृद्धि नहीं की गई है, जो गरीब और वंचित वर्ग के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट का हर स्तर पर विरोध करेगी और जनता की आवाज को सड़क से संसद तक उठाएगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास के नारे से कोसों दूर है और आने वाले समय में इसका सीधा असर आम जनता की जिंदगी पर नकारात्मक रूप से पड़ेगा।

# शराब पीने को रुपये न देने पर राहगीर पर जानलेवा हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** एम्ब्रोसिया कॉलोनी के मकान नम्बर ए-13 में रहने वाले रविकान्त सोनी पुत्र स्व.प्रभुदयाल सोनी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 20 जनवरी को को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह सुपर मार्केट से अपने घर जा रहा था, तभी नदीपुल के पास मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी यशराजा उर्फ मुक्कू पुत्र भगवान सिंह, मछली मार्केट नदीपुरा निवासी सुभाष कुशवाहा उर्फ माटू पुत्र अशोक कुशवाहा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ एक राय होकर उसे रोक लिया और शराब पीने के लिए तीन हजार रुपयों की मांग करने लगे। रुपये न देने पर उक्त लोगों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट करने पर भी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। रविकान्त सोनी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 119 (1), 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राजगीर मिस्त्री का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला शव

**मनकापुर गोण्डा-** क्षेत्र के लक्ष्मी नगर ग्रंट से सटे विसुही नदी के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला राजगीर मिस्त्री का शव। लक्ष्मी नगर ग्रंट निवासी दुर्गेश कुमार लगभग (24) पुत्र रामहित रविवार सुबह ग्रामीणों ने देखा की नदी किनारे एक पेड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ है। ग्रामीणो द्वारा जिसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी प्रधान ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान विजय वर्मा ने बताया की दुर्गेश कुमार राजगीर मिस्त्री का काम करता था शनिवार को काम करने के लिए घर से निकला था जिसका शव रविवार सुबह नदी के किनारे पेड़ से लटकता हुआ मिला मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने बताया कि पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला लोकहितकारी बजट : रंजन चौधरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को केंद्रीय आम बजट- 2026 पेश किया गया। आम बजट-2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि यह लोकहितकारी बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक सशक्त दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि यह बजट आंकड़ों के साथ देश के युवा, किसान, महिला और मध्यम वर्ग के भविष्य को संवारने का एक ठोस रोडमैप है। शिक्षा, कौशल विकास और स्टार्टअप्स पर विशेष ध्यान देकर सरकार ने युवाओं के सपनों को नई उड़ान दी है, जिससे आत्मनिर्भर भारत का मार्ग और प्रशस्त हुआ है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के प्रावधान स्पष्ट करते हैं कि भारत अब वैश्विक पटल पर एक नई ऊँचाई छूने के लिए तैयार है। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु उठाए गए कदम 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को चरितार्थ करते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग को राहत और छोटे उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहन देने वाली ये नीतियां रोजगार सृजन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हैं। यह दूरदर्शी बजट निश्चित रूप से भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कोटि-कोटि धन्यवाद।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती सह नाई मिलन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड अंतर्गत रेलवे फाटक के समीप स्थित होटल बालाजी में शनिवार, 31 जनवरी 2026 को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती सह नाई मिलन समारोह हर्षोल्लास, गरिमा एवं सामाजिक चेतना के वातावरण में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त ठाकुर विकास मोर्चा के प्रदेश महासचिव जगत प्रकाश ठाकुर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लातेहार जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर, पंकज शास्त्री, चतरा जिला महासचिव शिव शंकर ठाकुर तथा लातेहार विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली मंच संचालन प्रदीप ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके उपरांत पंकज शास्त्री द्वारा ओम उच्चारण के साथ विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगत प्रकाश ठाकुर को युवा समाज सेवी रवि पांडुरंग द्वारा शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, संघर्ष और विचारधारा पर प्रभावशाली भाषण, कविता पाठ एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय, समानता और वंचितों की आवाज़ बताया। मुख्य अतिथि जगत प्रकाश ठाकुर ने कहा समाज को संगठित रखने का संदेश देते हुए कहा कि झारखंड की धरती में भी कई ऐसे क्रांतिकारी समाज सुधारक दिए हैं, जिनके योगदान को आज भी पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी, ईमानदारी और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का प्रतीक है। उन्होंने समाज को संगठित रहने और नई पीढ़ी तक महापुरुषों के विचार पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पंकज शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की औपचारिक समाप्ति की घोषणा की गई। इसके बाद सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने सामूहिक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर लातेहार जिले से संतोष ठाकुर दिलिप ठाकुर, हेरंज से कैलाश ठाकुर, अशोक ठाकुर चतरा से राजेश ठाकुर, चंद्रदेव ठाकुर, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अरुण ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, उप सचिव नीलकंठ ठाकुर, प्रधान सलाहकार बैजनाथ ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष राजू ठाकुर, सहित लखन ठाकुर, रामु ठाकुर, मनोज ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, विकास ठाकुर, नंदलाल ठाकुर, निरंजन ठाकुर, बबलू ठाकुर, विनोद ठाकुर, रूपेश ठाकुर, काशी ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, सुदर्शन ठाकुर, संतोष ठाकुर, अमरनाथ ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, नागेंद्र ठाकुर, नवीन ठाकुर, अभिमन्यु ठाकुर समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सौहार्द, एकता एवं सामाजिक जागरूकता के संकल्प के साथ हुआ।

# विकसित भारत के संकल्प को नई ऊँचाई देगा बजट 2026 : मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह बजट 'विकसित भारत' के विराट विजन को धरातल पर उतारने वाला एक सशक्त रोडमैप है। उन्होंने इस बजट को देश के आर्थिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया जो केवल वार्षिक आय-व्यय का विवरण मात्र नहीं है, बल्कि समावेशी और आत्मनिर्भर विकास की ओर बढ़ता एक साहसिक कदम है। सांसद मनीष जायसवाल ने बजट में वित्तीय अनुशासन के साथ-साथ सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये करने की सराहना की और कहा कि यह निवेश बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से रेखांकित किया कि सड़क, रेल, मेट्रो और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विस्तार के साथ-साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड जैसी पहल से कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स की दक्षता में अभूतपूर्व सुधार होगा। औद्योगिक क्षेत्र में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और एमएसएमई के लिए 10,000 करोड़ रुपये के ग्रोथ फंड की घोषणा छोटे उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट लघु एवं सीमांत किसानों, ग्रामीण उद्योगों और हस्तशिल्प क्षेत्रों को मजबूती देकर गांवों में समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 'बायोफार्मा शक्ति' जैसी पहल और शिक्षा व कौशल विकास पर केंद्रित योजनाएं भारत की युवा शक्ति को नवाचार और स्टार्टअप के माध्यम से नई उड़ान देंगी। सांसद मनीष जायसवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट विकास, निवेश और रोजगार के बीच एक आदर्श संतुलन स्थापित करते हुए भारत को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने इस दूरदर्शी, जनहितकारी और सर्वस्पर्शी बजट के लि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति अपनी ओर से और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया है।

# कोल्हुआकला में धूमधाम से मनाई गई परम पूज्य संत शिरोमणि रविदास जयंती

**●संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया : मंगलदेव यादव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत ग्राम तिलैया बस्ती में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर संत रविदास जी के विचारों और उनके आदर्शों को स्मरण किया। जयंती समारोह में पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य ज़मीर उद्दीन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी जनप्रतिनिधियों ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और शत-शत नमन किया। अपने संबोधन में मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारा और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक समतामूलक समाज की कल्पना की, जो आज भी प्रासंगिक है। पंचायत समिति सदस्य प्रभु यादव ने भी संत रविदास जी के विचारों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में संत शिरोमणि रविदास जी को शत-शत नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### उधारी के रुपये वापस मांगने पर मारपीट कर धमकाया



**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर मुडिया में रहने वाले मोतीलाल पुत्र हरलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 31 जनवरी शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने खोखा दुकान में बैठा था। तभी गांव के नीतेश पुत्र बालकिशन आया, जब उसने नीतेश से उधारी के पांच हजार रुपये मांगे तो नीतेश ने उसे गालियां देते हुए मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी पत्नी उपासना व पुत्र सौरभ आ गये, तभी बालकिशन पुत्र छिदामी उर्फ कंछेदी व फूलबाई पत्नी बालकिशन भी आ धमके और उक्त लोगों ने एक राय होकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल 112 पर डायल कर पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी जिम्मेवार उदासीन

**कोंच (जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र में आए दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की उदासीनता के बीच यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के मारकंडेश्वर तिराहे से सामने आया है, जहां एक लोडर वाहन में 30 से 40 मजदूरों को ठूंस कर ले जाया जा रहा था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मजदूर, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं, अपनी जान जोखिम में डालकर लोडर के अंदर किनारे लटकते हुए सफर तय कर रहे हैं और वाहन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। वायरल वीडियो को लेकर एआरटीओ राजेश सिंह ने कहा है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है, ऐसी लापरवाही बरतने पर संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इसके लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा।

### संत रविदास की मनाई जयंती



**कोंच(जालौन)**- महान संत रविदास की 649वीं जयंती रविवार को मोहल्ला गांधीनगर स्थित नगर पालिका सभासद एवं बसपा नगर अध्यक्ष महेंद्र कुशवाहा के आवास पर मनाई गई। आयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत रविदास के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर सभासद महेंद्र ने अपने विचारों में कहा कि संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन वाराणसी में हुआ था। उन्होंने कहा कि संत रविदास एक महान समाज सुधारक थे, उन्होंने समाज से तमाम बुराइयों को खत्म करने का वीणा उठाया। यहां तक कि समाज में व्याप्त भेदभाव की खिलाफ उन्होंने अलख जगाई। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे अनेकानेक दोहों और भजनों से समानता एवं ईश्वर की भक्ति का संदेश लोगों तक पहुंचाया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने संत रविदास के पदचिह्नों पर चलकर समाज सुधार में योगदान देने का संकल्प लिया। जयंती कार्यक्रम में रूपसिंह कुशवाहा, गोलू गुर्जर, रोहित कुशवाहा, कृतिका, डॉ राम आदि मौजूद रहे।

### मुड़िया में गूंजीं रामायण की चौपाइयां, दुर्गा मंदिर प्रांगण भक्तिमय



**महरौनी।** विकासखण्ड महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सैदपुर के मजरा मुड़िया में रविवार को दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ का भव्य शुभारंभ हुआ। लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुम्हेड़ी से पधारे सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित मुकेश शास्त्री महाराज ने विधि-विधान से वेदी पूजन एवं रामायण जी की आरती कराकर किया, जिसके उपरांत अखंड पाठ प्रारंभ हुआ। पहले दिन गुन्द्रापुर की रामायण कीर्तन मंडली ने नई-नई तर्जों और सुमधुर धुनों में चौपाइयों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति ने बताया कि क्षेत्र की विभिन्न रामायण एवं सुंदरकांड मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण का आयोजन नहीं हुआ था। क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ग्रामवासियों ने सामूहिक सहयोग से इस आयोजन का निर्णय लिया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 30 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे उसकी 15 वर्षीय नातिन को मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मालथौन क्षेत्र में रहने वाला अर्जुन उर्फ बोबी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अर्जुन उर्फ बोबी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# तालाब के विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च

**●मड़ावरा में ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की देखरेख में हुआ विकास कार्य धरातल पर शून्य**

**भीकमपुर अमृत सरोवर ब्लॉक मड़ावरा क्षेत्र पंचायत का मामला**

**बीस एकड़ के तालाब में विकास कार्य के नाम पर सरकारी धनराशि का घोर दुरुपयोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था है जिसमे जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत कार्य करते है शासन द्वारा विकास कार्य के लिए धनराशि आवंटित की जाती है जनपद ललितपुर में 6 विकास खण्ड है जिनमे से मड़ावरा ब्लॉक आकांक्षी ब्लॉक है और शासन स्तर से अलग से यहां पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित जनपद के आखिरी किनारे और मध्यप्रदेश से लगे हुए विकास खण्ड को विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके, लेकिन मड़ावरा ब्लॉक में वित्तीय अनियमितता थमने का नाम नही ले रही है, सत्ताधारी दल का चोला ओढक़र शासकीय धनराशि का लगातार ब्लॉक प्रमुख द्वारा दोहन किया जा रहा है। लगातार दो बार से ब्लॉक प्रमुख बन रहे चंद्रदीप रावत ने क्षेत्र पंचायत की क्षेत्र निधि जो कि क्षेत्र के विकास कार्यों में लगाई जानी थी उसमे सेंधमारी का कार्य प्रारंभ कर दिया है, ताजा प्रकरण ग्राम पंचायत भीकमपुर का है जहां पर क्षेत्र पंचायत द्वारा पंडित दीनदयाल अमृत सरोवर के नाम पर लाखों रुपए के वारे न्यारे कर लिए गए। जबकि मौके पर नाम मात्र का दिखावटी कार्य कराया गया है, केवल कागजी खानापूर्ति करके शासकीय धनराशि का बंदरबांट कर लिया गया है। भीकमपुर का प्राचीन तालाब जिसका रकबा लगभग 20 एकड़ का है, उसमे जीर्णोद्धार के नाम पर लाखों रुपए की निकासी कर ली गई है, जबकि यहां स्थित पंडित दीनदयाल अमृत सरोवर आज भी विकास की बाट जोह रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा जल संचय को बढ़ावा देने के लिए हर ग्राम पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव पर अमृत सरोवर बनाए जाने की बात की थी, जिसको मनरेगा जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत अटल भू जल योजना अंतर्गत बनाया गया है। लेकिन मड़ावरा ब्लॉक प्रमुख द्वारा भीकमपुर तालाब के विकास के नाम पर लाखों रुपए की धनराशि का भुगतान प्रदर्शित किया गया है।

नाराहट सोसायटी में रंगाई पुताई के नाम पर लाखों रुपए की वित्तीय अनियमितता की खबर प्रकाशित की गई थी। इसके बाद कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी के कक्ष की रंगाई पुताई के नाम पर लाखों रुपए की धनराशि का बंदर बांट कर लिया गया। अभी हाल ही में जब सभी लोग दीपावली का पर्व पर छुट्टी मना रहे थे ऐसे मौके पर कार्य प्रदर्शित किया गया ताकि किसी उच्च अधिकारी की नजर न पड़े। इसके लिए 31 अक्टूबर को क्षेत्र पंचायत द्वारा भुगतान किया गया। जिसमें 567100 रुपए देवरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में टाइल्स एवम अनुरक्षण और 8 लाख 23 हजार 155 रुपए का भुगतान गोरा कछया के कंपोजिट विद्यालय में टाइल्स और अनुरक्षण





का कार्य का भुगतान कर लिया गया। दोनों ही विद्यालय में पक्का फर्श पहले से ही मौजूद था तो बेस में कोई विशेष कार्य कराने की जरूरत नही थी, इसके बाबजूद भी स्टीमेट में इसके लिए प्राविधान किया गया और घटिया किस्म की टाइल्स लगाकर कागजी खानापूर्ति करके शासकीय धनराशि का बंदरबाट कर लिया गया। रमेश यादव जो कि खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा के पद पर कार्यरत है उनके द्वारा जखौरा ब्लॉक में मनरेगा की सामग्री मद से अधिक भुगतान करने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई थी, लेकिन इससे इन्हे कोई फर्क नहीं पड़ा। फर्क पड़ता भी कैसे क्योंकि जब कद्दू कटता है तो सबमें बटता हैं।

**ब्लॉक के अवर अभियंता ब्लॉक प्रमुख की शह पर कर रहे फर्जी कार्य**

क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनका स्टीमेट तैयार करना और कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भौतिक सत्यापन करना ब्लॉक में कार्यरत जेई का काम है, लेकिन विकास खण्ड मड़ावरा में तैनात अवर अभियंता जो झांसी में निवास करते है। वह खुद किसी कार्य का न तो स्टीमेट तैयार करते है और न एम बी खुद करते हैं। निजी व्यक्तियों द्वारा उनके शासकीय कार्य को संपादित किया जा रहा है अगर इनकी एम बी की राइटिंग का मिलान कर दिया जाए तो बहुत बड़ा खेल उजागर होगा। जेई ब्लॉक प्रमुख मड़ावरा के इशारे पर कार्य कर रहे हैं।

**केवल चहेते ठेकेदारों को ही दिया जा रहा कार्य**

क्षेत्र पंचायत मड़ावरा द्वारा ब्लॉक प्रमुख के चहेते ठेकेदार को ही केवल कार्य आवंटित किए जा रहे है जिसमे टेंडर प्रक्रिया की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र पंचायत मड़ावरा द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से विकास खण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मानक विहीन और घटिया निर्माण सामग्री से कराए गए कार्यों की अगर विस्तृत जांच की जाए तो मामला उजागर हो सकता है। अवर अभियंता द्वारा कार्य का भौतिक सत्यापन किए बगैर ही ब्लॉक प्रमुख के दबाव में एम बी की जा रही है।

**क्षेत्र पंचायत की निधि और राज कंस्ट्रक्शन है ठेकेदार**

मड़ावरा विकास खण्ड में क्षेत्र पंचायत द्वारा विकास कार्यों के लिए अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमे व्यापक स्तर पर धांधली ब्लॉक प्रमुख द्वारा की जा रही है। क्षेत्र पंचायत की निधि से कराए जाने वाले कार्य राज कंस्ट्रक्शन नामक फर्म से कराए जा रहे है, इसके अलावा दिखावा करने के लिए कुछ कार्य देवेन्द्र कुमार नामक फर्म से भी करा लिए जाते है। लेकिन अधिकांश कार्य राज कंस्ट्रक्शन को ही दिए गए है। करोड़ों रुपए के कार्य करने के लिए जो निविदा आमंत्रित वर्ष भर में विकास खण्ड से की जाती है, उसमे क्या अन्य कोई ठेकेदार भाग नही लेता है। पहले से सांठ गांठ करते हुए कागजी खानापूर्ति करते हुए तुलनात्मक समीक्षा के आधार पर ब्लॉक प्रमुख की चहेती फर्म को ही सारे काम दिए जाते है। जिसमे मानक विहीन और गुणवत्ता विहीन कार्य दिखा कर मोटी धनराशि का बंदरबांट कर लिया जाता है। इस फर्म द्वारा चंद्रदीप रावत के कार्यकाल में कराए गए कार्यों की जांच अत्यंत आवश्यक है।

**सत्ता की गोद में बैठे ब्लॉक प्रमुख की दबंगई से परेशान है कर्मचारी**

सत्ताधारी दल ने चंद्रदीप रावत को अपना प्रत्याशी बनाया और परिणाम स्वरूप वह निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बन गए। सत्ता धारी दल की नीति से दूर वह अपना अलग ही रौब जमाए फिरते है। पूर्व में ब्लॉक परिसर में एक ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट कर दी थी, जिसको लेकर जनपद ललितपुर का ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारी संवर्ग काफी नाराज था और जिलाधिकारी से इस मामले की शिकायत भी की थी, लेकिन सत्ता का दामन थामे ब्लॉक प्रमुख पर कोई कार्यवाही न हुई उसके बाद लगातार उनके हौसले बुलंद होते गए और वह अपनी दादागिरी के लिए ब्लॉक में मशहूर हो गए। कर्मचारी जो ब्लॉक में कार्यरत है उन्हे ब्लॉक प्रमुख के इशारे पर ही काम करना होगा, अन्यथा वह मड़ावरा में सुकून से अपनी नौकरी नही कर सकेगा। पहले अगर इस मामले में प्रशासन द्वारा कठोर कार्यवाही की जाती तो आज ब्लॉक प्रमुख सत्ता के मद में इतने चूर न होते।

## संत रविदास जयंती पर नगर-ग्रामीण क्षेत्रों में निकली भव्य शोभायात्रा



**तालबेहट।** भक्त शिरोमणि संत रविदास जयंती के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा व उल्लास के साथ जयंती समारोह आयोजित किए गए। नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित रविदास मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद संत रविदास की जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं पूरा बिरधा, ग्राम पूराकला, हसारकला एवं बिरधा में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती पर रविदास मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों, डीजे, भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा पूरे गांव में भ्रमण करती रही। इस दौरान जगह-जगह टीका-अर्चना कर भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया, जिससे पूरी नगरी भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राजपूत, बालचंद, नानकराम, मोहन सिंह, बबलू, वीरेंद्र सिंह, इमरतलाल, खेमराज सिंह, जगन्नाथ, मातादीन, राजू, रामचरण, हरदेव, रमू बाबा, गोपाल बाबा, तुलसी बाबा, देवीलाल, सोवरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोतवाली कांड की बरसी पर तीनों शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**●तीतरा एमएसडी कॉलेज में हुआ गायत्री पाठ और हवन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- बीते 22 साल पहले आज ही के दिन 1 फरवरी को घटित कोतवाली कांड जिसमें पुलिस ने तीन निर्दोषों महेंद्र सिंह निरंजन, उनके अनुज सुरेंद्र सिंह निरंजन व दयाशंकर झा को मौत के घाट उतार दिया था, की 22वीं बरसी पर रविवार को उन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए याद किया गया। 22 वर्ष पूर्व पुलिस की बर्बरता और निरंकुशता का विरोध करने पर रोडवेज कर्मचारी यूनियन के तत्कालीन मंडलीय पदाधिकारी महेंद्रसिंह निरंजन, उनके छोटे भाई सपा की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य व मथुरा प्रसाद महाविद्यालय प्रबंध समिति के तत्कालीन मंत्री सुरेंद्रसिंह निरंजन एवं उनके अभिन्न मित्र दयाशंकर झा को कोंच कोतवाली के भीतर तत्कालीन निरंकुश कोतवाल देवदत्त सिंह राठौर ने बर्बरता की सभी पराकाष्ठाएं पार करते हुए अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर छलनी कर दिया था। जिसके बाद देवदत्त राठौर की जेल में निरुद्ध रहते मौत हो चुकी है और हत्याभियुक्त शेष अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। इन तीनों शहीदों की याद में इनके नाम पर ग्राम तीतरा खलीलपुर में स्थापित महेंद्रसिंह सुरेंद्रसिंह दयाशंकर मेमोरियल महाविद्यालय में रविवार को गायत्री शांति पाठ व हवन किया गया। उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए शहीदों के परिजनों, प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों, छात्र छात्राओं व क्षेत्रवासियों ने उनकी स्थापित प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्व. महेंद्रसिंह की पत्नी व महाविधालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष मीरा देवी, स्व. सुरेंद्रसिंह की पत्नी विनीता देवी, पुत्र राजू निरंजन, अंकित, अमरेंद्र, अनुपम, सौरभ पटेल, स्व. दयाशंकर की पत्नी ऊषा देवी, पुत्र रत्नेश झा समेत महाविद्यालय की नींव रखने वाले विजय सिंह निरंजन एड. धनौरा, प्रबंधक शिवप्रसाद निरंजन, कोषाध्यक्ष हरिमोहन निरंजन, मंत्री डॉ टीआर निरंजन, उप प्रबंधक शिवकुमार, समिति प्रबंधक श्यामसुंदर, सदस्य रतन दादी, शिरोमणि सिंह, प्रवक्ता डॉ राजेश निरंजन, डॉ सरोजलता गुप्ता, दिनेश बाबूजी, अंशुल पटेल, अरविंद, मलखान, महेंद्र, बृजेंद्र, शैलेन्द्र, वीरसिंह, नवीन, रामेश्वर, संतोष, वीरेंद्र आदि मौजूद रहे। उधर, तीतरा के अलावा जनपद ललितपुर में तीनों शहीदों के नाम पर संचालित तीनों महाविद्यालयों में भी शहीद दिवस पर शांति पाठ किया गया।

## केंद्रीय बजट में देश के चहुमुंखी विकास की दिखाई दे रही झलक- मूलचंद्र

**●विपक्षी नेताओं ने कहा कि बजट से गरीब परिवारों को कोई लाभ नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 का बजट रविवार को संसद में पेश किया गया। करीब एक दशक में यह पहला मौका है जब संसद में बजट रविवार (सार्वजनिक अवकाश) को पेश किया गया है। वहीं पेश केंद्रीय बजट को कोंच-माधोगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने हर वर्ग के कल्याण और देश के चहुमुंखी विकास की स्पष्ट झलक बताया है। मुरली मनोहर धर्मशाला में भाजपा नगर



अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित अन्य नेताओं कार्यकर्ताओं संग मिलकर विधायक मूलचंद्र निरंजन ने एलईडी के माध्यम से बजट को लाइव सुना। पेश बजट पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जो बजट पेश किया गया है उसमें हर वर्ग के कल्याण की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बजट के तहत 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, बायो फार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़, शुगर कैंसर की दवाएं सस्ती, बड़े टेक्सटाइल पार्क निर्माण, 20 नए जलमार्ग, 4 राज्यों में खनिज कॉरिडोर, 3 केमिकल पार्क का निर्माण, एसएमई के लिए 10 हजार करोड़ रूपये, महात्मा गांधी स्वरोजगार योजना संचालन, शहरी आर्थिक क्षेत्र में प्रति वर्ष 5 हजार करोड़ रूपये खर्च होना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता केंद्र सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी एवं सपा नगर अध्यक्ष सभासद अमित यादव ने पेश किए गए केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में गरीब परिवारों के उत्थान के लिए कोई योजना शामिल नहीं की गई है। बुनियादी सुविधाओं से लेकर मंहगाई पर ध्यान नहीं दिया गया है, न ही किसानों की प्रगति पर सरकार गंभीर नजर आ रही है।

## बजट 2026 नफा और नुकसान का संचित विश्लेषण

**●आम इंसान की जिन्दगी को नाकाफी हैं, राहत की बौछारें**

**किसान और ग्रामीणों को साधन की गई कवायद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भारत का बजट 2026 केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा और भविष्य की प्राथमिकताओं का घोषणा पत्र है। जब वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार युद्धों, टैरिफ संकटों और मंदी की आशंकाओं से जूझ रही है, तब भारत ने इस बजट के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह विकास, वित्तीय अनुशासन और सामाजिक स्थिरता को साथ लेकर आगे बढना चाहता है। यह बजट किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को ठोस राहत देता है, कर ढाँचे को सरल बनाता है और पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि कर दीर्घकालीन विकास की नींव रखता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठाता है कि क्या तात्कालिक रोजगार संकट और महंगाई जैसी चुनौतियों का समाधान इसमें पर्याप्त रूप से मौजूद है।

**नफा (फायदे)**

कर ढांचे में सरलता- नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 कर प्रणाली को आसान बनाता है, जिससे आम परिवारों को समझने और पालन करने में सुविधा होगी। महिलाओं और युवाओं पर ध्यान, कौशल विकास, उद्यमिता और सामाजिक योजनाओं में निवेश बढ़ा है, जिससे परिवार के युवा और महिलाएँ नए अवसर पा सकते हैं। किसानों के लिए राहत- 1.37 लाख करोड़ का सीधा आवंटन, एमएसपी की गारंटी और पेंशन योजनाएं, ग्रामीण परिवारों को स्थिर आय का सहारा। इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, सड़कों, सिंचाई और भंडारण पर खर्च बढने से ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा।

**नुकसान (कमियां)**

सीधी कर राहत की कमी: मध्यम वर्ग को टैक्स में तात्कालिक राहत नहीं मिली, जिससे मासिक बजट पर दबाव बना रहेगा।

मंहगाई का असर- रोजमर्रा की जरूरतों (खाद्य, शिक्षा, स्वास्थ्य) पर खर्च कम करने के लिए ठोस कदम सीमित हैं।

स्वास्थ्य और शिक्षा: घोषणाएँ हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर असर अभी भी अधूरा है।

पुराने वादों की पुनरावृत्ति-कई योजनाएँ पहले से चल रही हैं, जिससे यह बजट नई बोतल में पुरानी शराब जैसा प्रतीत होता है।

**निष्कर्ष**- ग्रामीण परिवारों और किसानों को इस बजट से अपेक्षाकृत अधिक राहत मिली है।

शहरी मध्यम वर्ग को कर और महंगाई से तात्कालिक राहत कम मिली है।

दीर्घकालीन विकास और वित्तीय अनुशासन पर सरकार का ज़ोर है, लेकिन आम परिवार की रोजमर्रा की ज़िंदगी में राहत सीमित है।

## शासन की टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तालबेहट।** यूपी सरकार के निर्देशानुसार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए शासन की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कंधारी कलां से की गई, जहां प्रभारी सामुदायिक अधिकारी अमित पटेल एवं एएनएम रश्मि गौतम उपस्थित मिलीं। टीम द्वारा केंद्र पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया गया। इसके बाद टीम ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया, जहां हिंगौरा एवं पूराकलां में आयोजित मेले में स्वास्थ्य विभाग के एलोपैथी चिकित्सकों के साथ-साथ होम्योपैथी एवं आयुर्वेद चिकित्सक मरीजों को चिकित्सा सुविधा देते हुए पाए गए।

निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। रिकार्ड दुरुस्त मिले, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रही, मरीजों की नियमित जांच की जा रही थी। साथ ही पीने के पानी, मरीजों के बैठने की उचित व्यवस्था, ऑक्सीजन की उपलब्धता तथा अग्निशमन यंत्र वैध अवस्था में पाए गए। सभी कर्मचारी निर्धारित ड्रेस में कार्य करते हुए मिले। इसके पश्चात टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर उगरपुर, नत्थीखेड़ा सहित अन्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। शासन की टीम में डॉ. दीपक यादव एवं वीरेंद्र प्रताप (डीईआईसी मैनेजर) शामिल रहे। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल पाठक, डॉ. सूरत सिंह, डॉ. ममता, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अशोक नायक एवं धीरेंद्र कुमार सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा आगामी दो दिनों तक क्षेत्र में निरीक्षण जारी रखने की जानकारी दी गई।

## भण्डारे का सामान लेकर ट्रैक्टर से लौट रहे युवकों पर कुल्हाड़ी से हमला

**●जानलेवा हमले में दो लोग घायल, पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भण्डारा समाप्त कर प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर लौट रहे युवकों को बीच रास्ते में रोकते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देकर अपमानित करने, मारपीट कर धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में घायल युवकों के परिजनों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पुलिस चौकी अमरपुर गल्ला मण्डी क्षेत्र के ग्राम विघामहावत में रहने वाले राकेश पुत्र प्यारेलाल ने तहरीर देकर बताया कि बीती तीस जनवरी को गांव में स्थित माता मंदिर पर अहिरवार समाज का सामूहिक भण्डारा था। भण्डारा उपरान्त रात करीब 8:30 बजे उसका पुत्र देशराज व गांव का शिवचरन पुत्र खरगे अपने गांव प्रधान के ट्रैक्टर से सामान लेकर वापस लौट रहा था। आरोप है कि वह जैसे ही गांव में पहुंचा तो बलवंत सिंह ने अपने मकान के सामने बीच रोड पर मोटरसाइकिल लगा दी। बलवंत से जब मोटर साइकिल हटाने की बात कही तो बलवंत सिंह पुत्र सिंधुसिंह राजपूत, कल्लू पुत्र रूप सिंह, राजन पुत्र बाबू, लखन पुत्र देशपत, प्रभु पुत्र प्रीतम, निहाल पुत्र सूरज सिंह लोधी ने एकराय होकर अपने-अपने हाथों में लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी लेकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगे। मोटर साइकिल बीच रोड से हटाने और गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने देशराज व शिवचरन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। हमले में शिवचरन का सिर फट गया तो वहीं देशराज को भी काफी चोटें आयीं। घटना को देख ट्रॉली में सवार लोगों ने जब हमलावरों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शोरगुल सुनकर कृष्णपाल पुत्र रमू अहिरवार, शिवदीन पुत्र खरगे, बब्बू पुत्र मिटठूलाल, ललनजू पुत्र जुरऊ एवं ट्रैक्टर में बैठे लोगों ने देखा। मौके से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी, तब अमरपुर मंडी चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आरोप है कि उक्त लोग दबंग और आपराधिक किस्म के लोग हैं। यह भी आरोप है कि हमलावरों ने धमकी दी है कि शिकायत की तो गांव में आना-जाना बंद कर देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) व एस.सी. एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सहायक लेखाकार शैफाली बानो को मिली कड़ी चेतावनी

**●खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ने लापरवाही को लेकर लिया संज्ञान**

**वेतन पटल और अभिलेख संरक्षण में गड़बड़ी उजागर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ललितपुर ने सहायक लेखाकार शेफाली बानो को लेखा कार्यों में रुचि न लेने व लापरवाही से सूचना भेजने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। बताया गया कि सूचनाएं प्रेषित करने व भुगतान संबंधी पत्रावली प्रेषित करने में भारी लापरवाही बरती जा रही है। जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहा है। लेखा बिल सावधानी पूर्वक नहीं बनाए जाते, जिससे हर माह दोबारा बिल भेजने पड़ते हैं। कड़ी चेतावनी दी गई कि पटल से जुड़े कार्य समय पर तैयार करें, समय पर कार्य न होने की वजह से प्रशासनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में रुकावट आती है। जिससे कर्मचारियों के हितों पर असर पड़ता है। यह भी चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में कभी ऐसी लापरवाही बरती गई तो उसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और कर्मचारियों द्वारा की जा रही लापरवाही किसी से छिपी नहीं है। अध्यापकों को उनके लंबित भुगतानों के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। यहां कार्यरत संविदा व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को जिलाधिकारी की चौखट पर जाना पड़ा, आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते रहते हैं पर संबंधित कर्मचारियों को उनके पदों से नहीं हटाया जाता। अब देखना यह है कि इस मामले में क्या कार्यवाही अमल में लाई जाती है।

**भुगतान संबंधी सूचना में लापरवाही आई सामने**

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सहायक लेखाकार के पटल से संबंधित अभिलेखों का सही ढंग से संधारण नहीं किया गया। फाइलों और दस्तावेजों में अव्यवस्था के कारण कार्यालयीन कार्यों में अनावश्यक विलंब हुआ। पत्र में इस बात पर भी चिंता जताई गई है कि वेतन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के दौरान भी अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती जा रही है, जो विभागीय नियमों के विपरीत है।

**कठोर विभागीय कार्यवाही आवश्यक**

खंड शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी पत्र में भविष्य को लेकर सख्त रुख अपनाया है। साफ शब्दों में कहा गया है कि यदि भविष्य में इस तरह की कार्यशैली सामने आई, तो मामले को उच्चाधिकारियों को संदर्भित किया जाएगा। इससे संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई हो सकती है। विभागीय गलियारों में इस पत्र को एक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी समयबद्ध और जिम्मेदार कार्यप्रणाली अपनाने का संदेश मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### अहंकार से पराजित होते हैं बलशाली भी : मुलायम सिंह यादव ने भागवत कथा में दिया जीवन का संदेश



**कानपुर देहात।** हम कितने भी बलशाली हो जाएं लेकिन कभी अहंकार नहीं आना चाहिए। 100 कौरवों के होते हुए भी सत्य मार्ग पर चलने वाले पांच पांडवों ने उन्हें पराजित कर दिया। उक्त विचार जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव ने ग्राम दुआरी के सरवन खेड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन व्यक्त किए। रविवार को कथा स्थल पर पहुंचे मुलायम सिंह यादव ने प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित मनीष तिवारी मानस मणि को अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इसके बाद पंडाल में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह मनुष्य को अहंकार से विनम्रता मोह से वैराग्य और अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाती है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं लेकिन भगवान के बनाए नियम कभी गलत नहीं होते। परमात्मा के नियम लोकहित के लिए होते हैं। इस अवसर पर उनके साथ रमेश चंद्र सिंह गौर डॉ. आनंद सिंह सतीश कुमार अग्निहोत्री नितिन दुबे शंकर सिंह अनिल दुबे गिरजा शंकर दीक्षित शिवपाल सिंह भदौरिया राजा सिंह कछवाहा एवं मनी मिश्रा भी उपस्थित रहे। कथा में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने वक्ताओं के उद्गारों पर तालियां बजाई।

### घाटमपुर में ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान



**घाटमपुर।** घाटमपुर में बीतीं देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, कानपुर -चित्र कूट रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई, घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी ने घाटमपुर पुलिस को जानकारी दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, और परिजनों को सूचना दी,हाथ पर लिखा मिला मोबाइल नंबर से हुई पहचान, म्रतक की पहचान फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के औरंगाबाद कोड़ा निवासी 42 वर्षीय मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है, पुलिस के अनुसार युवक के हाथ पर मोबाइल नंबर लिखा हुआ था, जिसके जरिए उसकी पहचान कर परिजनों से संपर्क किया गया, ट्रेन चालक ने घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी थी, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई, परिजनों ने पुलिस को बताया कि मोहम्मद इमरान बीतें कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और उनका इलाज भी कराया जा रहा था, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, और सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है, घाटमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह विष्ट ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संत रविदास की जयन्ती का सृजना कुटीर मे हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे सन्त शिरोमणि रविदास जयन्ती का आयोजन सृजना कुटीर अजीतनगर मे किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि आडंबर विरोधी एवं छुआछूत विरोधी महासंत रविदास का जीवन समता,बन्धुता व न्याय का द्योतक है।मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि संत रविदास का जीवन पंथनिरपेक्षता,मानवता व सामाजिक न्याय का परिचायक है।विशिष्ट अतिथि के रूप मे चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने कहा कि संत रविदास की जीवन यात्रा प्रत्येक युग के लिए अनुकरणीय है।विशिष्ट अतिथि ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि महासंत का जीवन दर्शन हमें विशिष्टता का पथ प्रशस्त करता है।इस अवसर पर साहित्यकार प्रेम कुमार प्रेम,कुंज बिहारी काका श्री,श्रीनाथ सरस, अमरनाथ बेजोड़,राधेश्याम दिवाना राजेश हर्षपुरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।

## यूजीसी के खिलाफ प्रदर्शन कर फूंकी एक्ट की प्रतियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यूजीसी एक्ट के विरोध में रविवार को स्वर्ण समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। स्वर्ण समाज संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पटेल चौक (बर्रा) पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और कानून को छात्रों के भविष्य के लिए नुकसानदेह बताया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में यूजीसी एक्ट-2026 विरोधी तख्तियां लेकर नारेबाजी की और इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती करार दिया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में काफी देर तक आंदोलन का माहौल बना रहा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी एक्ट-2026 स्वर्ण समाज के




विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस कानून से छात्रों में असमंजस की स्थिति बनेगी और उनका शैक्षणिक व व्यावसायिक भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का बदलाव सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। यूजीसी एक्ट-2026 की प्रतीकात्मक प्रतियां फूंकी गई प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने यूजीसी एक्ट-2026 की प्रतीकात्मक प्रतियां फूंकी, जिसे विरोध का संकेत बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा से जुड़े ऐसे फैसले बिना व्यापक विमर्श के लागू नहीं किए जाने चाहिए। बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद प्रदर्शन में डा.प्रदीप कुमार पाण्डेय, प्रकाश वीर आर्य, अनुराग सिंह सेंगर (एड.), प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी, राजेश सुनेजा, सुरेश रतनानी, अभिषेक पाठक, अभिनव मिश्रा, संतोष दीक्षित, संजीव अवस्थी सहित कई गणमान्य लोग और युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वर्ण समाज संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि सामान्य वर्ग पर अभी खतरा टला नही है अपितु यूजीसी एक्ट-2026 के विरोध में आगे भी आंदोलन जारी रहेगा और इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

## कानपुर सागर हाइवे पर स्थित घाटमपुर में पिक-अप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर-** घाटमपुर में ओवर ब्रिज पर बीतीं देर रात एक सड़क हादसा हो गया, विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार पिकअप ने बाइक सवार मुनीम को टक्कर मार दी, हादसे के बाद मचे हंगामे और भीड़ के डर से पिक-अप में बैठा पल्लेदार पुल से नीचे कूद गया, जिससे उसके दोनौ पैर टूट गए, पुलिस ने उसे घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, घाटमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुष्मांडा नगर मोहल्ला निवासी सत्यनारायण का 46 वर्षीय बेटा रामकरण जो सजेती स्थिति पांडेय रोड



लाइन्स में मुनीम के पद पर काम करता है, बीतीं देर रात डियूटी कर के घर लौट रहा था, जैसे ही वह घाटमपुर थाना क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे पर कस्बा स्थित ओवर ब्रिज ओवर ब्रिज पर पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिक-अप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी,, हादसे में रामकरण गंभीर रूप से घायल हो गए ,, घटना के बाद पुल पर लोगों की भीड़ जुटन् लगी, भीड़ ने घटना की सूचना पुलिस को दी, भीड़ का आक्रोश और पुलिस के पकड़े जाने के डर से पिक-अप में बैठा पल्लेदार अजीत ने सीधे पुल के ऊपर से छलांग लगा दी, काफ़ी ऊंचाई से गिरने के कारण अजीत को गंभीर चोटे आई है, पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर पल्लेदार को गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है,, पुलिस ने परिजनोको घटना की जानकारी दी, घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह विष्ट ने बताया कि सूचना मिली है , घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है,, तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गांव के सर्वांगीण विकास में ग्राम प्रधानों की भूमिका सबसे अहम है सांसद

### ●सिद्धार्थनगर महोत्सव समापन अवसर पर पंचायती राज एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं विषयक गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 के समापन के अवसर पर पंचायती राज विभाग एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं विषयक गोष्ठी/सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा संसद में 2026-27 का बजट पेश करने के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास में ग्राम प्रधानों की भूमिका सबसे अहम है । ग्राम प्रधानों द्वारा गांवों में सड़क, नाली आदि मूलभूत सुविधाओं के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। जब हमारा गांव विकसित होगा तभी हमारा प्रदेश व हमारा



भारत देश विकसित होगा। जनपद में कालानमक चावल, मछली उत्पादन में काफी प्रगति हुई है वैसे मखाना की खेती करके मखाना उत्पादन में भी हमारा जनपद आगे होगा। आज संसद में 2026-27 का बजट पेश किया गया। जिसमें महिलाओं के लिए तथा अन्य विकास कार्यो के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक बजट आवंटित किया गया है। जिससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी और हमारा देश ग्रोथ इंजन के रूप में उभर कर आत्मनिर्भर बनेगा। महिलायें सशक्त होगीं और महिलाओं के लिए सभी जिला मुख्यालयों पर महिला छात्रावास का निर्माण कराया जायेगा, जिससे महिलाओं को कोई परेशानी न हो। स्वास्थ्य व शिक्षा में 05 प्रतिशत टैक्स लगता था उसको 02 प्रतिशत कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को पोषाहार का वितरण करके उनके स्वास्थ्य का देखभाल करती हैं। आंगनबाड़ी अपने परिवार के साथ-साथ समाज के अन्य परिवार का देखभाल करने का कार्य करती हैं। कम मानदेय के बावजूद कड़ी मेहनत कर महिलाओं, बच्चों की देखभाल व शासन के अन्य कार्यो को सम्पन्न कराने तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पंहुचाने का कार्य कर रही हैं। सरकार जल्द ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय को बढ़ाने का कार्य करेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो0 डॉ0 गीता चोपड़ा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भारत के भविष्य की आधारशिला विषय पर जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि बच्चों के समुचित विकास के लिए आवश्यक पोषाहार देने से उनका विकास अच्छे ढंग से होगा। बच्चों को सिखाने की प्रक्रिया व सोच में बदलाव के प्रति बारीकी से बताया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रमिला मिश्रा द्वारा अपने विचार के माध्यम से लागों को जागरूक किया गया।

## शिव और सती का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर** –भनवापुर क्षेत्र के बुढ़ऊ चौराहे पर आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शनिवार की रात को कथा पंडाल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। श्रीधाम अयोध्या से पधारी कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने शिव-सती प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं मार्मिक वर्णन किया। प्रसंग के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और पूरा वातावरण शिवमय हो गया। कथावाचिका ने बताया कि माता सती भगवान शिव की अनन्य भक्त थीं। एक बार उनके पिता राजा दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, लेकिन भगवान शिव के प्रति द्वेष भाव रखते हुए उन्हें यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया। यह



जानकर माता सती को गहरा आघात पहुंचा। उन्होंने बिना निमंत्रण के ही यज्ञ में जाने का निर्णय लिया। भगवान शिव ने उन्हें समझाया कि जहां सम्मान न हो, वहां जाना उचित नहीं है, किंतु माता सती अपने पिता के घर पहुंच गई।यज्ञ स्थल पर राजा दक्ष द्वारा भगवान शिव का खुलेआम अपमान किया गया, जिसे माता सती सहन नहीं कर सकी और उन्होंने योगाग्नि द्वारा अपने प्राण त्याग दिए। इस करुण प्रसंग का वर्णन होते ही कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। कथावाचिका ने कहा कि माता सती के देहत्याग का समाचार मिलते ही भगवान शिव अत्यंत क्रोधित हो उठे और उनका तांडव संपूर्ण ब्रह्मांड को विचलित करने लगा। बाद में माता सती ने पार्वती रूप में जन्म लेकर कठोर तपस्या के माध्यम से भगवान शिव को पुनः प्राप्त किया। यह प्रसंग भक्ति, त्याग और आत्मसम्मान का अनुपम संदेश देता है।कथा के दौरान प्रस्तुत भजन-कीर्तन और संगीतमय झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावलोक में पहुंचा दिया। अंत में 'हर-हर महादेव' के जयकारों से कथा स्थल गूंज उठा।इस अवसर पर इन्द्रजीत उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, मस्तराम वर्मा, विजय उपाध्याय, अखिलेश श्रीवास्तव, अन्नू त्रिपाठी सहित क्षेत्र के साधु-संत तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया भौतिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कारागार प्रतापगढ़ का श्रीमती शाम्भवी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ द्वारा शनिवार को भौतिक निरीक्षण एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा अवगत कराया कि इस समय जिला कारागार में 886 बन्दी निरूद्ध है। जिसमें 784 विचाराधीन बन्दी है। इसमें महिला 24 तथा 793 पुरूष एवं किशोर बन्दियों की संख्या 47 है। सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 92 बतायी गयी जिसमें 24 महिला व 47 पुरुष एवं 01 किशोर बन्दी बन्दी शामिल है। सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक एवं किशोर बैरक, पाकशाला, जेल अस्पताल, लीगल एड क्लीनिक,एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ सफाई,



महिला बन्दियों की तलाशी रूम का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक बैरिक में मनोरजंन के लिए टीवी लगी है, जो चालू हालत में बतायी गयी। जिला कारागार में 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों को चिन्हित करने और ऐसे बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने के संबंध में जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि जिन सिद्धदोष बन्दियों की अपील हो गयी है संबंधित रजिस्टर में उनकी अपील संख्या और पूर्ण विवरण अंकित किया जाय। अपील संबंधित रजिस्टर में पूर्ण विवरण अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाय, ऐसे चिन्हित सिद्धदोष बन्दी जो आर्थिक कठिनाई के कारण या अन्य किसी कारण से अपील करने में सक्षम नहीं है, उनकी निःशुल्क अपील कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को अवगत कराया जाय। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप में प्राप्त कर जिला विधिक सेवक प्राधिकरण प्रतापगढ़ कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय।इस अवसर पर जेल अधीक्षक सहित उप जेलर निखिल, श्रीमती शारदा एवं महावीर यादव चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल डिप्टी अभय प्रताप सिंह, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आदि उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट नई किरण में तीन मामले सुलझे



**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद तीन परिवारों का आपस में सुलह-समझौता कराया गया, वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जिले में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, अजय बरया, डा.एस.पी.पाठक, सुभाष जैन, डा.जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला हे.का.आशा देवी, महिला आरक्षी सिमरन आदि मौजूद रहीं।

## बिधनू में सरकारी जमीन पर कब्जा, डीएम से शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर सर्किल क्षेत्र अंतर्गत बिधनू थाना क्षेत्र के खडेसर गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है, ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कानपुर नगर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से उनके कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है, जिलाधिकारी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं,खडेसर गांव निवासी योगेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि ग्राम कठारा की आराजी संख्या 3649 जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के रूप में दर्ज हैं उस पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है, उन्होंने आरोप लगाया कि यह निर्माण स्थानीय लेखपाल और ग्राम प्रधान की सांठगांठ से हो रहा है, योगेन्द्र बहादुर सिंह



ने यह भी बताया कि उन्होंने पहले सदर एसडीएम को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,उनका कहना है कि इसी कारण सरकारी जमीन पर खुलेआम कब्जा किया जा रहा है, जिससे प्रशासन की अनदेखी उजागर होती है,इस मामले में कानपुर सदर एसडीएम ने संज्ञान लेते हुए कहा कि उन्हें सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली है, उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी,, और सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मतदाताओं के नाम बढ़ाने के लिए बूथ स्तर पर सपा यूथ प्रत्येक द्वार जायेगें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों विधान सभा अध्यक्षों, 78 वार्ड अध्यक्षों, सभी फ्रन्टल संगठनों की पीडीए प्रभारियों की मासिक बैठक सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में सपा हाल में आरम्भ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक आरम्भ पर गुरु रविदास जी की 649 वीं जयन्ती पर चित्र पर माल्यार्पण किया तथा इसके बाद सन्त नरहरी महाराज सोनार की 529 वीं जयन्ती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि, सपा के सभी बीएलए तथा फ्रन्टल, व पीडीए के कार्यकर्ता गोविन्द नगर, आर्य नगर, कैन्ट, किदवई नगर, सीसामऊ पांचों विधान सभा क्षेत्रों में एसआईआर अभियान के तहत सवा लाख मतदाताओं को फार्म नं 6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये आनलाइन तथा बीएलओ के



द्वारा सन 2027 के चुनाव की वेला के लिये तैयार करेगें।

अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि कैंट विधान सभा में पन्द्रह हजार से अधिक फार्म 6 भरवाये जा चुके है। नयी पीढ़ी में मतदाता बनने की ललक है अठ्ठारह वर्ष पूरे होने वाले युवाओं को अधिक जोड़ा जा रहा है। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि सपा सन्त रविदास की नीतियों और सिद्धान्तों को आगे बढ़ा रही है समाज में, आपसी सौहार्द तथा समता मूलक समाज की मजबूती, तथा भेद भाव रहित संस्कारों से प्रेरित कर, सन्त रविदास के आदर्शो पर चलने के लिये आवाहन किया। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि सन्त नरहरी महाराज (सोनार) की जयन्ती को राष्ट्रीय अवकाश माघ पूर्णिमा को घोषित किया जाये। तथा सन्त के विचारों तथा नीतियों एवं आदर्श समाज की भूमिका को समाहित कर शिक्षा के पाठ्य पुस्तक में स्थान दिया जाये। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, सुधांशु मिश्रा, कुलदीप यादव, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, दीपक खोटे, शादाब आलम, के के मिश्रा, मुमताज आदि लोग मौजूद रहे।

## संभव अभियान की प्रदेशीय रैंकिंग में कानपुर नगर अव्वल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में संचालित संभव अभियान के अंतर्गत कानपुर नगर ने 31 जनवरी को जारी प्रदेशीय रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 75.5 अंक मिले हैं, जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं। रैंकिंग में फर्रुखाबाद 74.8 अंकों के साथ दूसरे, श्रावस्ती 71.01 अंकों के साथ तीसरे, वाराणसी 70.3 और चंदौली 70 अंक लेकर शीर्ष जिलों में शामिल रहे। वहीं फिरोजाबाद 45.5 अंकों के साथ प्रदेश में अंतिम 75वे स्थान पर रहा। प्रयागराज 47.4 अंकों के साथ 74वें और कासगंज 48.5 अंकों के साथ 73वें स्थान पर रहा।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिन्हा को बधाई दी है। संभव अभियान के तहत जनपद में 1,850 सैम श्रेणी के बच्चों को चिन्हित किया गया था। नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय प्रबंधन और सतत फॉलो-अप के बाद 1,837 बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार दर्ज किया गया। निरंतर निगरानी और केंद्रित प्रयासों से 834 बच्चे सैम श्रेणी से बाहर होकर सामान्य श्रेणी में आ गए, जबकि शेष बच्चों के स्वास्थ्य में भी निरंतर प्रगति दर्ज की जा रही है। इस तरह बच्चों के स्वास्थ्य सुधार का कुल प्रतिशत 99.30 रहा, जिसे रैंकिंग का प्रमुख आधार माना गया। अभियान के अंतर्गत केवल सैम ही नहीं, बल्कि 0-6 माह आयु वर्ग के सीवियर अंडरवेट बच्चों पर भी विशेष फोकस किया गया। पंजीकृत स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 माह आयु के बच्चों की संख्या में अंतर को समाप्त करने के लिए सभी चिन्हित बच्चों का ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया। कम वजन के जन्मे शिशुओं का आशा कार्यकर्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत फॉलो-अप सुनिश्चित किया गया।

## मालवा एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** पंजाब राज्य के पटियाला जिले की नगर कोतवाली एसएसटी में म.नं. 40 निवासी निलेश पुत्र नवल कालड़ा ने जीआरपी पुलिस को लिखित तहरीर दी है। बताया कि बीती 4 जनवरी को वह ट्रेन संख्या 12920 मालवा एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-2 की सीट संख्या 31 पर अम्बाला से इन्दौर के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान ललितपुर रेलवे स्टेशन आने के पांच मिनिट पहले ही उसने नींद से जागकर देखा तो उसकी तकिए के नीचे रखा एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये थी, तकिए के नीचे नहीं मिला। उसने मोबाइल की काफी खोजबीन की, लेकिन फोन नहीं मिला। आरोप है कि किसी अज्ञात बदमाश ने यात्रा में उसकी नींद का फायदा उठाकर उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने निलेश की तहरीर पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कपिलवस्तु विधान सभा क्षेत्र में 54 मार्गो के मरम्मत कार्य के लिए स्वीकृति : विधायक श्याम धनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल 54 मार्गो के सामान्य मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कपिलवस्तु विधानसभा की जनता की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। विधायक श्यामधनी राही ने बताया कि इन सड़कों के मरम्मत कार्य से ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और कृषि कार्यों को भी गति मिलेगी। लंबे समय से जर्जर मार्गो की मरम्मत की मांग की जा रही थी, जिसे अब सरकार ने गंभीरता से पूरा किया है। स्वीकृत प्रमुख संपर्क मार्गो में पकडी उदयपुर से छोटकी हरैया संपर्क मार्ग, हरेपा सात प्राथमिक विद्यालय से तरकुलहा संपर्क मार्ग, पीकापार संपर्क मार्ग, पीकापार से परसा संपर्क मार्ग, बर्डपुर -5 (बेलहरि) से बर्डपुर नं0-5 (गोसाइडीह) संपर्क मार्ग, ककरहवा पिपरहवा मार्ग से लालपुर संपर्क मार्ग,चैनपुर ककरहवा मार्ग के किमी-03 से पिपरसन संपर्क मार्ग, नौगढ़ महापाली मार्ग के किमी-6 से महदेवा संपर्क मार्ग, ककरहवा खैराटी मार्ग से बरदहवा संपर्क मार्ग, बरगदी चौराहे से पकड़ी दीगर संपर्क मार्ग, एनएच-233 से सगरहवा संपर्क मार्ग,



दुलहा दलदलहा मार्ग से केवटलनाथ होते हुए सेमरी तक संपर्क मार्ग, ककरहवा खैराटी मार्ग से मजगावा संपर्क मार्ग, अलीगढ़वा बर्डपुर बिहरा से बहोरवा (उत्तर) गांव तक संपर्क मार्ग, बूढ़ा खास संपर्क मार्ग, युसुफपुर सडडा भगवानपुर होते हुए चौरीजोत संपर्क मार्ग, बर्डपुर पल्टादेवी मार्ग से कंचनिया दक्षिणी संपर्क मार्ग, रेस्ट हाउस नौगढ़ का आंतरिक मार्ग, एलडी मार्ग से दुल्हा दरम्यानी, बैजनाथपुर रतनपुरवा, टुगौरा संपर्क मार्ग, कुशभौना से खीरीहवा डीह संपर्क मार्ग, ककरही टडिया गायघाट से कुसम्ही संपर्क मार्ग, मधुबनवा संपर्क मार्ग, उसका सोहास मोहाना से बरोहिया खालसा संपर्क मार्ग, महादेवा पटनी जंगल से काकोरी संपर्क मार्ग, मोहाना रामपुर मार्ग से केवलपुर संपर्क मार्ग, तिलकहना हरदासपुर से कोईलहवा नरायनपुर संपर्क मार्ग, नौगढ़ कोडराग्रांट से कपिया बुकनिहा ग्रांट मार्ग, एफएनबीएस से कटकी संपर्क मार्ग, कोल्हुआ से देवतहवा ग्रांट संपर्क मार्ग, उसका बृजमनगंज से भवनियापुर संपर्क मार्ग, एनएच-730 से मेहदिया खुर्द व मेहदिया बुजुर्ग संपर्क मार्ग, उसका बृजमनगंज सेमरहना मार्ग से जयपुर सम्पर्क मार्ग, भठिया महादेवा से धोबहा संपर्क मार्ग, कटकी से चौहानडीह संपर्क मार्ग, पकड़ी उदयपुर से सिंहोरवा व पकड़ी उदयपुर से सजनापार संपर्क मार्ग, सजनापार से बेरिपहवा संपर्क मार्ग, एफएनबीएस मदनपुर से दैजौली सम्पर्क मार्ग , कुआं हाटा से छितरापार सम्पर्क मार्ग, एफएनबीएस से नौखनिया सम्पर्क मार्ग, एफएनबीएस दैजौली मदनपुर संपर्क मार्ग, मोहाना लोटन से फुलवरिया संपर्क मार्ग, लोटन नेपाल सीमा से विजदेईया संपर्क मार्ग, मोहाना लोटन से लकडा होते हुए लोधपुरवा संपर्क मार्ग, कोल्हुआ से ठडवरिया संपर्क मार्ग, एफएनबीएस से जगदीशपुर खुर्द-डिहवा संपर्क मार्ग, घेन्सा महादेवा से अहिरनडीह संपर्क मार्ग, एनएव-233 से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय होते हुए महिला मार्ग, एनएच-730 से बसहिलिया संपर्क मार्ग, नौगढ़ महापाली से पिछौरा संपर्क मार्ग तथा एनएच से कोल्हुआ ढाला संपर्क मार्ग शामिल हैं। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है, और सड़क कनेक्टिविटी मजबूत कर विकास को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि शीघ्र ही सभी स्वीकृत मार्गो पर मरम्मत कार्य प्रारंभ होगा, जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### संत रविदास जयंती पर डीएम-एसपी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



**उरई(जालौन)**- संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बबीना स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचकर संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संत रविदास जी के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेशों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन समाज में भेदभाव रहित वातावरण एवं आपसी सौहार्द स्थापित करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 10 दिन बाद भी बरामद नहीं हो सकी किशोरी




**कोंच (जालौन)**- कोंच कोतवाली के सुरई चौकी क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को गैर-समुदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है, जिससे पीड़ित परिवार में किसी अनहोनी की आशंका गहराती जा रही है।

?जानकारी के अनुसार, करीब 10 दिन पहले कांशीराम कॉलोनी की एक नाबालिग किशोरी अचानक गायब हो गई थी। परिजनों ने जब खोजबीन की तो पता चला कि कॉलोनी का ही एक गैर-समुदाय का युवक रोहित उसे अपने जाल में फंसाकर कहीं ले गया है।

?घटना के तुरंत बाद पीड़ित पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, लेकिन आरोप है कि सुरई चौकी पुलिस और कोंच कोतवाली पुलिस अब तक आरोपी युवक की लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर पाई है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की सुस्ती के कारण आरोपी को भागने और छिपने का पूरा समय मिल गया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि थाने जाता हूँ तो आश्वासन मिलता है, और अधिकारियों के पास जाता हूँ तो जांच जारी होने की बात कही जाती है। उक्त पीड़ित व्यक्ति का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में भी हाजिरी लगाई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे कि किशोरी को जल्द से जल्द बरामद किया जाए और आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा जाए, बावजूद इसके अभी तक कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

### हॉकी मैत्री मैच में मौदहा टीम ने बांदा को बडे अंतर से हराया




**हमीरपुर :-** मौदहा के रहमानिया इंटर कॉलेज में रविवार के दिन आयोजित हाकी मैत्री मैच में एम. एस. जे. स्पोर्ट्स मौदहा ने रायफल क्लब बांदा को 7-1 के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया।

रविवार को कस्बे के रहमानियां खेल ग्राउंड में मौलाना सलीम जाफरी स्पोर्ट्स मौदहा और रायफल क्लब बांदा के बीच खेले गए हाकी मैत्री मुकाबले में मौदहा ने बांदा को 7-1 के बड़े अंतर से हराकर मुकाबला जीत लिया। मौलाना सलीम जाफरी स्पोर्ट्स मौदहा की तरफ से कैफ, आरूष व कृष्णा ने दो-दो गोल किए जबकि आकिब ने एक गोल किया। वहीं बांदा की ओर से अक्षय प्रताप ने एक गोल किया। मैच के अंत में दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि याकूब गड्डी ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस दौरान पूर्व हाकी खिलाड़ी हामिद हुसैन, डॉ इमामुद्दीन, फुरकान, अख्तर मास्टर, फिरोज़ खान बाबू, मौदहा हाकी टीम कोंच समीर इमाम, बांदा टीम मैनेजर अदनान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बजट 2026 से विकसित भारत की नींव मजबूत, गरीब- युवा-महिला सशक्त: दिलीप देवतवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर



**नई दिल्ली।** मदनगीर मंडल कार्यालय स्थित ब्लू स्टार हॉल, डीडीए फ्लैट मदनगीर में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर एक प्रभावशाली एवं राजनीतिक रूप से अहम प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने किया। आयोजन में विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर सरकार की दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी नीतियों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। इस दौरान सामाजिक समरसता, समानता और श्रम सम्मान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में निगम प्रत्याशी मनीषा बैरवा जी की विशेष उपस्थिति रही, जबकि मुख्य वक्ता नवीन गुप्ता ने बजट के प्रावधानों को तथ्यों और आंकड़ों के साथ विस्तार से रखते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है। मुख्य वक्ता नवीन गुप्ता ने बताया कि बजट में देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए 11 लाख करोड़ से अधिक का प्रावधान कर विकसित भारत के लिए आधुनिक सड़क, आवास और शहरी ढांचे को गति दी गई है।

शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.20 लाख करोड़ से अधिक का बजट युवाओं को कौशल, तकनीक और रोजगार से जोड़कर भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने वाला कदम है।स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 90 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान कर एक सशक्त, स्वस्थ और सक्षम विकसित भारत की आधारशिला रखी गई है। महिला सशक्तिकरण एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए 3 लाख करोड़ से अधिक की योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को मजबूत करती हैं।वहीं मध्यम वर्ग और व्यापारियों को कर राहत देकर आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया गया है, जिससे विकसित भारत की अर्थव्यवस्था और सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष दिलीप देवतवाल ने कहा बजट 2026 केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने का रोडमैप है। गरीब, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को सशक्त किए बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि जहां विपक्ष केवल भ्रम और नकारात्मकता फैलाने में लगा है, वहीं यह बजट सरकार की विकास, सुशासन और विकसित भारत की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देवतवाल ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बजट की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं।निगम प्रत्याशी मनीषा बैरवा जी ने कहा कि बजट में शहरी विकास, स्वच्छता, महिला सुरक्षा और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधान नगर निगम स्तर पर भी विकसित भारत की सोच को मजबूती देंगे। कार्यक्रम में मंडल के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन संगठनात्मक एकता, राजनीतिक स्पष्टता और विकसित भारत के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अभियोग का वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक मो0 नदीम खान मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वारण्टी, वांछित अभियुक्त के दौरान थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त अनिल पटेल पुत्र बंसीलाल पटेल निवासी पूरे गिरवर का पुरवा सहिजनी थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र 26 वर्ष को एक अदद हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल के साथ थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत गहनेरू बाग तिराहा बहद ग्राम बभनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया एवं बरामद 01 मोटरसाईकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### विधायक विषेश रवि ने करोलबाग विधानसभा की तीन अनधिकृत कॉलोनियों में नई सीवर लाइन का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली,** करोल बाग में विधायक विषेश रवि आम जन के सुविधा के मद्देनजर लगातार विकास के नई इमारत लिख रहे हैं।आम आदमी पार्टी के विधायक विषेश रवि क्षेत्र के जनता को नई सौगात दे रहे हैं।इस कड़ी में करोलबाग विधानसभा क्षेत्र में 3 अनधिकृत कॉलोनियों में गली नंबर 37 बीडन पुरा,संत सुजान सिंह, गुरुद्वारे बाली गली से बेकरी मार्केट डी बी गुप्ता रोड़ और 59 ब्लॉक रामजस रोड़ पर नई सीवर लाइन परियोजनाओं का उद्घाटन किया।इस मौके पर निगम पार्षद उर्मिला गोतम, विधायक प्रतिनिधि अंकित रवि,सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। विधायक विषेश रवि ने लोगों के बीच नारीयल तोड़ कर विधिवत इसकी शुभारंभ की। इस पहल से क्षेत्र की जनता भी काफी खुशी रही और लोगों ने फूल मालाओं से विधायक, व निगम पार्षद ,एवं विधायक प्रतिनिधि,का स्वागत किया। उद्घाटन के बाद विधायक विषेश रवि ने कहा की स्थानीय निवासियों को जलभराव जैसी समस्याओं से राहत दिलाने के लिए उठाया गया है, जहां अब तक सीवर की कोई सुविधा नहीं थी। विधायक विषेश रवि और निगम पार्षद उर्मिला गोतम ने कालोनीयो का निरीक्षण कर लोगों की समस्या से अवगत होने का प्रयास किया, हालांकि इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखी, जिसका विधायक ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।इस मौके पर निगम पार्षद उर्मिला गोतम ने कहा की यह परियोजना विशेष रूप से उन अनधिकृत कॉलोनियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है जहां सीवर की कोई सुविधा नहीं थी, बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करना और अनधिकृत कॉलोनियों को सीवर नेटवर्क से जोड़ना सीवरेज सिस्टम को मजबूत करने और इलाकों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता के तहत किया गया है। इस अवसर पर विधायक,निगम पार्षद, जन प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, स्थानीय निवासी, और गणमान्य व्यक्ति एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सभागार में वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रमोद उपाध्याय को श्रद्धांजलि, पत्रकारों ने किया स्मरण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों ने स्वर्गीय प्रमोद उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय उपाध्याय ने बलिया की पत्रकारिता को एक नई दिशा और आयाम दिया। वे निर्भीक, निष्पक्ष और जनसरोकारों से जुड़े पत्रकार थे, जिनका योगदान लंबे समय तक याद किया जाएगा। वक्ताओं ने उपाध्याय जैसे व्यक्तित्व को विरला बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में प्रग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्र सहित सुधीर ओझा, ओंकार सिंह, सुधीर तिवारी, नरेन्द्र मिश्र, मदूसूदन सिंह, सिन्धु तिवारी, अखिलानन्द तिवारी, असगर अली, रमाशंकर तिवारी, अजय भारती, भोला जी, राजेश ओझा, राजू दूबे, शशिकांत ओझा, प्रदीप शुक्ला और गिरीश तिवारी समेत बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार केदार नाथ ओझा ने की, जबकि संचालन अखिलेश सिन्हा ने किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### कान्हा गौशाला निरीक्षण में डीएम ने गोवंशों को किया दुलार

**डीएम व एसपी ने बबीना और कदौरा गौशालाओं का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में लापरवाही पर दिए सख्त निर्देश**

**उरई (जालौन)**- जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बबीना एवं कदौरा स्थित कान्हा गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंश संरक्षण एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गोवंशों को गुड़ खिलाया। जिलाधिकारी ने गोवंशों को दुलारते हुए उनके संरक्षण एवं समुचित देखभाल के महत्व पर बल दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए हरा चारा, स्वच्छ पेयजल एवं चिकित्सीय देखभाल की व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में सुबह-शाम प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सफाई कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गौशाला प्रबंधन को व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के निर्देश उन्होंने दिए।

### आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने मनाया संत रविदास जन्मोत्सव, सामाजिक न्याय का संकल्प लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शहडोल।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर जिले में वैचारिक क्रांति और सामाजिक एकजुटता का नजारा देखने को मिला। आजाद समाज पार्टी (ASP) और भीम आर्मी एकता मिशन के तत्वावधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस दौरान वक्ताओं ने संत रविदास के 'बेगमपुरा' (ऐसा समाज जहाँ कोई दुख न हो) के सपने को साकार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

**महापुरुषों के मार्ग पर चलने की शपथ**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक राजेश कुशवाहा एवं सजीवन कोल की मौजूदगी में संत रविदास जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला नेतृत्व ने कहा कि भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को उनका संवैधानिक हक दिलाना और संत रविदास जी के समतावादी विचारों को धरातल पर उतारना है।

**इनकी रही सक्रिय सहभागिता**

आयोजन को सफल बनाने में संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रामशरूप कोल, सूरज बैगा, नरेंद्र प्रजापति, रामनरेश चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, पत्रकार दिनेश चौधरी रामकुमार चौधरी, मनोज चौधरी, नंन्दू चौधरी, छोटू चौधरी, रामपाल चौधरी, ददद् बैगा एवं बाल कारण बैगा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**वैचारिक संगोष्ठी और एकता का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने सदियों पहले ऊंच-नीच और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई थी। आज भीम आर्मी एकता मिशन उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को शिक्षित और संगठित कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने समाज में भाईचारा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# केंद्रीय बजट 2026-27: व्यापारियों को और राहत मिल सकती थी- जितेंद्र चतुर्वेदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** केंद्रीय बजट 2026-27 में व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र के लिए कुछ सकारात्मक प्रावधान किए गए हैं, लेकिन व्यापार संगठनों का मानना है कि बजट में कई अहम सुविधाएं शामिल नहीं हो सकीं। यदि इन पर ध्यान दिया जाता, तो व्यापारी वर्ग को और मजबूती मिलती।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए 5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा योजना बजट का हिस्सा होनी चाहिए थी। बढ़ती महंगाई और इलाज के खर्च को देखते हुए यह योजना व्यापारियों के लिए बड़ी राहत बन सकती थी।

उन्होंने कहा कि छोटे और मझोले व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना भी आवश्यक है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लाखों व्यापारी आज भी किसी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में नहीं हैं, ऐसे में दुर्घटना बीमा उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक संबल दे सकता है।

जितेंद्र चतुर्वेदी ने यह भी कहा कि जीएसटी दरों को और सरल करने, छोटे कारोबारियों के लिए कंपोजिशन स्कीम की सीमा बढ़ाने तथा जीएसटी रिटर्न और नोटिस प्रक्रिया को सहज बनाने की आवश्यकता है, जिससे व्यापारी बिना दबाव के अपना व्यवसाय चला सकें।

उन्होंने बताया कि बजट में छोटे दुकानदारों और पारंपरिक व्यापारियों के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने की घोषणा की जानी चाहिए थी। इससे स्थानीय बाजारों में पूंजी का प्रवाह बढ़ता और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती। साथ ही, ऑनलाइन कारोबार और ई-कॉमर्स से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच छोटे व्यापारियों के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाने की भी जरूरत है, ताकि पारंपरिक बाजार संतुलन के साथ आगे बढ़ सकें। व्यापार मंडल का मानना है कि यदि सरकार आगामी नीतियों में इन मांगों पर विचार करती है, तो व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा।

# UP सरकार का बड़ा एक्शन, संपत्ति का ब्यौरा नहीं देने पर 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोकी

**● उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं देने पर 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोक दी है. माना जा रहा है कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति के मद्देनजर योगी सरकार यह कदम उठाया है**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में जुटी है. इसी को लेकर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है. दरअसल सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों से संपत्ति का ब्यौरा मांगा था. कुछ ने ब्यौरा दे भी दिया, जबकि 68 हजार कर्मचारियों सरकार के इस आदेश पर गौर नहीं किया।

योगी सरकार ने आदेश का उल्लंघन करने वाले करीब 68 हजार कर्मचारियों की सैलरी रोक दी है. सरकार का आदेश है कि जब तक ये कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देते हैं तब तक उन्हें सैलरी नहीं दी जाएगी. इससे पहले मुख्य सचिव के स्पष्ट आदेश पर सभी ने अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा शनिवार तक नहीं दिया था. माना जा रहा है कि सभी कर्मचारी अब सरकार के एक्शन के बाद जल्द ही अपनी संपत्ति का ब्यौरा सरकार को दे देंगे।

**उत्तर प्रदेश में 8,66,261 सरकारी कर्मचारी**

सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 के नियम-24 के तहत प्रदेश के 8,66,261 पिछले वर्ष 2025 तक की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर देना था. सभी विभागों के नोडल अधिकारी और आहरण-वितरण अधिकारियों को बकाएदा निर्देश दिए गए थे. साथ ही बताया गया था कि 31 जनवरी तक संपत्ति का विवरण अपलोड न करने वालों का सैलरी रोक दी जाए. बताया जा रहा है कि इस आदेश के बाद भी 68,236 राज्यकर्मियों ने शनिवार रात तक अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं किया. इनमें संपत्ति का ब्यौरा नहीं बताने वालों में सर्वाधिक 34,926 राज्यकर्मी तृतीय श्रेणी वाले हैं।

**इन विभागों के कई कर्मचारियों ने नहीं दिया ब्यौरा**

इसके अलावा 22,624 राज्यकर्मी चतुर्थ श्रेणी जबकि द्वितीय श्रेणी के 7204 और प्रथम श्रेणी के 2628 अधिकारी हैं. 1612 अन्य कार्मिकों में से भी 854 ने अपनी संपत्ति नहीं बताई है जिससे इनका भी सैलरी रुकेगी. कुल कर्मचारियों में से जिन आठ प्रतिशत कर्मचारियों ने अपनी संपत्ति के बारे में शनिवार तक जानकारी नहीं दी है उनमें लोक निर्माण, राजस्व, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सहकारिता, आबकारी, खाद्य रसद, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अभियंत्रण, उद्यान, पशुधन, परिवहन विभाग आदि प्रमुख हैं।

**जनवरी माह का सैलरी फरवरी में नहीं मिलेगी**

बताया जा रहा है कि जिन कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया है अब उन्हें जनवरी माह का सैलरी फरवरी में नहीं मिलेगी. गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों और शासन के अधिकारियों को पिछले दिनों निर्देश दिए गए थे कि सभी राज्यकर्मी अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करें. भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति के मद्देनजर योगी सरकार राज्य के सरकारी कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा जुटाने को लेकर बेहद गंभीर है।

# एनजीटी की टीम चार फरवरी को करेगी नदी का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हमीरपुरः-** सुमेरपुर कस्बा के समाजसेवी राजेश शिवहरे की याचिका पर एनजीटी की टीम 4 फरवरी को गायत्री गंगा (करोड़न नदी) को मौके पर आकर स्थिति देखेगी। रविवार को एडीएम ने एसडीएम सदर एवं तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के साथ कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा का निरीक्षण किया। इस मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद रही। कस्बे के स्टेशन मार्ग निवासी समाजसेवी राजेश शिवहरे ने गत वर्ष एनजीटी के समक्ष याचिका दाखिल करके कस्बे में गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण को हटाकर साफ सफाई कराने की मांग की थी। एनजीटी ने इसको गंभीरता के साथ लिया था और सुनवाई करते हुए प्रशासन से नदी की रिपोर्ट तलब की थी।

इस याचिका पर अगली सुनवाई 9 मार्च को होनी है। इसके पूर्व प्रशासन ने इसको नदी की जगह बरसाती नाला मानकर रिपोर्ट प्रस्तुत की है जबकि याचिका कर्ता का दावा है कि यह वर्ष पर्यंत बहने वाली नदी है किसी हद तक यह दावा सही भी है क्योंकि इसमें वर्ष पर्यंत पानी रहता है।

यही सच जानने के लिए एनजीटी की टीम 3 फरवरी को मुख्यालय आ रही है 4 फरवरी को टीम मौके पर नदी का अवलोकन करके रिपोर्ट तैयार करेगी। रविवार को एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद ने एसडीएम सदर केडी शर्मा, तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य, वन विभाग की टीम के साथ नदी का भ्रमण करके रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

# अंतरराज्यीय साइबर ठगी के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** साइबर थाना प्रतापगढ़ द्वारा ऑनलाइन गेमिंग, ट्रेडिंग एवं लोन एप के माध्यम से की जा रही अंतरराज्यीय साइबर ठगी के प्रकरण में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया और उक्त अभियोग में इससे पूर्व 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस क्रम में वादी मुकदमा निवासी ग्राम वीवीपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ की तहरीर के आधार पर साइबर थाना में वादी पर मुकदमा के साथ अन्तर्जनपदीय साइबर अपराधियों के गिरोह के सदस्यों द्वारा लोन दिलाने का लालच देकर खाता खुलवाने व उसका इस्तेमाल साइबर अपराध में करने के सम्बन्ध में जांच विवेचना के क्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना दिवाकर सिंह मय हमराह द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त सूरज यादव पुत्र रामफेर यादव निवासी ग्राम खम्हरिया गंगाराम पोस्ट मझौवा बाबू हरैया जिला बस्ती को जनपद जौनपुर के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत सदर चौराहे से राजापाल टंकी की तरफ आने वाले मार्ग पर स्थित कांशीराम कालोनी, केपी कालेज ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01मोबाइल फोन,05 सिम,10 अदद डेबिट कार्ड, 01बैंक पासबुक बरामद किया गया है।

